IDBI BANK
CIN: L65190MH2004GOI148838

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : आईडीबीआई टॉवर,
डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड,
मुंबई - 400 005.
टेलिफोन : (+91 22) 6655 3355, 2218 9111
फैक्स : (+91 22) 2218 0411
वेबसाइट : www.idbi.com

IDBI Bank Limited
Regd. Office : IDBI Tower,
WTC Complex, Cuffe Parade,
Mumbai - 400 005.
TEL.: (+91 22) 6655 3355, 2218 9111
FAX : (+91 22) 2218 0411
Website : www.idbi.com

20 जुलाई 2017

The Manager (Listing) BSE Ltd., 25th Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai – 400 001	The Manager (Listing) National Stock Exchange of India Ltd., Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No.C/1, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra(E), Mumbai – 400 051

Dear Sir,

Annual Report of the Bank for FY 2016-17

In terms of Regulation 34 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we forward herewith (i) the Annual Report of the Bank for FY 2016-17 (ii) Declaration of Auditors' unmodified opinion on the Financial Results for FY 2016-17 and (iii) Business Responsibility Report of the Bank for FY 2016-17.

Kindly acknowledge receipt and take the above on record.

भवदीय
कृते आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

20/07/17
[पवन अग्रवाल]
कंपनी सचिव

संलग्न: उपर्युक्त

IDBI BANK

नई शुरुआत. नई उम्मीद. डिजिटल भारत.

New Start. New Hope. Digital India.



वार्षिक रिपोर्ट 2016 - 17

Annual Report 2016 - 17

MAHESH KUMAR JAIN TAKES CHARGE AS THE MD AND CEO OF IDBI BANK



Mahesh Kumar Jain has assumed charge as Managing Director & CEO of IDBI Bank with effect from April

आईडीबीआई ने एमएसएमई ग्राहक सभा का आयोजन किया

मुंबई | आईडीबीआई बैंक ने हाल ही में भारत भर में स्थित अपने 68 सेंटर्स पर एमएसएमई ग्राहक सभा का आयोजन किया। आयोजन का मुख्य लक्ष्य मौजूदा क्षेत्र में कार्यरत पदाधिकारियों और भावी एसएमईज ग्राहकों को फिर से एक बार मिलाना था। इसके साथ ही पिछला ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा रखने वाले एमएसएमईज और उच्चाधिकारियों का आभार और अभिनंदन करना था जिन्होंने अर्थ व्यवस्था और रोजगार सृजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर एमएसएमई क्षेत्र के लिए आईडीबीआई बैंक द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के प्रति जागरूकता भी कायम की गई। विभिन्न केंद्रों पर आयोजित इन सभाओं को बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्बोधित किया। इस

IDBI Bank raises ₹1,000 crore through bonds

IDBI Bank has mopped up Rs 1,000 crore through private placement of Basel-III compliant bonds. The bank will use the funds raised to strengthen its capital adequacy. "IDBI Bank has mobilised Rs 1,000 crore today through issue of Basel III

New Deputy Managing Directors of IDBI Bank

Shri Krishna Prasad Nair and Shri Gurudeo Madhukar Yadwadkar, Executive Directors, IDBI Bank Ltd., have been appointed as Whole-Time Directors, designated as Deputy Managing Director, on the Board of Directors of IDBI Bank Ltd.



Shri K. P. Nair joined IDBI in 1987 and worked in various departments including Corporate Finance, Retail Banking and Human Resources. He has worked at multiple locations across the country including as Zonal Head in Kolkata and New Delhi.



Shri G. M. Yadwadkar joined IDBI in 1987 and worked in various departments including Corporate Finance, Priority Sector Lending and Transaction Banking Group. He has worked at various locations and led the Bank's Large Corporate, Mid-Corporate and Priority Sector Groups. Presently, he was handling the Large Corporate Group and Strategic & Associates Investment portfolio of the Bank.

Award of coveted ISO22301:2012 Certification to IDBI Bank Ltd.

IDBI Bank has been awarded with much coveted & globally recognized ISO22301:2012 Certification for its Business Continuity Management System(BCMS)of Risk Management Department of the Bank. IDBI Bank is the first Public Sector Bank which has been awarded with



OTHERS MAY FOLLOW TOO

State Bank of Travancore also announced cut in benchmark lending rate by up to 0.3%

IDBI Bank Takes Lead in Lending Rate Cuts, Slashes 40 bps in One Go

Our Bureau

Mumbai: IDBI Bank has taken the lead in slashing interest rates by announcing a 40 basis points (bps) cut — one of the steepest in more than three years. Borrowers seeking three-year loans will be charged 9.30%, down 40 bps, while six-month loans have been pegged at 8.90%, down 30 bps. The bank will charge 9.10% on one-year loans against 9.30% now.

State Bank of Travancore, a subsidiary of SBI, too slashed benchmark lending rate by up to 0.3% on Friday. The bank has reduced marginal cost of funds based lending rate (MCLR) by

Other state-run banks such as the State Bank of India and Bank of India are expected to reduce their rates this weekend or early next week

tion that banks will announce steep cuts in lending rates after being nudged by the government to take measures to boost sentiments.

On Friday, chief executives of large commercial banks had discussed measures that could be taken to boost investment cycle and a steep reduction in rates was one of the suggestions, according to sources aware of

IDBI Bank first PSB to open IBU unit in GIFT

fe Bureau

Ahmedabad, May 6: IDBI has become the first public sector bank to open its IFSC Banking Unit (IBU) at the International Finan

IDBI Bank launches 'IDBI Express' for convenient, branchless banking

New Delhi June 14 , 2016 : IDBI Bank launched 'IDBI Express', an unique banking solution, enabling customers to bank at their chosen time and place beyond banking hours, without having to visit the Bank branch. Hon'ble Minster of State for Finance Shri Jayant Sinha launched the initiative in New Delhi. 'IDBI Express' assists customers to transact, transfer and use payment services. The highlight of 'IDBI Express' is its ability to offer other services like Jan Suraksha Schemes, Aadhaar, RuPay based transactions, Mudra, Stand Up India, Startup India facilities besides utility services and much more. This landmark initiative facilitates basic banking services to all its customers and is in line with its continuous efforts in financial inclusion. Speaking on the occasion, Hon'ble Minister of State for Finance, Shri Jayant Sinha said, "IDBI Bank's innovative initiative to make banking accessible to the masses is aligned with the financial inclusion efforts emphasized by our Hon'ble Prime Minister. IDBI Bank's revolutionary efforts for ensuring last mile reach through IDBI Express powered by technology is a very praiseworthy initiative."

IDBI Bank receives ASSOCHAM award

ASSOCHAM has instituted Awards for Excellence in MSE lending to banks and NBFCs in recognition of the performance in financing to micro, small and medium enterprises. IDBI Bank has received award in the category excellence in "Micro Lending" from Minister of State for MSME, Haribhai Parthibhai Chaudhary. The award was received by Lalita Sharma, Chief General Manager, Priority Sector on behalf of IDBI Bank.



The bank has been focusing more on MSME segment as well as MFI lending with various innovative products, corporate build by the bank. The growths under the segment during the last three years have been phenomenterprises. During the last financial year the bank surpassed the target under *Pradhan Mantri*

आईडीबीआई बैंक ने मनाया हिंदी सप्ताह



विषयवस्तु

कॉरपोरेट विहंगावलोकन

ii ग्राहकों को नवीनतम डिजिटल सुविधाएं देना

iv यथा 18 मई 2017 को निदेशक मंडल और कार्यपालक निदेशकगण

vi प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश

viii कुछ प्रमुख गतिविधियां

xii पुरस्कार एवं सम्मान

सांविधिक रिपोर्ट

2 निदेशकों की रिपोर्ट

16 प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

50 कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट

वित्तीय विवरण

148 एकल वित्तीय विवरण

262 समेकित वित्तीय विवरण

370 पिलर III प्रकटन

Contents

Corporate Overview

ii Offering Customers the Digital Edge

iv Board of Directors & Executive Directors as on May 18, 2017

vi Managing Director & CEO's Message

viii Some Major Events

xii Awards & Accolades

Statutory Reports

9 Directors' Report

33 Management Discussion and Analysis

100 Corporate Governance Report

Financial Statements

148 Standalone Financial Statements

262 Consolidated Financial Statements

370 Pillar III Disclosures

ग्राहक को नवीनतम डिजिटल सुविधाएं देना

भारत अपने नवीकृत वादे को पूरा करने में लगा है. अतीत को पीछे छोड़कर और नए दिन की प्रतीक्षा में. सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए यह उनमें से एक है जो नए भारत का उदय देखेगा. एक ऐसा भारत जो अपनी ताकत और क्षमताओं के बारे में बखूबी जानता है.

प्रत्येक नागरिक द्वारा अपने आप को सशक्त महूसस करना ही इस उभरते हुए राष्ट्र को गति देता है. अन्यान्य प्रेरक कारकों में से एक डिजिटलीकरण के बलबूते पर प्रगति की धाराओं ने आत्मविश्वास को पंख लगा दिए हैं जो सभी को साथ ले कर आगे बढ़ती है. सभी को सक्षम बनाती है, सभी को मजबूत बनाती है.

आईडीबीआई बैंक लोगों की भावी चुनौतियों का सामना करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है और इस प्रकार नागरिकों को अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है. अपने उत्पादों और सेवाओं को डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध कराना हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है. यही कारण है कि हमारी कई सेवाओं में आमूल-चूल परिवर्तन आया है और कुछ मामलों में हमने नई पहलों की भी शुरुआत की है.

आईडीबीआई बैंक ने बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में हमेशा ही ग्राहकों का साथ दिया है. पूरे देश में फैले ग्राहक आधार के साथ, आईडीबीआई बैंक दूर-दराज तक पहुंचने और विभिन्न ग्राहक वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करता है.

अपने विभिन्न पहल कार्यों के माध्यम से हमने बैंक को ग्राहकों तक पहुंचाया है और यह भी सुनिश्चित किया है कि हमारे ग्राहक अपने वित्त पर पूरा नियंत्रण रख सकें.

आनेवाले महीनों में आईडीबीआई बैंक और कई सेवाएं पेश करेगा, जिससे ग्राहक अपनी पसंद के स्थान और समय पर बैंकिंग संव्यवहार कर सकेंगे.

इस वादे को हकीकत में बदलने के लिए हमें अपने हितधारकों के सहयोग और सुझावों की प्रतीक्षा रहेगी.

Offering Customers the Digital Edge

India is in the throes of renewed promise. Leaving behind the past and looking forward to a new day. To all practical purposes it is one that will see a new India being born. An India knowledgeable about her strengths and abilities.

But what drives this emerging nation is the sense of empowerment every citizen feels. A surge of confidence brought about by the waves of progress powered by digitisation as one of the driving forces, that carries all. Enables all. And strengthens all.

IDBI Bank recognises the need for people to face the challenges ahead and thus enables citizens to seize the opportunity. By offering digitization of products and services that are in line with National goals. It is for this reason that a lot of our services have undergone a sea change and in some cases we have also launched new initiatives.

IDBI Bank has always partnered its customers in offering better banking services. With a customer base spread across the country, IDBI Bank offers scalability to reach the far distances and embrace the need of various customer segments.

Through our various initiatives we have brought the Bank to the customer and also ensured that our customers remain in control of their finances.

In the months ahead, IDBI Bank will introduce yet more services that enable the customer to bank at his choice of place and time.

We look forward to the support and inputs from our stakeholders in making this promise a reality.



आईनेट बैंकिंग - यह नेट बैंकिंग सेवा ग्राहकों को अपने वित्तीय संसाधनों से जुड़ने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए एक सुविधाजनक और सुरक्षित प्रणाली प्रदान करती है.

inet Banking - This net banking service offers customers a convenient and secure way to connect and control their finances.

पेविज़ - यूपीआई आधारित यह मोबाइल ऐप किसी भी बैंक के ग्राहक को बैंकों में बहुविध खातों को डाउनलोड तथा लिंक करने, पैसा भेजने एवं प्राप्त करने और लेन-देन की बहुत ही कम लागत पर क्यूआर कोड आधारित मर्चेंट भुगतान करने में सक्षम बनाता है.

PayWiz - This UPI based mobile App empowers customers of any bank to download and link multiple accounts across banks, send as well as collect money and make QR code based merchant payments at a very low cost of transaction.

पेएप्ट - यह मोबाइल वॉलेट सुविधा ग्राहकों को आईडीबीआई बैंक की सुदृढ़ प्रौद्योगिकी व्यवस्था से लाभ उठाने में सक्षम बनाती है. पेएप्ट के जरिए ग्राहक बड़ी आसानी से धन अंतरण, लेन-देन के साथ ऑनलाइन खरीदारी भी कर सकते हैं. इस वॉलेट की व्यापक पहुंच तथा स्वीकार्यता के लिए इसे एम-वीजा से युक्त किया गया है.

PayApt - This mobile wallet facility enables customers to benefit from IDBI Bank's strong technological backbone. With PayApt, customers can transfer, transact and also shop online with a single touch. The wallet has been further enhanced with m-Visa for wider reach and acceptability.

कार्ड उत्पाद - डेबिट, क्रेडिट और प्री-पेड कार्ड उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पेश करते हुए आईडीबीआई बैंक अपने ग्राहक समुदाय की विभिन्न जरूरतों को पूरा करता है. आईडीबीआई बैंक जो बेसिक कार्ड से लेकर प्रीमियम कार्ड तक अतिरिक्त ऐड-ऑन सेवाओं और सुविधाओं से सुसज्जित सभी प्रकार की सेवाएं प्रदान करता है.

Card Products - Offering a wide range of debit, credit and pre-paid card products, IDBI Bank caters to the diverse needs of its customer base. From basic cards to premium cards that offer a range of add-on services and facilities, IDBI Bank covers it all.

*99*49# - इस सेवा के जरिए आप स्मार्ट फोन या इंटरनेट डेटा पैक के बिना ही बैंकिंग तथा प्रेषण सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं. बेसिक मोबाइल हैंडसेट के जरिए अपना बैलेंस जानने, मिनी स्टेटमेंट प्राप्त करने अथवा तत्काल पैसा भेजने या पाने के लिए केवल *99# डायल करें.

*99*49# - This service enables you to access banking and remittance services without the need of a smartphone or internet data pack. Simply dial *99# to know your balance, get mini statement or send or receive money instantly through a basic mobile handset.

पीओएस मशीन और इंटरनेट पेमेंट गेटवे - यह गेटवे मर्चेंट को आसान ऑनलाइन भुगतान के लिए मोबाइल तथा इंटरनेट पेमेंट गेटवे पर पीओएस, एम-पीओएस और हाल ही में शुरू हुए भारत क्यूआर-पीओएस एप्लीकेशन के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने में समर्थ बनाता है.

POS Machines & Internet Payment Gateway - Enabling merchants to accept payment through POS, m-POS and the newly introduced Bharat QR-POS Application on mobile and Internet Payment Gateway for easy online payments.

एमपासबुक - यह कागज रहित द्विभाषी पासबुक आपको ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों रूपों में संचयित खाता लेन-देनों को देखने, कीवर्ड, टैग जोड़कर उन्हें वैयक्तिक बनाने और श्रेणियों द्वारा खर्चों की निगरानी करने, पाईचार्ट जेनरेट करने और ढेर सारी सुविधाएं प्राप्त करने में समर्थ बनाता है.

mPassbook - This paperless bilingual passbook enables you to view stored account transactions both in online and offline mode, personalize them by adding keywords, tag and monitor expenses by categories, generate pie-chart and much more.

गो मोबाइल - इस मोबाइल आधारित ऐप के जरिए, ग्राहक विभिन्न बैंकिंग लेन-देन करने के लिए विविध उपकरणों का इस्तेमाल कर सकते हैं. निर्बाध लेन-देन सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए यह सुविधा आसान बैंकिंग का अनुभव कराती है.

GoMobile - With this mobile based app, customers can use a variety of devices to carry out various banking transactions. Ensuring seamless transactional security, this facility enables a smooth banking experience.

अभय कार्ड कंट्रोल - इस मोबाइल ऐप के माध्यम से खाताधारक अपने आईडीबीआई बैंक डेबिट कार्ड पर नियंत्रण रख सकते हैं. कार्ड को ऑन/ऑफ स्विच करने, खाता शेष देखने, अंतर्राष्ट्रीय इस्तेमाल को नियंत्रित करने और इसी प्रकार की अन्य कई सुविधाएं पेश की जाती हैं.

Abhay Card Control - Through this mobile app account holders are able to gain control over their IDBI Bank Debit cards. A range of facilities are offered like switching card on / off, viewing account balance, controlling International usage and many more.

यथा 18 मई 2017 को निदेशक मंडल

Board of Directors as on May 18, 2017



श्री महेश कुमार जैन
(प्रबंध निदेशक एवं सीईओ)
Shri Mahesh Kumar Jain
(Managing Director & CEO)



श्री के. पी. नायर
(उप प्रबंध निदेशक)
Shri K. P. Nair
(Deputy Managing Director)



श्री जी. एम. यादवाडकर
(उप प्रबंध निदेशक)
Shri G. M. Yadwadkar
(Deputy Managing Director)



श्री पंकज जैन
Shri Pankaj Jain



श्री प्रवीण गर्ग
Shri Praveen Garg



श्री एस. रवि
Shri S. Ravi



श्री निनाद कर्पे
Shri Ninad Karpe



श्री ज्ञान प्रकाश जोशी
Shri Gyan Prakash Joshi



सुश्री नीरू अबरोल
Ms. Neeru Abrol



डॉ. आशिमा गोयल
Dr. Ashima Goyal

यथा 18 मई 2017 को कार्यपालक निदेशक

Executive Directors as on May 18, 2017



श्री पी. सीताराम
Shri P. Sitaram



सुश्री मैथिली बालसुब्रमणियन
Ms. Mythili Balasubramanian



श्री ए. एल. बोंगिरवार
Shri A. L. Bongirwar



श्री जी. ए. तड़स
Shri G. A. Tadas



डॉ. सौम्या एस. बैनर्जी
Dr. Saumya S. Banerjee



श्री सुरेश खटनहार
Shri Suresh Khatanhar



श्री इंद्रपाल एस. कालरा
Shri Inderpal S. Kalra



श्री माधव फड़के
Shri Madhav Phadke



श्री सुब्रतो गुप्ता
Shri Subroto Gupta



श्री सुनीत कुमार माथुर
Shri Suneet Kumar Mathur

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश

प्रिय शेयरधारको,

बैंक के एमडी एवं सीईओ के रूप में कार्यग्रहण करने के बाद इस संदेश के माध्यम से अपने शेयरधारकों को पहली बार संबोधित करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है.



वर्ष 2016-17 आपके बैंक के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा. इन चुनौतियों के बीच भी आपके बैंक ने उभरते अवसरों का लाभ उठाने के भरपूर प्रयास किए ताकि इसका कारोबार विशेष रूप से रिटेल और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के मोर्चे पर बढ़े और रणनीतिपरक पहल के जरिए संकेंद्रित जोखिम को कम करते हुए इस संबंध में विनियामक अपेक्षाओं को पूरा किया जा सके. आपके बैंक ने अपने बुनियादी कारोबार को सुधारने के लिए सतत् प्रयास जारी रखे जिसके परिणामस्वरूप कुछ मोर्चों पर बैंक को सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए, उनमें से कुछ की मैं चर्चा करना चाहूँगा.

अपने कारोबार संमिश्र में पुनर्संतुलन बैठाने पर हमने जोर दिया था, उसके सकारात्मक परिणाम इस बात से देखे जा सकते हैं कि जहां मार्च 2016 के अंत में हमारे रिटेल अग्रिम 33% थे, वे मार्च 2017 के अंत में बढ़कर 43% हो गए. वर्ष के दौरान आपके बैंक की कासा जमाराशियों और रिटेल मीयादी जमाराशियों में भी 22% से अधिक की वृद्धि हुई. इसके अलावा वर्ष के दौरान कासा जमाराशियों और रिटेल मीयादी जमाराशियों का हिस्सा भी बढ़कर क्रमशः 31% और 32% से अधिक हो गया. इसी के साथ थोक मीयादी जमा राशियों का हिस्सा भी घटकर 36% हो गया, जिससे हमें निधियों की लागत कम करने में एक हद तक मदद मिली. प्रति कर्मचारी कासा जमाराशियाँ भी बढ़कर 4.6 करोड़ रुपये हो गईं. वर्ष के दौरान बैंक की शुल्क आधारित आय में भी 6% की बढ़ोत्तरी हुई है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने ग्राहकों को सुखकर अनुभव प्रदान करने के लिए और तेजी से विस्तारित हो रहे डिजिटल जगत में खुद को सफलतापूर्वक स्थापित करने के लिए अपने प्रयास जारी रखे. इन प्रयासों के तहत बैंक ने विभिन्न प्रकार के अन्य पहल कार्यों के साथ यूपीआई ऐप *'पेविज'*, रिटेल इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए सोशल मीडिया बैंकिंग *'फेसबुक-आई इंगेज'* और एंड्रोइड प्लेटफॉर्म पर *'एम पासबुक'* नामक डिजिटल पासबुक जैसी कई डिजिटल सुविधाओं की शुरुआत की. इसके अलावा आपके बैंक ने भारत सरकार के वित्तीय समावेशन उद्देश्य में सहभागिता करते हुए सरकारी योजनाओं में पंजीयन बढ़ाने के लिए अपने नेटवर्क का पूरा लाभ उठाया. बैंकिंग जगत में इन पहल कार्यों के अलावा आपके बैंक ने स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, लैंगिक समानता, खेल, आजीविका अवसर, गांवों के समग्र विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विविध कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) परियोजनाओं को भी सक्रियतापूर्वक निधि सहायता उपलब्ध कराई.

चूंकि आपके बैंक ने अपनी कारोबार रणनीति में ग्राहक सेवा को सर्वोच्च स्थान पर रखा है, इसलिए अपने ग्राहक को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की बात को प्रत्येक कर्मचारी ने आत्मसात किया है. आपके बैंक के इस नज़रिये का ही यह परिणाम है कि इसे बीसीएसबीआई कोड अनुपालन रेटिंग 2017 में 'उच्च' रेटिंग प्राप्त हुई है और इसने उद्योग के अधिकांश बैंकों को पीछे छोड़ दिया है.

आपके बैंक के पहल कार्यों को बैंकिंग जगत व इससे इतर अन्य कई मंचों पर सराहना मिली है. आपके बैंक ने खुद को एक मान्य और विश्वसनीय ब्रांड के रूप में स्थापित किया है. इसकी पुष्टि मिलवार्ड ब्राउन की रिपोर्ट ब्रांड जेड से भी हो जाती है, जिन्होंने *'टॉप 50*

Managing Director & CEO's Message

Dear Shareholders,

It is my privilege to be addressing the shareholders of this Bank for the first time since I took charge as its MD & CEO through this message.

The year 2016 - 17 was a challenging year for your Bank. In the midst of these challenges, your Bank strived to tap the emerging opportunities to enable it to grow its business, especially on the retail and priority sector front, as a strategic move to minimise and mitigate concentration risk as well as meet regulatory requirements in this regard. As your Bank persisted in its efforts to improve its business fundamentals, it yielded positive results on some fronts, some of which I would like to highlight.

The thrust placed on rebalancing of the business mix has yielded positive results as can be evidenced from the rising share of retail advances to 43% as at end-March 2017 from 33% as at end-March 2016. Your Bank's CASA deposits as well as Retail Term Deposits both grew by over 22% during the year. Furthermore, the share of CASA Deposits and Retail Term Deposits has been progressively increased to over 31% and 32%, respectively, during the year. Correspondingly, there has also been reduction in the share of bulk term deposits to 36%, which has helped in driving down the cost of funds to an extent. CASA per employee also has risen to Rs. 4.6 crore. The Bank's fee income too has increased by over 6% during the year.

During the year under review, your Bank continued to make efforts for reimagining the customer experience and positioning it for success in an increasingly digital world. The efforts of the Bank saw introduction of a variety of new digital offerings such as its Unified Payments Interface (UPI) App *'PayWiz'*, Social Media Banking *'Facebook – iEngage'* for retail internet banking customers and digital passbook *'mPassbook'* on Android platform, among various other initiatives. Furthermore, your Bank partnered the Government of India in furthering the objective of financial inclusion by leveraging its network to enhance enrolments under the Government schemes. In addition to such initiatives in the banking space, your Bank proactively funded multiple Corporate Social Responsibility (CSR) interventions in varied areas such as healthcare services, education, gender equality, sports, livelihood opportunities and holistic development of villages, etc.

Since your Bank has accorded excellence in customer service as the crux of its business strategy, it is imbibed in every employee to serve its customers better and go the extra mile to cater to their requirements. This approach of your Bank has earned it a 'High' rating as per the BCSBI Code Compliance Rating 2017, outperforming most of the other banks in the industry.

Your Bank's initiatives in the banking space and beyond have been feted at various fora. Your Bank has carved a niche for itself as a recognized and trusted brand, also affirmed by the Millward Brown's Report Brand Z, which has rated it among the *'Top 50 Most Valuable Indian Brands'.* For its digital initiatives, your Bank

मोस्ट वैल्यूएबल ब्रांड्स' में बैंक को चुना है. आपके बैंक को इसके डिजिटल पहल कार्यों के लिए 6ठे एशिया पेसिफिक कस्टमर एंगेजमेंट फोरम में ट्रेंड सेटर अवार्ड श्रेणी के तहत *'नेट ऐप इनोवेशन अवार्ड 2017'* तथा अभय कार्ड कंट्रोल ऐप के लिए सबसे ज्यादा प्रभावशाली मोबाइल ऐप श्रेणी में सिल्वर अवार्ड मिले हैं. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के कारोबार में आपके बैंक के पहल कार्यों के लिए 2016 के राष्ट्रीय पुरस्कारों में एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित 'सूक्ष्म उद्यमों को उधार में उत्कृष्टता' हेतु प्रथम पुरस्कार तथा माइक्रो लेंडिंग के लिए एसोचेम एसएमई उत्कृष्टता पुरस्कार 2016 प्राप्त हुए.

हालांकि कुछ मोर्चों पर आपके बैंक ने अपना अच्छा काम जारी रखा, लेकिन इसके कार्य-निष्पादन पर गिरती आस्ति गुणवत्ता का साया मँडराता रहा और अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के साथ-साथ दबावग्रस्त आस्तियों में भी वृद्धि देखी गई. उच्चतर एनपीए और दबावग्रस्त आस्तियों के कारण प्रावधान बढ़ाना पड़ा, परिणामस्वरूप आपके बैंक की लाभप्रदता नकारात्मक हो गई और पूंजी पर्याप्तता अनुपात की स्थिति भी चिंताजनक हो गई. इन घटनाओं के चलते भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) को आपके बैंक पर 'त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई' (पीसीए) रूपरेखा लागू करनी पड़ी. हम लाभांश वितरण, शाखा विस्तार, पूंजीगत व्यय, सहायक संस्थाओं में निवेश आदि के संबंध में आरबीआई के दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित कर रहे हैं. देखा जाए तो इस पीसीए रूपरेखा ने हमें विनियामक रूपरेखा के मुक़ाबले आपके बैंक के कार्य-निष्पादन के लिए मानक स्तर बनाने का अवसर प्रदान किया है.

चुनौतियों को देखते हुए आपके बैंक ने एक व्यापक कायापलट रणनीति तैयार की है, जिसके तहत अपनी शक्तियों को प्रभावी रूप से इस्तेमाल कर लागत में कमी लाने वाले क्षेत्रों की पहचान करना व अधिकतम राजस्व प्राप्त करना है जिससे बैंक की सतत् प्रगति व लाभप्रदता सुनिश्चित की जा सके. बैंक की इस बहुमुखी कायापलट रणनीति में मुख्यतः छः बातों पर ध्यान दिया जा रहा है. ये हैं: आक्रामक वसूली तथा आस्तियों की और अनर्जकता को रोकना; नए संसाधन जुटाकर व जोखिम भारित आस्तियों को कम कर अल्प व दीर्घावधि में पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) में सुधार लाना; धारणीय कारोबार संमिश्र सुनिश्चित करने हेतु कॉरपोरेट ऋण बही में सीमित वृद्धि करते हुए रिटेल व प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र आस्ति आधार बढ़ाना; परिचालन लागत में कमी लाना; गौण आस्तियों की बिक्री तथा रिटेल उत्पादों की अप सेलिंग व क्रॉस सेलिंग. इस रणनीति से बैंक को मौजूदा कमियों को पहचानने और उनका समाधान ढूँढने में, अपनी मूल ताकत का सदुपयोग करने में तथा मौजूदा उत्पादों और प्रक्रियाओं को सुधारने में मदद मिलेगी. आपका बैंक सुस्थापित ब्रांड पहचान, उत्कृष्ट ग्राहक सेवा, नवोन्मेषी डिजिटल सुविधाओं, युवा व व्यावसायिक रूप से सुशिक्षित कार्यदल जैसी अपनी अंतर्निहित मूल शक्तियों का उपयोग करते हुए बैंकिंग जगत में अपनी स्थिति को और भी मजबूत बनाएगा. मुझे विश्वास है कि इन रणनीतिक पहल कार्यों तथा अपनी अंतर्निहित मूल शक्तियों के जरिये आपका बैंक अपने सामने मंडरा रही चुनौतियों से पार पाते हुए नए अवसरों की तलाश कर एक बेहतर, मजबूत और मूल्यवान बैंक के रूप में उभर कर सामने आएगा.

आपके बैंक का अब तक का सफर बैंक के शेयरधारकों के सतत् विश्वास और उत्साह, इसके ग्राहकों और व्यावसायिक साझेदारों के भरोसे और निष्ठा तथा इसके कर्मचारियों द्वारा वर्षों से दर्शाई गई प्रतिबद्धता और व्यावसायिकता का प्रतीक रहा है, जिसके लिए मैं इन सभी को धन्यवाद देता हूँ. मुझे विश्वास है कि आपके साथ मजबूत साझेदारी और आपके सतत् सहयोग के बल पर हम आपके बैंक को एक ऐसे बड़े, बेहतर और सुदृढ़ बैंक के रूप में स्थापित कर सकेंगे जो अपने हितधारकों को बेहतरीन मूल्य प्रदान करेगा.

शुभकामनाओं के साथ,

महेश कुमार जैन
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

was awarded the *'NetApp Innovation Awards 2017'* under the Trend Setter Award category and Silver Award for its Abhay Card Control App at the 6th Asia Pacific Customer Engagement Forum under the Most Admired Customer Engaged Mobile App category. The initiatives in the priority sector business saw your Bank being awarded the first prize for *'Excellence in Lending to Micro Enterprises'* at National Awards 2016, instituted by the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises (MSME), the Government of India and ASSOCHAM SME Excellence Award 2016 for its performance in Micro Lending.

Even as your Bank continued to perform well on some fronts, its performance was overshadowed by the deterioration in its asset quality, which saw rising level of Non-Performing Assets (NPA) as well as stressed assets. As a consequence of higher NPA and stressed assets, the provisioning rose, which in turn, negatively impacted the bottomline of your Bank and also raised concerns on the capital adequacy front. These developments have led to implementation of Prompt Corrective Action (PCA) framework on your Bank by Reserve Bank of India (RBI). We are ensuring that the RBI guidelines relating to distribution of dividend, branch expansion, capital expenditure, investment in subsidiaries, etc. are followed. In a way, the PCA framework has provided us with an opportunity to benchmark your Bank's performance against the regulatory framework.

In view of the challenges, your Bank has devised a comprehensive turnaround strategy that seeks to leverage its strengths and entails identification of areas for cost containment and revenue maximization that would help in ensuring sustainable growth and profitability for the Bank. The multi-pronged turnaround strategy broadly focuses on six areas: aggressive recovery and prevention of further slippages; improvement in Capital Adequacy Ratio (CAR) in the short and medium term through fresh resource raising as well as reduction in the risk weighted assets; increase in retail and Priority Sector Lending (PSL) asset base with limited growth in corporate loan book to ensure a more sustainable business mix; reduction in operational cost; sale of select non-core assets and upselling as well as cross-selling of retail products. This strategy will enable the Bank to identify and address the existing lacunae, capitalize on core strengths and improve existing products and processes. Your Bank will leverage its inherent core strengths such as recognized brand identity, excellent customer service, innovative digital offerings, and talent pool of a young and professionally qualified workforce to strengthen its position in the banking space. I am confident that these strategic initiatives, in conjunction with the inherent strengths of your Bank, will enable it to surmount the challenges confronting it and tap new opportunities to emerge a better, stronger and valuable bank.

Your Bank's journey so far is a testament to the continued confidence and encouragement of the Bank's shareholders, the trust and loyalty of its customers and business partners, and the commitment and professionalism of its employees exhibited over the years, for which I would like to thank them. With stronger partnerships and your continued support, I am sure that we will position your Bank as a bigger, better and stronger bank that delivers enormous value to its stakeholders.

With best wishes,

Mahesh Kumar Jain
Managing Director & CEO

कुछ प्रमुख गतिविधियां



आईडीबीआई बैंक को सूक्ष्म उद्यमों को उधार देने में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया. श्री नरेंद्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री ने श्री सुरेश खटनहार, कार्यपालक निदेशक को यह पुरस्कार प्रदान किया.

IDBI Bank was awarded First Prize for Excellence in Lending to Micro Enterprises at the National MSME Award Ceremony. Shri Narendra Modi, Hon'ble Prime Minister, handed over the Award to Shri Suresh Khatanhar, ED.

Some Major Events



श्री जयंत सिन्हा, माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार ने 'आईडीबीआई एक्सप्रेस', कम लागत वाले बैंकिंग मॉडल का उद्घाटन किया.

Shri Jayant Sinha, then Hon'ble Minister of State for Finance, GoI, inaugurated 'IDBI Express', a low-cost banking model.



आईडीबीआई बैंक ने मुंबई से मैंगलुरु तक खुले समुद्र में 1000 कि.मी. के तैराकी अभियान का विश्व रिकॉर्ड बनाने में सहयोग दिया. श्री पीयुष गोयल, माननीय केंद्रीय मंत्री तथा श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, आईडीबीआई बैंक ने फ्लैग ऑफ करते हुए इस अभियान को रवाना किया.

IDBI Bank supported the world record setting of a 1000 kms open water swim expedition from Mumbai to Mangaluru. The expedition was flagged off by Shri Piyush Goyal, Hon'ble Union Minister and Shri K. P. Nair, DMD, IDBI Bank.



श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ ने 20 अप्रैल 2017 को बेंगलुरु में कर्नाटक राज्य में बैंक के पहले करेंसी चेस्ट का उदघाटन किया.

Shri Mahesh Kumar Jain, MD & CEO, inaugurated the Bank's first Currency Chest in the State of Karnataka at Bengaluru on April 20, 2017.



स्थापना दिवस के अवसर पर भुवनेश्वर में एक अनाथालय में खाद्य पैकेटों का वितरण.

Distribution of food packets at an orphanage in Bhubaneswar on our Foundation Day.



60वें धम्म चक्र परिवर्तन दिन के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कृपाल तुमाने, माननीय सांसद ने श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में दीक्षाभूमि, नागपुर में आईडीबीआई बैंक के स्टॉल का उद्घाटन किया.

On the occasion of 60th Dhamma Chakra Pravartan Din, Chief Guest Shri Krupal Tumane, Hon'ble MP, inaugurated IDBI Bank's Stall at Dikshabhumi, Nagpur in the presence of Shri G. M. Yadwadkar, DMD.



आईडीबीआई बैंक ने अपनी 'लाइटनिंग ए बिलियन लाइव्स' परियोजना के लिए असोसिएशन ऑफ डेवलपिंग फाइनेंसिंग इंस्टिट्यूशन्स इन एशिया एंड द पैसिफिक (एडफिएप) पुरस्कार जीता. श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक ने मकाउ में सम्पन्न 40वीं एडफिएप वार्षिक बैठक में यह पुरस्कार प्राप्त किया.

IDBI Bank won the Association of Development Financing Institutions in Asia and the Pacific (ADFIAP) Award in "Environmental Development" for its project 'Lighting a Billion Lives'. Shri K. P. Nair, DMD, received the award at 40th ADFIAP Annual Meeting at Macau.



आईडीबीआई बैंक ने रोटरी क्लब, द्वारा आयोजित 'दि नागपुर वाकाथन एंड ड्रीम रन' का सह-प्रायोजन किया. यह कार्यक्रम विदर्भ क्षेत्र में किसानों के लिए जलसंभरों की स्थापना हेतु धन जुटाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था.

IDBI Bank co-sponsored 'The Nagpur Walkathon & Dream Run' organized by Rotary Club. The event was aimed at raising money for setting up watersheds for farmers in Vidarbha region.

कुछ प्रमुख गतिविधियां



आईडीबीआई बैंक ने असोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) के 56वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में अपने हिंदी प्रकाशन 'विकास प्रभा', द्विभाषिक प्रकाशन 'श्री वयम' और सीएसआर फिल्म 'तारु फिर हुआ सवेरा' के लिए 5 ट्रॉफियाँ जीतीं.

IDBI Bank won 5 trophies for its Hindi publication 'Vikas Prabha', bilingual publication 'Shree Vayam' and CSR Film 'Taru Phir Hua Savera' at the 56th Association of Business Communicators of India (ABCI) Annual Awards at Mumbai.



आईडीबीआई बैंक को काउंसिल फॉर फेयर बिजनेस प्रैक्टिसेस द्वारा दिए जाने वाले जमनालाल बजाज उचित व्यवहार पुरस्कार, 2016 से सम्मानित किया गया. श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक ने श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु, माननीय रेलमंत्री से यह पुरस्कार प्राप्त किया.

IDBI Bank won the Jamnalal Bajaj Uchit Vyavahar Puraskar, 2016 conferred by Council for Fair Business Practices. Shri K. P. Nair, DMD, received the award from Shri Suresh Prabhakar Prabhu, Hon'ble Minister of Railways.

Some Major Events



आईडीबीआई स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 25 फरवरी 2017 को विश्वविद्यालय स्टेडियम, मुंबई में एथलेटिक्स मीट 2017 का आयोजन किया गया. श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक ने इस समारोह का उद्घाटन किया.

Athletics Meet 2017 was organized by IDBI Sports Club on February 25, 2017 at University Stadium, Mumbai. The event was inaugurated by Shri G. M. Yadwadkar, DMD.



भारत भर में लगभग 660 स्थानों पर 'किसान संगोष्ठियों' का आयोजन कर किसान दिवस मनाया गया जिसमें 30,000 से अधिक किसानों ने भाग लिया. श्रीमती मैथिली बालसुब्रमणियन, कार्यपालक निदेशक ने गुजरात में लिम्बासी ग्राम में किसान संगोष्ठी की अध्यक्षता की.

Celebrating Farmer's Day by conducting 'Kisan Sangosthis' at around 660 locations across India with more than 30,000 farmers. Ms. Mythili Balasubramanian, ED chaired the Kisan Sangosthi at Limbasi Village in Gujarat.



चर्चगेट रेल्वे स्टेशन, मुंबई में 'स्वच्छता पखवाड़ा' का आयोजन और साफ-सफाई अभियान.

Observation of 'Swachhta Pakhwada' and carrying out cleaning activities at Churchgate Railway Station, Mumbai.



श्री किशोर खरात, तत्कालीन एमडी एवं सीईओ द्वारा आईडीबीआई बैंक के यूपीआई ऐप-पेविज़ का शुभारंभ.

Launching of IDBI Bank's UPI App – PayWiz by Shri Kishor Kharat, then MD & CEO.



आईडीबीआई बैंक ने जिम्नास्टिक उपकरण की खरीद के लिए युवा मामले एवं खेल निदेशालय, त्रिपुरा सरकार को सीएसआर के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की. इस अवसर पर श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक ने अर्जुन पुरस्कार और राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित, सुश्री दीपा कर्मकार और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित उनके कोच श्री बिश्वेश्वर नंदी को सम्मानित किया.

IDBI Bank provided financial assistance under CSR to Directorate of Youth Affairs and Sports, Govt. of Tripura for purchase of Gymnastics equipment. Shri K. P. Nair, DMD felicitated Ms. Dipa Karmakar, an Arjuna Awardee and Rajiv Gandhi Khel Ratna Awardee along with her coach Shri Bishweshwar Nandi, Dronacharya Awardee, on the occasion.



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में फ़र्रुखाबाद शाखा, उत्तर प्रदेश द्वारा वृक्षारोपण.

Tree plantation by Farrukhabad Branch, Uttar Pradesh to mark World Environment Day.

पुरस्कार एवं सम्मान

- बैंक की उच्च ब्रांड दृश्यता, ब्रांड निष्ठा और सुदृढ़ता को मान्यता देते हुए मिलवार्ड ब्राउन की रिपोर्ट ब्रांड जेड ने आईडीबीआई बैंक को भारत के 'सबसे मूल्यवान 50 भारतीय ब्रांडों में से एक' का दर्जा दिया है.
- आईडीबीआई बैंक ने काउंसिल फॉर फेयर बिजनेस प्रैक्टिसेस द्वारा 'सेवा उद्यम- वृहद' श्रेणी में दिया जाने वाला प्रतिष्ठित जमनालाल बजाज उचित व्यवहार पुरस्कार, 2016 जीता.
- आईडीबीआई बैंक को 'सूक्ष्म उद्यमों को उधार देने में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन' के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ. आईडीबीआई बैंक को उसके सूक्ष्म उद्यम उधार के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए एसोचेम एसएमई एक्सिलेन्स अवार्ड 2016 भी प्रदान किया गया.
- बैंक को 'फेसबुक बैंकिंग' के लिए ट्रेंड सेटर श्रेणी के अंतर्गत 'नेटएप नवोन्मेष पुरस्कार 2017' और 6ठे एशिया पैसिफिक कस्टमर एंगेजमेंट फोरम में इसके अभय कार्ड कंट्रोल एप के लिए रजत पुरस्कार प्राप्त हुआ.
- आईडीबीआई बैंक ने अपनी 'लाइटनिंग ए बिलियन लाइव्स' परियोजना के लिए 'पर्यावरण विकास' श्रेणी में असोसिएशन ऑफ डेवलपिंग फाइनेंसिंग इंस्टिट्यूशन्स इन एशिया एंड द पैसिफिक (एडफिएप) पुरस्कार जीता. इस परियोजना के अंतर्गत चार राज्यों के 100 गाँवों में प्रदूषण रहित ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराये गए हैं.
- आईडीबीआई बैंक की सीएसआर परियोजना वाश (जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य) को एशिया पैसिफिक कस्टमर एंगेजमेंट फोरम (एसेफ) स्वर्ण पुरस्कार और वार्षिक फिक्की सीएसआर अवार्ड्स में उत्कृष्टता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ. आईडीबीआई बैंक को लद्दाख में बाढ़ प्रभावित एक गाँव गोद लेने के लिए एसेफ रजत पुरस्कार भी प्राप्त हुआ.
- बैंक की संचार पहलों को असोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में और पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई पुरस्कार प्राप्त हुए.

Awards and Accolades

- Recognising its high brand visibility, brand trust and strength, Millward Brown's Report Brand Z rated IDBI Bank amongst the 'Top 50 Most Valuable Indian Brands'.
- IDBI Bank won the prestigious Jamnalal Bajaj Uchit Vyavahar Puraskar, 2016 in the category of 'Service Enterprises-Large' conferred by Council for Fair Business Practices.
- IDBI Bank received the first prize for 'Excellence in lending to Micro Enterprises' from Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi. IDBI Bank also won the ASSOCHAM SMEs Excellence Award 2016 for its performance in Micro Lending.
- The Bank received the 'NetApp Innovation Award 2017' under Trend Setter Category for 'Facebook Banking' and Silver Award at the 6th Asia Pacific Customer Engagement Forum in the category 'Most Admired Customer Engaged Mobile App' for its Abhay Card Control App.
- IDBI Bank won the Association of Development Financing Institutions in Asia and the Pacific (ADFIAP) Award in 'Environmental Development' for its project 'Lighting a Billion Lives' where clean energy solutions were provided to 100 villages across four States.
- IDBI Bank's CSR project, WaSH (Water, Sanitation and Hygiene) won the Asia Pacific Customer Engagement Forum (ACEF) Gold Award 2016 and Certificate of Excellence at the Annual FICCI CSR Awards. IDBI Bank also won ACEF Silver Award for adoption of a flood affected village in Ladakh.
- The Bank's communication initiatives won awards in various categories at the Annual Awards of the Association of Business Communicators of India (ABCI) and the Public Relations Council of India (PRCI).

निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक के कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर नीतिगत सुधारों और स्थूल आर्थिक स्थितियों में सुधार के चलते अच्छी रही. इस पृष्ठभूमि में, आपके बैंक ने अपने पोर्टफोलियो संमिश्र को रिटेल तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार की दिशा में ले जाने का प्रयास किया. बैंक के प्रमाणित आईटी कौशल का उपयोग, डिजिटल उत्पादों तथा डिलीवरी चैनलों में नवोन्मेषण, प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण, परियोजना सलाहकारी तथा ऋण समूहन कारोबार जैसी मूल क्षमताओं का लाभ उठाना, युवा एवं प्रतिभा सम्पन्न मानव पूंजी जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण कारोबारी समर्थकारकों ने सभी हितधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने में बैंक की तत्परतापूर्वक सहायता की है.

वित्तीय विशेषताएं

यथा 31 मार्च 2017 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां और अग्रिम क्रमशः ₹ 2,68,538 करोड़ तथा ₹ 1,90,826 करोड़ रहे. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं तालिका 1 में दी गई हैं:

तालिका 1 : प्रमुख वित्तीय विशेषताएं


(₹ करोड़ में)

यथा 31 मार्च की स्थिति	2016	2017
पूंजी	2,058.81	2,058.81
रिज़र्व और अधिशेष	25,662.97	20,504.83
जमाराशियां	2,65,719.83	2,68,538.10
उधार राशियां	70,591.64	56,363.98
अन्य देयताएं और प्रावधान	11,356.57	14,302.18
कुल देयताएं	**3,75,389.82**	**3,61,767.90**
नकदी और रिज़र्व बैंक के पास शेष	13,822.91	13,346.92
बैंकों के पास शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	9,777.63	19,337.16
निवेश	92,997.13	92,934.41
अग्रिम	2,15,893.45	1,90,825.93
अचल और अन्य आस्तियां	42,898.70	45,323.48
कुल आस्तियां	**3,75,389.82**	**3,61,767.90**
इस अवधि में	**2015-16**	**2016-17**
कुल आय	31,453.46	31,758.97
कुल व्यय (प्रावधान छोड़कर)	26,083.39	27,180.51
प्रावधान (कर छोड़कर)	10,340.82	13,196.47
कर - पूर्व का लाभ / (हानि)	(4,970.75)	(8,618.01)
कर के लिए प्रावधान*	(1,305.95)	(3,459.87)
कर - पश्चात् लाभ / (हानि)	(3,664.80)	(5,158.14)

** वर्तमान आयकर और आस्थगित आयकर को घटाकर*


अग्रिमों की प्रवृत्तियां

[₹ लाख करोड़ में]



जमाराशियों की प्रवृत्तियां

[₹ लाख करोड़ में]



समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक की कुल आय ₹ 31,759 करोड़ रही जिसमें ₹ 27,791 करोड़ की ब्याज आय और ₹ 3,968 करोड़ की अन्य आय शामिल है. कुल व्यय (प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं को छोड़कर) ₹ 27,180.52 करोड़ रहा जिसमें ब्याज व्यय ₹ 22,040 करोड़ और परिचालनगत व्यय ₹ 5,141 करोड़ शामिल हैं.

तथापि, बैंक के पोर्टफोलियो पर निरंतर दबाव के चलते आपके बैंक का कुल प्रावधान बढ़ गया. प्रावधानों में अनर्जक आस्तियों, बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋणों तथा निवेशों के लिए प्रावधान के प्रति ₹ 13,875.09 करोड़ की राशि शामिल है. परिणामस्वरूप आपके बैंक को वर्ष 2016-17 के दौरान ₹ 5,158.14 करोड़ की निवल हानि हुई.

₹ 10 के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर के लिए वर्ष के दौरान प्रति शेयर उपार्जन (ईपीएस) ₹ 25.05 रहा, जबकि मार्च 2017 के अंत में प्रति शेयर बही मूल्य (अगोचर आस्तियों को छोड़कर) ₹ 55.51 रहा. प्रति शेयर बही मूल्य की गणना करने के लिए भारत सरकार द्वारा किए गए ₹ 1900 करोड़ के पूंजी निवेश को हिसाब में लिया गया है जो शेयरों के आबंटन के लंबित होते हुए वित्तीय विवरणों में अन्य देयता का भाग है. वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए निदेशक मंडल ने किसी लाभांश की सिफारिश नहीं की है.

समेकित वित्तीय विवरण में शामिल सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यम के कार्य-निष्पादन और वित्तीय स्थिति पर रिपोर्ट

(₹ '000 में)

संस्था का नाम	निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर		लाभ या हानि में हिस्सा	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में	राशि	समेकित लाभ या हानि के % के रूप में	राशि
1	2	3	4	5
मूल : आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	95.94%	22,563.65	103.50%	(5,158.14)
सहायक संस्थाएं :				
भारतीय :				
1. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लि.	1.39%	326.79	-0.28%	13.74
2. आईडीबीआई इंटेक लि.	0.20%	46.07	-0.28%	13.95
3. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लि.	0.44%	104.42	-0.15%	7.26
4. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि.	0.01%	1.20	0.00%	0.13
5. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि.	0.64%	151.58	-0.84%	41.96
विदेशी :	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
सभी सहायक संस्थाओं में अल्पसंख्यक हित	0.30%	70.57	-0.38%	19.01
सहयोगी कंपनियां (इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय				
1. बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	-0.01%	0.45
2. नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	-0.52%	26.16
3. एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	-0.72%	36.05
4. पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	-0.20%	9.89

(₹ '000 में)

संस्था का नाम	निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर		लाभ या हानि में हिस्सा	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में	राशि	समेकित लाभ या हानि के % के रूप में	राशि
1	2	3	4	5
विदेशी :	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
संयुक्त उद्यम				
(आनुपातिक समेकन के अनुसार / इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय				
1. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1.39%	325.87	-0.50%	24.99
विदेशी	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल	100%	23,519.59	100%	(4,983.56)
विलोपन	-1.09%	(257.28)	0.65%	(32.35)
निवल कुल	98.91%	23,262.31	100.65%	(5,015.91)

नोट: उपर्युक्त किसी भी सहायक संस्था की कोई सहायक संस्था नहीं है.

आईडीबीआई बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्त्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं, यदि कोई हों, जो वित्तीय वर्ष के अंत और बोर्ड की रिपोर्ट की तारीख के दौरान उत्पन्न हुई हों :

बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले ऐसे कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएँ नहीं हैं जो बैंक के वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात् 31 मार्च 2017 और निदेशकों की रिपोर्ट की तारीख अर्थात् 18 मई 2017 के दौरान उत्पन्न हुईं.


वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता के संबंध में ब्यौरे :

बैंक के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाएँ हैं जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में यथोचित आश्वासन प्रदान करते हैं. इन नियंत्रणों और प्रक्रियाओं को विभिन्न नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रमाणनों के माध्यम से संचालित किया जाता है. इन प्रक्रियाओं और नियंत्रणों की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है.

पूंजी पर्याप्तता

आपका बैंक बासेल-III ढांचे के पिलर-I दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित रूप में ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता की गणना करता है.

सीआरएआर की प्रवृत्ति



31 मार्च 2017 को आपके बैंक का जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) 10.25% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षाओं की तुलना में 10.70% रहा. आपके बैंक का सामान्य इक्विटी टीयर 1 (सीईटी 1) अनुपात रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 6.75% (1.25% पूंजी संरक्षण बफर अर्थात् सीसीबी सहित) के न्यूनतम लागू सीईटी 1 अनुपात की तुलना में 5.64% था. टीयर 1 अनुपात 8.25% (सीसीबी सहित) की विनियामक अपेक्षाओं की तुलना में 31 मार्च 2017 को 7.81% रहा.

बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार 31 मार्च 2016 से अनिवार्य पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) बनाने की शुरुआत की गई है. सीसीबी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंक सामान्य अवधियों के दौरान (अर्थात् दबावग्रस्त अवधियों को छोड़कर) सुरक्षित भंडार निर्मित करें जिसे दबावग्रस्त अवधियों के दौरान होने वाली हानियों के मामले

में आहरित किया जा सके. विनियामक दिशानिर्देशों की संक्रमणकालीन व्यवस्थाओं के अनुरूप 31 मार्च 2017 के लिए लागू सीसीबी 1.25% (2.5% के कुल सीसीबी का 50%) है. तदनुसार कुल पूंजी+सीसीबी की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा 10.25% (सीआरआर+सीसीबी) है. आपके बैंक का जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) 10.70% रहा. इसी प्रकार आपके बैंक का सीईटी 1 + सीसीबी अनुपात 5.64% रहा.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर II मानदंडों के अनुरूप आंतरिक पूंजी पर्याप्तता अभिनिर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है जो बैंक को पिलर-I में शामिल नहीं किए गए जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन करने और उनका परिमाण निर्धारित करने और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में जोखिमों का प्रबंध करने के लिए उपयुक्त रणनीतियां तैयार करने में समर्थ बनाती है. आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के अंतर्गत पिलर III अपेक्षाओं के अनुसार एक प्रकटन नीति अपनायी है और तदनुसार हरेक तिमाही की समाप्ति पर बैंक की वेबसाइट पर प्रकटन उपलब्ध कराये जाते हैं.

कारोबार रणनीति

पोर्टफोलियो संमिश्र का पुनर्संतुलन आपके बैंक की कारोबारी रणनीति एक अहम पहलू बना रहा. अपनी कारोबारी रणनीति के अनुरूप आपके बैंक ने रिटेल तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र खंडों को लक्ष्यित करते हुए विभिन्न उपाय किए.


आपका बैंक अपने शाखा तथा एटीएम नेटवर्क को रणनीतिक रूप से विस्तारित करते हुए अपनी पहुँच बढ़ा रहा है. इसके अलावा, डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में एक अग्रणी खिलाड़ी होने के नाते आपका बैंक अपने ग्राहकों की बैंकिंग तथा वित्तीय जरूरतों को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए डिजिटल ऑफरिंग्स प्रदान करने के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर रहा है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण लाना जारी रखा जिससे इसकी परिचालनगत सुविधाओं में सुधार लाने में सहायता मिली और इसकी प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं की कार्यकुशलता तथा सुरक्षा में भी बढ़ोत्तरी हुई.

मुख्य कारोबारी पहल-कार्य


अधिक संतुलित कारोबार पोर्टफोलियो संमिश्र प्राप्त करने के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप आपके बैंक ने अपने रिटेल कारोबार को बढ़ावा देने के लिए पहल-कार्य करना जारी रखा. आपका बैंक अन्य के साथ-साथ आस्ति, देयता, अन्य पक्ष तथा पूंजी बाजार उत्पादों को शामिल करते हुए उत्पादों तथा सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराता है. अपनी शाखाओं, एटीएमों तथा डिजिटल चैनलों के माध्यम से आपका बैंक ग्राहकों की निरंतर बदलती तथा उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों तथा सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है. आपका बैंक अपनी प्रतिस्पर्धी बढ़त को बनाए रखने के लिए अपने मौजूदा उत्पादों और सेवाओं को परिष्कृत कर रहा है और विभिन्न रिटेल खंडों में ग्राहक की जरूरतों के मुताबिक उत्पाद एवं सेवाएँ भी तैयार कर रहा है.

रिटेल ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए आपका बैंक अपने शाखा एवं एटीएम नेटवर्क को रणनीतिक रूप से बढ़ाकर अपनी बैंकिंग मौजूदगी को विस्तारित करने के लिए सतत् प्रयासरत रहा. 31 मार्च 2017 को आपके बैंक के नेटवर्क में 1,896 शाखाएँ (एक विदेश स्थित शाखा और एक अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग यूनिट सहित) और 3,537 एटीएम शामिल थे.

शाखा नेटवर्क में वृद्धि



एटीएम नेटवर्क में वृद्धि



आपके बैंक ने ग्राहकों को उनकी सुविधा के अनुसार बैंकिंग संव्यवहार करने के लिए विभिन्न डिजिटल अवसर उपलब्ध कराने के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकी समाधानों का तत्परतापूर्वक उपयोग किया है. आपके बैंक के डिजिटल बैंकिंग चैनलों अर्थात् एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, कियोस्क, ई-लाउंज सुविधा आदि को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि वे ग्राहकों को निर्बाध रूप से बैंकिंग सेवाओं की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध करा सकें. डिजिटल पहल कार्यों में अग्रणी होने के अलावा आपका बैंक ग्राहकों के लेन-देनों, सूचना और डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है. डिजिटल चैनलों के माध्यम से लेनदेन करते समय ग्राहक के लिए विश्वसनीय और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए अत्यधिक परिष्कृत प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने के अलावा आपका बैंक ई-मेल, एसएमएस तथा आवधिक आधार पर बैंक विवरणों के साथ भेजी जाने वाली सामग्रियों के जरिए अपने ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ियों तथा उनकी रोकथाम से बारे में जागरूक करता है.

विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन में और साथ ही संभाव्य कारोबारी अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने विभिन्न पहल कार्यों तथा अभियानों के जरिए अपने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार कारोबार के संवर्धन की दिशा में कार्य किया. आपका बैंक अपनी पहुँच को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र खंड तक, विशेषकर ग्रामीण तथा अर्द्धशहरी क्षेत्रों में बढ़ाने के लिए अपनी शाखा तथा एटीएम नेटवर्क के अलावा अपने कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) / कारोबार सुगमकर्ता (बीएफ) नेटवर्क का भी लाभ उठा रहा है और इस प्रकार एक टिकाऊ पीएसएल पोर्टफोलियो का निर्माण कर रहा है.

अर्थव्यवस्था में समावेशी वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आपका बैंक वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए नीति निर्माताओं के साथ सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहा है. चार प्रमुख क्षेत्रों अर्थात् बैंकिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में विस्तार, उपयुक्त वित्तीय उत्पादों की पेशकश, प्रौद्योगिकी के गहन प्रयोग तथा वित्तीय साक्षरता में बढ़ोतरी में अपनी मध्यवर्तिता के माध्यम से आपका बैंक समाज के सबसे कमजोर वर्गों द्वारा अपेक्षित उपयुक्त वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं तक निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किफायती लागत पर उनकी पहुंच सुनिश्चित करता रहा है.

आपके बैंक के कॉरपोरेट बैंकिंग पोर्टफोलियो में अन्य के साथ-साथ बिजली, वस्त्र उद्योग, सीमेंट, इस्पात, इंजीनियरिंग, निर्माण, कागज एवं कागज उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल उपकरण, चीनी, रसायन, ऑटोमोबाइल, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एक्सपोजर शामिल है. कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए आपके बैंक के आस्ति उत्पाद समूह में अन्य के साथ-साथ मीयादी ऋण, कार्यशील पूंजी (निधि आधारित तथा गैर-निधि आधारित दोनों), निर्यातकों को पैकिंग ऋण, प्राप्य राशियों की खरीद, बिल भुनाई, एनबीएफसी को उधार शामिल हैं. आपका बैंक विभिन्न क्षेत्रों के लिए परियोजना मूल्यांकन, ऋण समूहन, संरचनागत और सलाहकारी सेवाएँ प्रदान करने में सक्रिय रहा है. वर्ष के दौरान आपके बैंक को मूल्यांकन और ऋण समूहन के कई अधिदेश प्राप्त हुए.

हालांकि वर्ष 2016-17 में सरकार की ओर से कई नीतिगत सुधार कार्यक्रम जारी किए गए, मुख्य क्षेत्र के उद्योगों एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के समक्ष मामूली लाभप्रदता तथा चलनिधि की कमी की चुनौती के चलते दबाव की स्थिति बनी रही. चूंकि आपका बैंक ऐतिहासिक रूप से इन औद्योगिक क्षेत्रों के लिए एक प्रमुख उधारदाता रहा है, वर्ष के दौरान बैंक के कॉरपोरेट अग्रिम पोर्टफोलियो में दबाब बना रहा. तथापि बैंक ने संयुक्त उधारदाता फोरम (जेएलएफ) के तत्वावधान में रणनीतिक ऋण पुनर्संरचना (एसडीआर), दबावग्रस्त आस्तियों की टिकाऊ संरचना हेतु योजना (एस4ए), 5/25 संरचना आदि जैसे उपलब्ध विनियामक ढांचे के भीतर इन दबाबग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए आवश्यक उपाय शुरू किए हैं. बैंकिंग विनियमन अधिनियम में हालिया संशोधन और जेएलएफ व्यवस्था के बारे में रिज़र्व बैंक द्वारा जारी संशोधित दिशानिर्देशों के चलते बैंक चालू वर्ष में इन दबाबग्रस्त आस्तियों के त्वरित समाधान की आशा करता है.

आपका बैंक अपने परिपूर्ण प्राधिकृत व्यापारी व्यापार वित्त केन्द्रों तथा रिटेल व्यापार वित्त शाखाओं के माध्यम से अपने व्यापार वित्त कारोबार का संचालन करता है. आपके बैंक ने प्रभावशाली वृद्धि प्रदर्शित करना जारी रखी और व्यापार वित्त कारोबार में ग्राहक समाधान सृजित करने के लिए अपने ग्राहकों के साथ मिलकर काम करते हुए नए सेवा मानदंड स्थापित किए हैं. आपके बैंक में चल रहे डिजिटल रूपान्तरण के एक भाग के रूप में, आईडीबीआई ई-ट्रेड पोर्टल-एक नवोंमेषी ऑनलाइन सुविधा-को नया रूप दिया गया ताकि ग्राहक कागज-रहित पद्धति तथा झंझट-मुक्त तरीके से विभिन्न प्रकार की व्यापार वित्त सुविधाएं प्राप्त कर सकें.

आपका बैंक केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्राप्तियों तथा भुगतानों का प्रबंध करने के लिए उनके एजेंट के रूप में कार्य करता है. केंद्र सरकार के विभिन्न करों को संग्रहित करने के लिए प्राधिकृत होने के अलावा आपके बैंक को रेलवे मालभाड़ा प्रभारों तथा वाणिज्यिक कर के इलेक्ट्रॉनिक भुगतान और 23 राज्य सरकारों तथा 4 संघ राज्य क्षेत्रों के लिए अन्य सरकारी प्राप्तियों को संग्रहित करने के लिए भी अधिदेश प्राप्त है.

आपके बैंक को भारत बिल पेमेंट (बीबीपीएस) - रिज़र्व बैंक अधिदेशित प्रणाली - के लिए सिद्धांत रूप में अनुमोदन प्राप्त है जिसका उद्देश्य देश भर में एकीकृत तथा अंतर-परिचालनीय बिल भुगतान प्रणाली उपलब्ध कराना है.

आपका बैंक गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में भारत के पहले तथा एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में अपनी आईएफएससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू) खोलने वाला सरकारी क्षेत्र का पहला बैंक बना. आपका बैंक अपनी गिफ्ट आईबीयू शाखाओं तथा दुबई इंटरनेशनल फाइनेंसियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में अपनी समुद्रपारीय शाखा के माध्यम से भारतीय कॉरपोरेट ग्राहकों के भारतीय परिचालनों और समुद्रपारीय उद्यमों के लिए उनकी निधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करता है.

सामाजिक रूप से उत्तरदायी संस्था बनने के अपने प्रयास में आपका बैंक कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यकलापों के महत्व को समझता है और इसने कंपनी अधिनियम 2013 के अनुपालन में 1 अप्रैल 2014 से बोर्ड अनुमोदित सीएसआर नीति कार्यान्वित की है. आपके बैंक के सीएसआर कार्यकलाप समाज के सतत् सामाजिक तथा आर्थिक विकास में योगदान देने में बैंक

की प्रतिबद्धता दर्शाते हैं. आपका बैंक अपने विभिन्न सीएसआर कार्यकलापों के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं तक लोगों की पहुँच बढ़ाने, बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने, लिंग समानता को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों के संवर्धन तथा उनकी स्थापना, खेल-कूद को प्रोत्साहन, आजीविका अवसरों में वृद्धि, व्यावसायिक और रोजगारपरक कौशल के विकास तथा सुनियोजित मध्यवर्तिता द्वारा गांवों के सर्वांगीण विकास में योगदान देता रहा है.

वर्ष के दौरान किए गए बैंक के पहल कार्यों का विस्तृत ब्योरा वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल का आधार व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013, आपके बैंक के संस्था अन्तर्नियम और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में यथा परिकल्पित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं द्वारा नियंत्रित है. बोर्ड सीधे तौर पर और आपके बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए गठित अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

31 मार्च 2017 को आपके बैंक के बोर्ड में नौ निदेशक थे, जिनमें प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ), दो उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी), दो गैर-कार्यपालक निदेशक और चार स्वतंत्र निदेशक थे. यथा 31 मार्च 2017 को बोर्ड में श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, श्री के. पी. नायर तथा श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, श्री पंकज जैन तथा श्री प्रवीण गर्ग, गैर-कार्यपालक निदेशक के रूप में केंद्र सरकार के सरकारी नामिती; श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी तथा सुश्री नीरू अबरोल, स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल थे. संस्था के अंतर्नियम के अंतर्नियम 116(1) के अंतर्गत निर्दिष्ट 13 निदेशकों की अधिकतम संख्या की तुलना में बोर्ड में 9 (नौ) निदेशकों की संख्या संस्था अंतर्नियम के अंतर्नियम 114(ए) की अपेक्षाओं को पूरा करती है.

शीर्ष समितियां

आपके बैंक के कारोबार और परिचालन के विभिन्न कार्य पहलुओं की देख-रेख करने के लिए बोर्ड की पंद्रह उप समितियां अर्थात् बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति, पारिश्रमिक समिति, कार्यपालक समिति, नामांकन समिति, हितधारक संबंध समिति, मानव संसाधन संचालन समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, वसूली समीक्षा समिति, जोखिम प्रबंध समिति, स्वतंत्र निदेशक समिति, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति, असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति, ग्राहक सेवा समिति, इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति एवं सूचना प्रौद्योगिकी समिति हैं.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन की बेहतर पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. आपके बैंक की यह मान्यता है कि प्रभावी कॉरपोरेट अभिशासन सिर्फ विनियामक अनुपालन की आवश्यकता मात्र नहीं है बल्कि हितधारकों के मूल्य में वृद्धि के लिए एक सुसाध्यकारक भी है. आपके बैंक में अपनाई जा रही कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के अंतर्गत एक अलग खंड के रूप में दिया गया है.

कारोबार दायित्व रिपोर्ट

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दिनांक 22 दिसंबर 2015 की अपनी अधिसूचना के जरिए बीएसई और एनएसई में बाजार पूंजीकरण के आधार पर सूचीबद्ध 500 शीर्ष कंपनियों के लिए वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग के रूप में कारोबार दायित्व (बीआर) रिपोर्ट का समावेशन अनिवार्य कर दिया है. कारोबार दायित्व रिपोर्ट में सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन परिप्रेक्ष्य में आरंभ किए गए पहल-कार्यों का वर्णन होना चाहिए. बैंक की कारोबार दायित्व रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर प्रदर्शित की गई है.

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अंतर्गत विवरण

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान ऐसा कोई कार्मिक पूरे वर्ष आपके बैंक की सेवा में नहीं रहा जिसे ₹ 1.02 करोड़ से अधिक वार्षिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, बैंक की सेवा में वर्ष की किसी आंशिक अवधि के लिए ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे बैंक की सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह ₹ 8.50 लाख से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष अथवा उसके किसी हिस्से के दौरान ऐसा कोई कार्मिक नियुक्त नहीं किया गया जिसे बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अथवा उप प्रबंध निदेशक द्वारा आहरित कुल पारिश्रमिक की दर से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो और जिसके पास अथवा जिसके पति/पत्नी और आश्रित बच्चों के पास बैंक के 2% इक्विटी शेयर से कम शेयर धारित न हों.

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा का अर्जन तथा व्यय

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(एम) के प्रावधान आपके बैंक पर लागू नहीं हैं. तथापि, आपका बैंक अपने परिचालनों में सूचना प्रौद्योगिकी का निरंतर प्रयोग कर रहा है.

भारतीय रिज़र्व बैंक की त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई

आपके बैंक की उच्च निवल अनर्जक आस्तियों (एनपीए) और आस्तियों पर नकारात्मक प्रतिलाभ (आरओए) को देखते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने 5 मई 2017 के अपने पत्र के जरिए आपके बैंक के लिए त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) शुरू कर दी है. बैंक इस संबंध में रिज़र्व बैंक के निदेशों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहा है.

निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

निदेशक मंडल एतद्द्वारा घोषणा और पुष्टि करता है कि:

क. वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है. साथ ही तात्त्विक रूप से अनुसरण न किये गये मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उनका निरंतर प्रयोग किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं एवं अनुमान लगाए हैं जो लेखा वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और इसी अवधि में आपके बैंक के लाभ अथवा हानि की सही एवं उचित तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए यथोचित तथा विवेकपूर्ण हैं;

ग. निदेशकों ने आपके बैंक की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए विनियामक प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रख-रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है;

घ. निदेशकों ने चालू संस्था के आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए हैं;

ङ. निदेशक मंडल ने बैंक द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं तथा कि ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं; और

च. निदेशक मंडल ने लागू सभी नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की हैं तथा कि ये प्रणालियाँ पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं.

आभार

आपके बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) और अन्य सभी सांविधिक/ विनियामक प्राधिकरणों को उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभारी है. निदेशक मंडल विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य बैंकों / वित्तीय संस्थाओं का भी उनके द्वारा दिये गये सहयोग और सहायता के लिए आभार मानता है. निदेशक मंडल विभिन्न बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय बैंकों/ संस्थाओं से समय-समय पर मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता है. बोर्ड अपने सभी निष्ठावान शेयरधारकों और ग्राहकों का भी वर्ष के दौरान उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए हृदय से अत्यंत आभारी है और भविष्य में भी उनसे सतत् सहयोग की अपेक्षा करता है. वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को बैंकिंग क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए. बैंक के प्रयासों को मिली सराहना के लिए बोर्ड इन सभी संस्थाओं / एजेंसियों का आभारी है. निदेशक मंडल अपने समस्त स्टाफ की निष्ठापूर्ण और समर्पित सेवाओं की सराहना करता है और बैंक के प्रति उनकी वचनबद्धता का अत्यधिक सम्मान करता है.

[के.पी. नायर]
उप प्रबंध निदेशक

[महेश कुमार जैन]
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान : मुंबई
दिनांक : 18 मई 2017

Directors' Report

Your Bank's Board of Directors is pleased to present the Report on its business and operations for the financial year ended March 31, 2017.

In the financial year 2016-17, the Indian economy's growth was healthy, buoyed by policy reforms and improving macroeconomic fundamentals. Against this backdrop, your Bank strived to realign its portfolio mix in favour of retail and priority sector lending business. Various critical business enablers such as leveraging on the Bank's proven IT prowess, innovations in digital products and delivery channels, digitisation of process, capitalising on areas of core competencies such as project advisory and loan syndication business, young and talented human capital, among others has adeptly assisted the Bank to enhance value for all its stakeholders.

Financial Highlights

As on March 31, 2017, your Bank's aggregate deposits and advances touched ₹ 2,68,538 crore and ₹ 1,90,826 crore, respectively. Your Bank's business highlights for the period under review are presented in Table 1.


Table 1 : Key Financials

(In ₹ crore)


As on March 31	2016	2017
Capital	2,058.81	2,058.81
Reserves & Surplus	25,662.97	20,504.83
Deposits	2,65,719.83	2,68,538.10
Borrowings	70,591.64	56,363.98
Other Liabilities & Provisions	11,356.57	14,302.18
Total Liabilities	**3,75,389.82**	**3,61,767.90**
Cash & Balances with RBI	13,822.91	13,346.92
Balances with Banks & Money at Call & Short Notice	9,777.63	19,337.16
Investments	92,997.13	92,934.41
Advances	2,15,893.45	1,90,825.93
Fixed & Other Assets	42,898.70	45,323.48
Total Assets	**3,75,389.82**	**3,61,767.90**
For the period	**2015-16**	**2016-17**
Total Income	31,453.46	31,758.97
Total Expenses (other than provisions)	26,083.39	27,180.51
Provisions (other than tax)	10,340.82	13,196.47
Profit/ (Loss) Before Tax	(4,970.75)	(8,618.01)
Provision for Tax*	(1,305.95)	(3,459.87)
Profit/ (Loss) After Tax	(3,664.80)	(5,158.14)

** Net of Current Income Tax and Deferred Income Tax*

Trend in Advances



Trend in Deposits



During the year under review, your Bank's total income amounted to ₹ 31,759 crore, comprising interest income of ₹ 27,791 crore and other income of ₹ 3,968 crore. Total expenditure (excluding provisions and contingencies) stood at ₹ 27,180.52 crore with interest expenses at ₹ 22,040 crore and operational expenses at ₹ 5,141 crore.

However, total provisioning of your Bank increased in view of continued stress on the Bank's portfolio. The provisions include ₹ 13,875.09 crore towards provision for non-performing assets, bad debts written-off and investments. As a result, your Bank incurred a net loss of ₹ 5,158.14 crore during 2016-17.

For each share with face value of ₹ 10, Earnings per Share (EPS) during the year stood at ₹ (25.05), while Book Value per Share (excluding Intangible Assets) stood at ₹ 55.51 as at end-March 2017. For calculating Book Value per Share, the Government of India capital infusion of ₹ 1,900 crore was considered, which is a part of other liability in financials, pending allotment of shares. For the financial year 2016-17, the Board of Directors has not recommended any dividend.

Report on the Performance and Financial Position of Subsidiaries and Joint Venture included in the Consolidated Financial Statement

(In ₹ '000s)

Name of the entity	Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		Share in profit or loss	
	As % of consolidated net assets	Amount	As % of consolidated profit or loss	Amount
1	2	3	4	5
Parent : IDBI Bank Ltd.	95.94%	22,563.65	103.50%	(5,158.14)
Subsidiaries:				
Indian:				
1. IDBI Capital Market Services Ltd.	1.39%	326.79	-0.28%	13.74
2. IDBI Intech Ltd.	0.20%	46.07	-0.28%	13.95
3. IDBI Asset Management Company Ltd.	0.44%	104.42	-0.15%	7.26
4. IDBI MF Trustee Company Ltd.	0.01%	1.20	0.00%	0.13
5. IDBI Trusteeship Services Ltd.	0.64%	151.58	-0.84%	41.96
Foreign:	NA	NA	NA	NA
Minority Interests in all subsidiaries	0.30%	70.57	-0.38%	19.01
Associates (Investment as per the equity method)				
Indian				
1. Biotech Consortium India Ltd.	NA	NA	-0.01%	0.45
2. National Securities Depository Ltd.	NA	NA	-0.52%	26.16
3. NSDL e-Governance Infrastructure Ltd.	NA	NA	-0.72%	36.05
4. North Eastern Development Finance Corporation Ltd.	NA	NA	-0.20%	9.89

(In ₹ '000s)

Name of the entity	Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		Share in profit or loss	
	As % of consolidated net assets	Amount	As % of consolidated profit or loss	Amount
1	2	3	4	5
Foreign	NA	NA	NA	NA
Joint Ventures				
(as per proportionate consolidation / investment as per the equity method)				
Indian				
1. IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.	1.39%	325.87	-0.50%	24.99
Foreign	NA	NA	NA	NA
TOTAL	100%	23,519.59	100%	(4,983.56)
Elimination	-1.09%	(257.28)	0.65%	(32.35)
Net Total	98.91%	23,262.31	100.65%	(5,015.91)

Note: None of the above subsidiaries have any subsidiary

Material changes and commitments, if any, affecting financial position of IDBI Bank which have occurred during the end of financial year and the date of Board Report.


There are no material changes and commitments affecting the financial position of the Bank which have occurred between the end of the financial year of the Bank, i.e. March 31, 2017 and the date of the Directors' Report i.e. May 18, 2017.

The details in respect of adequacy of internal financial controls with reference to the financial statements.

The Bank has adequate internal controls and processes in place with respect to its financial statements which provide reasonable assurance regarding the reliability of financial reporting and the preparation of financial statements. These controls and processes are driven through various policies, procedures and certifications. The processes and controls are reviewed periodically.

Capital Adequacy

Your Bank computes regulatory capital requirement for credit, market and operational risks as prescribed under the Pillar 1 guidelines of the Basel III framework.



As on March 31, 2017, the Capital to Risk-weighted Assets Ratio (CRAR) of your Bank was 10.70% as against the minimum regulatory requirement of 10.25%. Your Bank's Common Equity Tier 1 (CET 1) ratio was 5.64% as against the minimum applicable CET 1 ratio of 6.75% (including capital conservation buffer i.e. CCB of 1.25%) stipulated by RBI. The Tier-I ratio stood at 7.81% as on March 31, 2017 against the regulatory requirement of 8.25% (including CCB).

Basel guidelines have introduced a mandatory Capital Conservation Buffer (CCB) with effect from March 31, 2016. CCB is designed to ensure that banks build up buffers during normal times (i.e. outside periods of stress) which

can be drawn down as losses are incurred during stressed period. In line with the transitional arrangements of the regulatory guidelines, the CCB applicable for March 31, 2017 is 1.25% (50% of total CCB of 2.5%). Accordingly, the minimum regulatory requirement of total capital + CCB is 10.25% (CRAR + CCB). Your Bank has a CRAR ratio of 10.70%. Similarly, your Bank has a CET 1 + CCB ratio of 5.64%.

Your Bank has a Board approved policy on Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP), in line with the Pillar 2 norms of the Basel III framework, which enables the Bank to internally assess and quantify those risks that are not covered under Pillar 1 as well as develop appropriate strategies to manage risks under normal and stress conditions. Your Bank has adopted a Disclosure Policy in accordance with the Pillar 3 requirements under the Basel norms and accordingly, publishes disclosures on the Bank's website at the end of each quarter.

Business Strategy

Rebalancing the portfolio mix continued to be the focal point of your Bank's business strategy. In alignment with its business strategy, your Bank took various measures that targeted the retail and priority sector segment.


Your Bank has been improving its accessibility by strategically expanding its branch and ATM network. Furthermore, your Bank, being one of the leading players in the digital banking domain, has been embracing latest cutting edge technology to provide digital offerings to seamlessly cater to its customers' banking and financial requirements. Additionally, your Bank continued to introduce technological innovations which aided in improving its operational convenience and also enhanced efficiency and security of its systems and processes.

Key Business Initiatives


In alignment with the corporate objective of attaining a more balanced business portfolio mix, your Bank continued to take initiatives to promote its retail business. Your bank offers a wide range of products and services encompassing Asset, Liability, Third Party and Capital Market products, among others. Your Bank, through its branches, ATMs and digital channels, offers a wide range of products and services to cater to the continuously evolving as well as emerging customer needs. Your Bank has been fine-tuning its existing products and services as also designing customised products and services across various retail segments to maintain its competitive edge.

To increase its accessibility to its retail customers, your Bank has been continuously striving to expand its banking footprints by strategically augmenting its branch and ATM network. As on March 31, 2017, your Bank's network stood at 1,896 branches (including one overseas branch and one International Banking Unit) and the number of ATMs stood at 3,537.

Growth in Branch Network



Growth in ATM Network



Your Bank has proactively deployed cutting-edge technology solutions to offer various digital avenues for customers to transact at their convenience. Your Bank's digital banking channels viz. ATM, internet banking, mobile banking, kiosks, e-lounge facility, etc. are designed to deliver a wide range of banking services in a seamless manner. Apart from being a frontrunner in digital initiatives, your Bank also places utmost importance on security and confidentiality of customer transactions, information and data. In addition to employing highly sophisticated technology to ensure safe and secure environment for the customer while transacting through digital channels, your Bank also sensitises its customers on cyber frauds and its prevention through emails, SMS and inserts sent along with Bank's statements on a periodic basis.

In adherence to the regulatory guidelines as well as to tap the potential business opportunities, your Bank worked towards building its Priority Sector Lending (PSL) business by taking various initiatives and campaigns. Your Bank is also leveraging its Business Correspondents (BCs)/ Business Facilitators (BFs) network, in addition to its branch and ATM network, to expand its reach to the priority sector segment, especially in the rural and semi-urban areas, thereby building a sustainable PSL portfolio.

In order to ensure inclusive growth in the economy, your Bank has been actively partnering with the policymakers to further the objective of financial inclusion. Through its intervention in four key areas, viz. expanding banking infrastructure, offering appropriate financial products, making intensive use of technology and enhancing

financial literacy, your Bank has been ensuring access to appropriate financial products and services needed by most vulnerable sections of the society at an affordable cost in a fair and transparent manner.

Your Bank's corporate banking portfolio includes exposure to sectors as varied as power, textiles, cement, steel, engineering, construction, paper and paper products, electronics and electrical equipment, sugar, chemicals, automobiles, Non-Banking Financial Companies (NBFCs), among others. Your Bank's asset products basket for corporate clients includes term loans, working capital (both fund-based and non-fund based), packing credit to exporters, receivables buyout, bill discounting, lending to NBFCs, among others. Your Bank continues to be proactive in extending project appraisal, debt syndication, structuring and advisory services across various sectors. During the year, your Bank received several mandates for appraisal and debt syndication.

While 2016-17 witnessed a number of policy reforms from the Government, the core sector industries and infrastructure sector continued to face marginal profitability and liquidity constraints, thus, leading to persistence of stress. Since your Bank has historically been a major lender for these industrial sectors, the stress in the corporate advances portfolio of the bank continued during the year. However, the Bank had initiated necessary measures for resolution of these stressed assets within the available regulatory framework like Strategic Debt Restructuring (SDR), Scheme for Sustainable Structuring of Stressed Assets (S4A), 5/25 structuring, etc. under the aegis of Joint Lenders Forum (JLF). With the recent amendments to Banking Regulation Act and revised guidelines on JLF mechanism issued by RBI, the Bank expects to have expeditious resolution of these stressed assets in the current year.

Your Bank conducts its Trade Finance (TF) business through its full-fledged Authorised Dealer TF Centres and retail TF branches. Your Bank continued to show impressive growth and set new service standards by working closely with its customers to create customer solutions in TF business. As part of your Bank's on-going digital transformation, IDBI eTrade Portal – an innovative online facility – was revamped to enable its customers to avail a basket of facilities in a paperless mode and hassle-free manner.

Your Bank acts as an agent for Central and State Governments to manage their receipts and payments. Besides being authorised to collect various Central Government taxes, your Bank also has the mandate for collecting electronic payment of railway freight charges and Commercial Tax and other Government receipts for 23 State Governments and four Union Territories.

Your Bank has received in-principle approval for Bharat Bill Payment System (BBPS) – an RBI mandated system – which aims at offering integrated and interoperable bill payment system in the country.

Your Bank became the first public sector bank to open its IFSC Banking Unit (IBU) at India's first and only International Financial Services Centre (IFSC) at Gujarat International Finance Tec-City (GIFT). Your Bank, through its GIFT IBU branch and its overseas branch at the Dubai International Financial Centre (DIFC), Dubai, offers a wide range of corporate banking services to meet its Indian clients' fund requirements for their Indian operations as well as overseas ventures.

Your Bank, in its endeavour to be a socially responsible entity, appreciates the importance of Corporate Social Responsibility (CSR) activities and has put in place a Board-approved CSR policy with effect from April 1, 2014 in compliance with Companies Act, 2013. Your Bank's CSR activities embody its commitment to contribute to the sustainable social and economic development of the society. Your Bank, through its diverse CSR activities, contributed towards providing improved access to health services, promoting education for children, promoting gender equality, promotion and installation of renewable energy systems, promotion of sports, enhancement of livelihood opportunities, advancement of vocational and employable skills and holistic development of villages by undertaking planned interventions.

The detailed descriptive of the Bank's initiatives undertaken during the year is contained in the Management Discussion and Analysis section of the Annual Report.

Board of Directors

Your Bank's Board of Directors is broad-based and its constitution is governed by the provisions of the Banking Regulation Act, 1949, the Companies Act, 2013, the Articles of Association of your Bank and the requirements of Corporate Governance, as envisaged in SEBI (LODR) Regulations, 2015. The Board functions directly as well as through various Board Committees constituted to provide focussed governance in the important functional areas of your Bank.

As on March 31, 2017, the Board comprised of nine Directors, including Managing Director and CEO (MD & CEO), two Deputy Managing Directors (DMDs), two Non-Executive Directors and four Independent Directors. Shri Kishor Kharat, MD & CEO, Shri K.P.Nair and Shri G.M.Yadwadkar, DMDs, Shri Pankaj Jain and Shri Praveen Garg, Central Government official Nominees as Non-Executive Directors, Shri S. Ravi, Shri Ninad Karpe, Shri Gyan Prakash Joshi and Ms. Neeru Abrol as Independent Directors constituted the Board as on March 31, 2017. The strength of 9 (nine) Directors on the Board, as against the composition for maximum strength of 13 Directors provided under Article 116(1) of the Articles of Association, meets the requirement provided under Article 114(a) of the Articles of Association.

Apex Committees

The Board has fifteen sub-committees, namely, Audit Committee of the Board, Remuneration Committee, Executive Committee, Nomination Committee, Stakeholders' Relationship Committee, HR Steering

Committee, Frauds Monitoring Committee, Recovery Review Committee, Risk Management Committee, Independent Directors' Committee, Corporate Social Responsibility Committee, Non-Cooperative Borrowers' Review Committee, Customer Service Committee, Wilful Defaulters' Review Committee and Information Technology Committee, to oversee various functional aspects of your Bank's business and operations.

Corporate Governance

Your Bank is committed to adopting the best corporate governance practices. It believes that effective corporate governance is not just a requirement for regulatory compliance, but also a facilitator for enhancement of stakeholders' value. The details of your Bank's corporate governance practices are given in this Annual Report as a separate section under Corporate Governance Report.

Business Responsibility Report

The Securities and Exchange Board of India (SEBI), vide its notification dated December 22, 2015, has mandated the inclusion of Business Responsibility (BR) Report as part of the Annual Report for Top 500 listed entities based on market capitalisation at BSE and NSE. The BR Report should describe initiatives taken by the listed entity from an environmental, social and governance perspective. The Bank's Business Responsibility Report has been hosted on the website of the Bank (www.idbi.com).

Statement under Section 134 of the Companies Act, 2013 read with Rule 5 of the Companies (Appointment and Remuneration of Managerial Personnel) Rules, 2014

There were no personnel in your Bank's services, during the financial year under review, who received remuneration over ₹ 1.02 crore annually. Besides, there were no personnel in the service of the Bank for a part of the year who received remuneration in excess of ₹ 8.50 lakh per month. Further there was no personnel employed throughout the financial year or part thereof who was in receipt of remuneration at a rate, which in the aggregate, was in excess of that drawn by the Managing Director & CEO or the Deputy Managing Directors of the Bank and who held by himself or along with his spouse and dependent children, not less than 2% of the equity shares of the Bank.

Conservation of Energy, Technology Absorption, Foreign Exchange Earnings and Outgo

The provisions of Section 134(3)(m) of the Companies Act, 2013 read with Rule 8(3) of the Companies (Accounts) Rules, 2014 are not applicable to your Bank. However, your Bank has been increasingly using information technology in its operations.

RBI's Prompt Corrective Action

The RBI, vide its letter dated May 05, 2017, has initiated Prompt Corrective Action (PCA) for your Bank in view of its high net Non-Performing Assets (NPA) and negative Return on Assets (ROA). The Bank is taking necessary actions to comply with the RBI's directive in this regard.

Directors' Responsibility Statement

The Board of Directors, hereby, declares and confirms that:

a. In the preparation of the annual accounts, the applicable accounting standards had been followed along with proper explanation relating to material departures;

b. The Directors had selected such accounting policies and applied them consistently and made judgments and estimates that are reasonable and prudent so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit and loss of the Bank for that period;

c. The Directors had taken proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of this Act for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities;

d. The Directors had prepared the annual accounts on a going concern basis;

e. The Directors had laid down internal financial controls to be followed by the Bank and that such internal financial controls are adequate and were operating effectively; and

f. The Directors had devised proper systems to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

Acknowledgements

Your Bank's Board of Directors is sincerely grateful to the Government of India, Reserve Bank of India (RBI), Securities and Exchange Board of India (SEBI), Insurance Regulatory and Development Authority of India (IRDA) and all other statutory/ regulatory authorities for their valuable co-operation and guidance. The Board also acknowledges, with gratitude, the co-operation and support received from various State Governments and other banks/ financial institutions. The Board thanks various multilateral institutions and international banks/ institutions for their periodic support. The Board takes this opportunity to put on record its deep sense of gratitude to its loyal shareholders and customers for extending their support during the year, and looks forward to their continued association in the years ahead. During the financial year, the Bank has received various recognitions and accolades for its excellence in the banking domain. The Board is thankful to all such organisations/ agencies for formally recognising the Bank's efforts. The Board appreciates the sincere and devoted services displayed by its entire staff and highly values their commitment towards the Bank.

[K.P. Nair] — Deputy Managing Director

[Mahesh Kumar Jain] — Managing Director & CEO

Place: Mumbai
Date : May 18, 2017

प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

Management Discussion and Analysis

प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

कारोबारी परिवेश

विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) जैसी विभिन्न एजेंसियों द्वारा कैलेंडर वर्ष 2016 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2.3% से 3.1% तक की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है. यह कैलेंडर वर्ष 2015 की तुलना में मंदी को दर्शाता है, क्योंकि उन्नत और उभरती दोनों अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक व्यापार में मंदी, कमजोर निवेश और अत्यधिक नीतिगत अनिश्चितता के दबाव के चलते आर्थिक कार्यकलापों की मंद गति का सामना करना पड़ा. तथापि, उन्नत और उभरती दोनों अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक वृद्धि में उछाल की बदौलत कैलेंडर वर्ष 2017 और 2018 में वैश्विक वृद्धि में तेजी आने की संभावना है.

वैश्विक आर्थिक वृद्धि मंद रहने के बावजूद भारत ने अपेक्षाकृत उच्चतर वृद्धि दर्ज की. केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (सीएसओ) द्वारा जारी अनंतिम अनुमानों के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्तीय वर्ष 2016-17 में 7.1% अनुमानित है. तथापि, यह पिछले वर्ष की तुलना में मंदी दर्शाता है, क्योंकि अर्थव्यवस्था में औद्योगिक कार्यकलापों में मंदी रही.

सामान्य मानसून की संभावना, बढ़ती आय के चलते मांग में उछाल, निर्यात में वृद्धि और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न सुधार उपायों के कारण भारत के लिए वृद्धि की भावी संभावनाएं अनुकूल हैं.

कारोबार समीक्षा

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने संकेन्द्रण जोखिम को न्यूनतम तथा कम करने और साथ ही विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने पोर्टफोलियो संमिश्र को पुनर्संतुलित करने पर विशेष ध्यान दिया. इस रणनीतिक पहल को देश भर में फैली आपके बैंक की शाखाओं और एटीएम नेटवर्क के माध्यम से बैंक की लोगों तक पहुँच को उपयुक्त रूप से समर्थन मिला है. यथा 31 मार्च 2017 को आपके बैंक के नेटवर्क में 1896 शाखाएँ शामिल थीं जिनमें पूरे भारत में महानगरीय केन्द्रों में 438 शाखाएँ, शहरी केन्द्रों में 463 शाखाएँ, अर्ध शहरी केन्द्रों में 585 शाखाएँ तथा ग्रामीण केन्द्रों में 408 शाखाएँ (253 वित्तीय समावेशन शाखाओं सहित), दुबई अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी), दुबई में एक समुद्रपारीय शाखा, गिफ्ट सिटी, गुजरात में एक अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग इकाई (आईबीयू) और 3,537 एटीएम शामिल थे.

इसके साथ ही, आपके बैंक ने अपनी दबावग्रस्त आस्तियों की वसूली और उनके उन्नयन की दिशा में कार्य करने के प्रयास किए क्योंकि इसे मुख्यतः कॉरपोरेट पोर्टफोलियो से उत्पन्न दबावग्रस्त आस्तियों के अनुपात में वृद्धि का सामना करना पड़ा है। औद्योगिक तथा इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में क्षेत्र-विशिष्ट मुद्दे आपकी बैंक की आस्ति गुणवत्ता में गिरावट के मुख्य कारण रहे हैं.

वर्ष के दौरान 08 नवंबर 2016 को ₹ 500 और ₹ 1000 मूल्य वर्ग के करेंसी नोटों के विमुद्रीकरण और साथ ही वित्तीय लेनदेनों के लिए डिजिटल चैनलों के उपयोग के लिए नीतिगत जोर, जिनकी लोकप्रियता बढ़ी है, के चलते वर्ष में वित्तीय लेनदेन के संबंध में ग्राहक के व्यवहार में परिवर्तन भी देखा गया. आपके बैंक ने यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए कि ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएँ प्रदान की जाएँ और साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी डिजिटल ऑफरिंग का बेहतर लाभ उठाया कि ग्राहकों को किसी भी समय और कहीं भी लेनदेन करने में सहूलियत हो.

रिटेल बैंकिंग

रिटेल देयता उत्पाद

आपका बैंक उच्च मालियत वाले व्यक्तियों (एचएनआई), कारोबारी उद्यमों, कॉरपोरेट पेरोल, न्यासों, संघों, सोसाइटियों, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चे, महिलाओं, युवाओं आदि जैसे विभिन्न रिटेल खंडों को देयता उत्पाद ऑफर करता है. हरेक खंड की विशिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए हरेक उत्पाद विशेष रूप से डिजाइन तथा जरूरत के मुताबिक तैयार किया गया है. ग्राहकों की निरंतर बदलती और उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने समय-समय पर नए उत्पादों की पेशकश जारी रखी. साथ ही, मौजूदा उत्पादों की समीक्षा की गई तथा उनको बेहतर विशेषताओं और सुविधाओं के साथ और अधिक उन्नत बनाया गया.

एनआरआई सेवाएं

आपका बैंक अनिवासी भारतीय (एनआरआई) ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है और मूलभूत अनिवासी बाह्य

(एनआरई) खाता, अनिवासी साधारण (एनआरओ) खाता तथा विदेशी मुद्रा अनिवासी (एफसीएनआर) जमा से लेकर एफसीएनआर जमाओं पर वायदा रक्षा, भारतीय सेकंडरी शेयर बाजार में निवेश के लिए पोर्टफोलियो निवेश योजना (पीआईएस), एनआरआई जमाओं की प्रतिभूति पर ओवरड्राफ्ट सुविधा, आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण तथा इसी प्रकार की अन्य सुविधाओं जैसे वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं का एक पूर्ण फलक प्रदान करते हुए उनकी आवश्यकताओं को पूरा करता है. आपका बैंक तीव्र, किफायती और सुविधाजनक निधि अंतरण करने के लिए एनआरआई ग्राहकों को भारत में झंझट-रहित निधि प्रेषण के कई विकल्प प्रदान करता है.

रिटेल आस्तियां

आपके बैंक ने सम्पूर्ण सेवा प्रदान करने वाले नई पीढ़ी के वाणिज्यिक बैंक की अपनी अभिप्रेत स्थिति का ध्यान रखते हुए अधिक संतुलित कारोबार संमिश्र को सुसाध्य बनाने के लिए उत्तरोत्तर बड़े रिटेल कारोबार पोर्टफोलियो को लक्ष्य करना जारी रखा. इसके अनुसरण में, आपका बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में आकर्षक आस्ति उत्पादों की श्रृंखला ऑफर करता है. आपके बैंक द्वारा ऑफर किए जा रहे रिटेल उत्पादों में आवास ऋण, बंधक ऋण, वैयक्तिक ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण एवं अन्य शामिल हैं. आपका बैंक आवधिक आधार पर उत्पाद ऑफरों की समीक्षा करने के साथ-साथ अपने वर्तमान उत्पादों के संशोधन/ नवोन्मेषण/ अनुकूलन पर भी ध्यान देता है. इसके अलावा, आपका बैंक बदलते कारोबार परिवेश को ध्यान में रखते हुए नियमित आधार पर नए उत्पाद भी पेश करता है.

आपका बैंक प्रभावी और कार्यक्षम आवास ऋण उत्पाद प्रदान करने में एक विश्वसनीय साझेदार बना रहा. सामान्य आवास ऋण उत्पादों के अलावा, आपका बैंक विशेषीकृत उत्पादों सहित ग्रामीण और सस्ते आवास पर भी ध्यान केन्द्रित कर रहा है. आपके बैंक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. आपके बैंक के पास कारोबार, विशेषकर लघु और मझोले क्षेत्र, की जरूरतों को पूरा करने के लिए सुसंरचित बंधक ऋण उत्पाद हैं. आपके बैंक के पास रिटेल ऋण पर त्वरित कार्रवाई के लिए स्वचालित ऋण प्रोसेसिंग प्रणाली (एएलपीएस) है.

आपके बैंक ने नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉज़िटरी लि. (एनएसडीएल) द्वारा आरंभ किए गए विद्या लक्ष्मी पोर्टल के साथ सफलतापूर्वक इंटरफेस पूरा किया है ताकि छात्र शिक्षा ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकें. आपका बैंक विद्या लक्ष्मी पोर्टल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा ऋण मंजूर और संवितरित करने वाले पहले बैंकों में से है.

डिजिटल बैंकिंग

आपके बैंक ने ग्राहकों को उनकी सुविधानुसार बैंकिंग संव्यवहार करने के लिए विभिन्न डिजिटल अवसर ऑफर करने के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकी समाधानों का तत्परतापूर्वक प्रयोग किया है. आपके बैंक ने रणनीतिक रूप से अपनी पहुँच का विस्तार किया है तथा यह अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक उत्पादों और सेवाओं की एक सम्पूर्ण श्रृंखला प्रस्तुत करता है. आपके बैंक के डिजिटल बैंकिंग चैनल, अर्थात् एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, बिक्री केंद्र (पीओएस), डिजिटल पीओएस मोबाइल बैंकिंग, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) आदि को निर्बाध रूप से व्यापक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में कई पहल-कार्य किए.

आपके बैंक ने ग्राहकों तक अपनी पहुँच को और अधिक व्यापक बनाने के प्रयास के तहत डिजिटल पासबुक ऐप्लिकेशन *'एमपासबुक'*, और आईओएस वर्जन के लिए डेबिट कार्ड कंट्रोल ऐप *'अभय कार्ड कंट्रोल मोबाइल ऐप'* जैसी सेवाएँ आरंभ कीं.

आपके बैंक ने अपनी एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) मोबाइल ऐप्लिकेशन यूपीआई *'पेविज'* सेवा आरंभ की जिसका प्रयोग किसी भी यूपीआई सहभागिता वाले बैंक के ग्राहक द्वारा किया जा सकता है. बहु बैंक खाता लिंकेज तथा एक्सेस, धन प्रेषण, धन संग्रहण, व्यापारिक भुगतान, क्विक रेस्पॉन्स (क्यूआर) कोड सृजन आदि जैसी विशेषताएं पेविज में हैं. आपके बैंक ने डिजिटल मर्चेन्ट्स ऑन बोर्डिंग के लिए भारत क्यूआर ऐप 'क्यूआर पीओएस' भी आरंभ किया जो डिजिटल पहल-कार्यों में उसकी अग्रणी भूमिका के प्रति वचनबद्धता की पुष्टि करता है.

आपके बैंक ने रिटेल इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए 'फेसबुक - आई इंगेज' के माध्यम से बैंकिंग आरंभ की. साथ ही, आपके बैंक ने प्रयोक्ताओं के लिए तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) आरंभ की और तत्काल आधार पर नेट बैंकिंग लेनदेन की सीमाओं में ऑनलाइन संशोधन, डेबिट कार्ड को घरेलू/ अंतर्राष्ट्रीय उपयोग हेतु निर्धारण, डेबिट कार्डों को सक्रिय/ निष्क्रिय करने जैसी अनेक ग्राहक सुविधा विशेषताओं से युक्त नेट बैंकिंग पोर्टल को सक्रिय किया है. कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग सुविधा में बढ़ोतरी करते हुए लॉगिन में डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (डीएससी) के उपयोग और आरटीजीएस की सुविधा प्रदान की गई है. इसमें आंतरिक समाशोधन को देखने की सुविधा भी प्रदान की गई है.

आपके बैंक ने इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स (आईवीआर) प्रणाली के माध्यम से पिन सृजन की सुविधा आरंभ की है.

विभिन्न सुपुर्दगी चैनलों के माध्यम से सेवाएं प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए आपके बैंक ने एटीएम, बंच नोट एक्सेप्टर्स (बीएनए) या नकदी रिसाइक्लर तथा अत्याधुनिक बहु बैंकिंग सुविधाओं से युक्त ई-लाउंज की संख्या में वृद्धि की है. एटीएमों में कार्ड रहित नकदी आहरण, मोबाइल बैंकिंग के लिए पंजीकरण, आधार से जोड़ने और आयकर विवरणी के ई-सत्यापन की सुविधा भी प्रदान की गई है.

आपके बैंक ने चुनिंदा उत्पाद खंडों में कांटैक्टलेस डेबिट कार्ड (वीज़ा पे वेव) जारी करना शुरू किया है. पेऐप्ट - आपके बैंक का ई-वॉलेट - को क्यूआर कोड एवं स्कैन और भुगतान विकल्प, एम-वीजा सक्रियन, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर उपयोग सहित बेहतर प्रयोक्ता अनुभवों, व्यापक उपयोग और बेहतर स्वीकार्यता के लिए कई उन्नत सुविधाओं के साथ फिर से शुरू किया गया.

आपके बैंक के क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों से कारोबार अर्जन हेतु पॉइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) मशीनों में पर्याप्त वृद्धि ने शुल्क आधारित आय में भी वृद्धि की है. यह ग्राहकों की संख्या में वृद्धि करने और संबंधों को घनिष्ठ बनाने का एक अतिरिक्त साधन भी है जिससे चालू खाता और बचत खाता (कासा) शेष बढ़ाता है. आपके बैंक का लक्ष्य और प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि डिजिटल चैनल न केवल सुचारू रूप से संचालित हो, बल्कि ग्राहकों द्वारा 24x7 आधार पर इसका व्यापक रूप से उपयोग भी किया जाए.

साइबर धोखाधड़ी और उनकी रोकथाम के संबंध में ग्राहकों को जागरूक करने के उद्देश्य से आपका बैंक इस दिशा में किए गए सुरक्षा उपायों के बारे में आवधिक आधार पर ईमेल, एसएमएस, खाते के विवरण के साथ इन्सर्ट के जरिए ग्राहकों को निरंतर शिक्षित करता है. इंटरनेट बैंकिंग के सुरक्षित प्रयोग को सुनिश्चित करने के लॉगिन से पूर्व बरती जाने वाली सावधानी संबंधी चेतावनी भी प्रदर्शित की जा रही है. इंटरनेट बैंकिंग के उपयोग से संबंधित सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी भी बैंक की वेबसाइट पर लॉगिन से पहले प्रदर्शित की जाती है. सभी चैनलों के माध्यम से किए गए लेनदेनों के लिए एसएमएस अलर्ट भेजा जाता है ताकि ग्राहक को संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए सूचित किया जा सके.

अन्य पक्ष उत्पाद तथा पूंजी बाजार उत्पाद

अपने ग्राहकों को मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान करने के अपने प्रयास के तहत आपका बैंक उनके जोखिम प्रोफाइल तथा वित्तीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के अन्य पक्ष उत्पाद ऑफर करता है. आपके बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई तथा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) अंशदानों की सुविधा भी उपलब्ध कराई. आपके बैंक को दिसंबर 2016 में नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा सरकारी बैंक श्रेणी के अंतर्गत खोले गए डीमैट खातों के लिए स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड 2016 से सम्मानित किया गया.

वित्तीय समावेशन

आपका बैंक समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सस्ती लागत पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से उपयुक्त वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को बढ़ाने में नीति-निर्माताओं के साथ भागीदारी में तत्पर रहा है. आपके बैंक का वित्तीय समावेशन योगदान चार प्रमुख क्षेत्रों अर्थात् बैंकिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को विस्तारित करने, उपयुक्त वित्तीय उत्पाद ऑफर करने, प्रौद्योगिकी का गहन उपयोग करने तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने पर केन्द्रित है.

प्रधान मंत्री जन धन योजना तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

यथा 31 मार्च 2017 को आपके बैंक ने 30 लाख से अधिक बेसिक बचत जमा खाते (बीएसबीडीए) खोले हैं जिसमें से 11 लाख से अधिक खाते रुपे एटीएम-सह-डेबिट कार्ड और ओवरड्राफ्ट की सुविधा के साथ प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खोले गए हैं. आपके बैंक ने भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं अर्थात् दुर्घटना बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), जीवन बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) तथा वृद्धावस्था पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में सक्रिय रूप से भागीदारी की है. यथा 31 मार्च 2017 तक आपके बैंक ने पीएमएसबीवाई के अंतर्गत 10 लाख से अधिक बैंक खाताधारकों तथा पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत पाँच लाख से अधिक बैंक खाताधारकों को नामांकित किया है. आपके बैंक ने अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 50,000 से अधिक बैंक खाताधारकों को नामांकित किया है.

कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ)

कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) (जिन्हें बैंक मित्र भी कहा गया है) के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए उन्हें हैंड-हेल्ड डिवाइस उपलब्ध कराए गए जिनमें रुपे कार्ड स्वीकार करने तथा आधार-आधारित लेनदेन करने की सुविधा दी गई है. इसके अतिरिक्त, कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं के कौशल को बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने देशभर में विभिन्न स्थानों पर गहन प्रशिक्षण सत्रों/ कार्यशालाओं का आयोजन किया. इसके अलावा, आपके बैंक ने कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं को बैंकिंग लेनदेन करने तथा प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म पर कार्य करने हेतु तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए कार्य पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया.

वित्तीय साक्षरता

वित्तीय साक्षरता को प्रभावी वित्तीय समावेशन और लाभार्थियों को उपलब्ध वित्तीय सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के एक महत्वपूर्ण भाग की पूर्वापेक्षा के रूप में निर्धारित किया गया है. आपके बैंक ने अपनी ग्रामीण शाखाओं में *'वित्तीय साक्षरता जानकारी केंद्र'* नामक डेस्क स्थापित किए हैं जो विभिन्न बैंकिंग उत्पादों तथा सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में शाखा से बाहर आयोजित साक्षरता कैम्पों में आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक की ग्रामीण शाखाओं ने ऐसे 490 से अधिक बाह्य साक्षरता कैम्पों का आयोजन किया. आपके बैंक का महाराष्ट्र के सातारा जिले में स्थित आईडीबीआई ग्रामीण

स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई-आरएसईटीआई) भी ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि वे स्वरोजगार हेतु सक्षम हो सकें. इस संस्थान को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सर्वोत्तम ग्रेड 'एए' ग्रेड प्रदान किया गया है. वर्ष के दौरान आईडीबीआई-आरएसईटीआई ने 26 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए तथा 759 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया.

अन्य पहल-कार्य

आपका बैंक आधार नामांकन के लिए रजिस्ट्रार के रूप में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पास पंजीकृत है. यथा 31 मार्च 2017 को आपके बैंक ने 14 राज्यों के 44 लाख से अधिक निवासियों का नामांकन किया है. पीएमजेडीवाई के तहत लगभग 54.6% सक्रिय खातों को आधार से जोड़ा गया है. आपका बैंक केंद्र/ राज्य सरकारों की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना में सक्रिय रूप से भागीदार रहा है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने बीसी चैनल के माध्यम से रायपुर, छत्तीसगढ़ में 25,000 से अधिक वृद्धावस्था पेंशनभोगियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण तथा छत्तीसगढ़ के 3 जिलों की 190 से अधिक ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत मजदूरी का वितरण करना जारी रखा. आपके बैंक द्वारा 31 मार्च 2017 को लगभग 60,000 लाभार्थियों के खाते खोले गए.

आपके बैंक को उसके वित्तीय समावेशन पहल-कार्यों के लिए विभिन्न संगठनों से पुरस्कार तथा सम्मान प्राप्त हुए. अन्य पुरस्कारों के साथ-साथ आपके बैंक को एबीपी न्यूज़ द्वारा प्रस्तुत *'अग्रणी वित्तीय समावेशन पहल-कार्य वाले बैंक'* की श्रेणी में बैंकिंग फाइनेन्शियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र बैंकिंग

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने सूक्ष्म उद्यमों तथा लघु एवं सीमांत किसानों (एसएफएमएफ) को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया. कृषि तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) खंडों में उधार को बढ़ावा देने के लिए आपके बैंक ने ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं तथा संपार्श्विक प्रबंधकों तथा गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) आदि के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए.

आपके बैंक ने ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में पहुँच बढ़ाने के प्रयासों के तहत अपने बीसी/बीएफ नेटवर्क को बढ़ाया है जिसके चलते व्यापक वित्तीय समावेशन सुनिश्चित हुआ तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) कारोबार में भी वृद्धि हुई है. भारत सरकार की योजनाओं के अनुसार आपका बैंक प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), स्टैंड-अप इंडिया आदि के तहत भी ऋण देता रहा है.

पीएसएल के अंतर्गत प्रमुख पहल-कार्य तथा अभियान

समीक्षाधीन अवधि के दौरान पीएसएल के तहत कुछ प्रमुख पहल-कार्य और अभियान नीचे प्रस्तुत हैं:

- आपके बैंक ने दिसंबर, 2016 में देश भर में 660 ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी स्थानों पर 'किसान संगोष्ठियों' का आयोजन कर किसान दिवस मनाया. इन संगोष्ठियों में 30,000 से अधिक किसानों ने भाग लिया. संगोष्ठियों के आयोजन का उद्देश्य किसानों तक पहुंचना, उनमें जागरूकता पैदा करना और बैंकिंग उत्पादों के जरिए उनकी सहायता करना था.
- आपके बैंक ने जनवरी 2017 में 68 केंद्रों में एमएसएमई ग्राहक बैठकों का भी आयोजन किया.
- आपके बैंक ने अधिक मात्रा में गुणवत्तापूर्ण एमएसएमई और कृषि कारोबार उत्पन्न करने के लिए 100 शाखाओं को विशेषीकृत एमएसएमई शाखा और 200 शाखाओं को संकेन्द्रित कृषि शाखा के रूप में चिह्नित किया है.
- आपके बैंक के विभिन्न कार्यालयों ने स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमों/ कार्यशालाओं का आयोजन किया तथा अन्य हितधारकों द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में भी भाग लिया. कई क्षेत्रों में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण मेले भी आयोजित किए गए.

कॉरपोरेट बैंकिंग

आपके बैंक के कॉरपोरेट बैंकिंग पोर्टफोलियो में बिजली, वस्त्र, सीमेंट, इस्पात, इंजीनियरिंग, निर्माण, कागज और कागज उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बिजली उपकरण, चीनी, रसायन, ऑटोमोबाइल, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एक्सपोजर शामिल है.

कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए आपके बैंक के आस्ति उत्पाद समूह में मीयादी ऋण, कार्यशील पूंजी (निधि आधारित एवं गैर-निधि आधारित दोनों), निर्यातकों को पैकिंग ऋण, प्राप्य राशियों की खरीद, बिल भुनाई, एनबीएफसी को ऋण आदि शामिल हैं. कॉरपोरेट बैंकिंग के अंतर्गत आपका बैंक डीलरों/कॉरपोरेट वेंडरों आदि के लिए चैनल वित्तपोषण एवं वेंडर वित्तपोषण जैसे उत्पादों को ऑफर करते हुए प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार पर पर्याप्त ज़ोर देता है. आपके बैंक की कॉरपोरेट बैंकिंग टीम उपयुक्त उत्पाद विकसित करने तथा उपयुक्त समाधान के लिए रिटेल बैंकिंग, ऋण समूहन, संव्यवहार बैंकिंग, ट्रेजरी आदि जैसी अन्य विशेषीकृत टीमों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ कर कार्य करती है ताकि कॉरपोरेट ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके. इसे आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में स्थित परियोजना मूल्यांकन टीम से उपयुक्त सहयोग प्राप्त है और इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की स्थापना में लगे ग्राहकों को कॉरपोरेट सलाहकारी, वित्तीय संरचना, प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) निगरानी, कारोबार योजना तैयार करना, मीयादी ऋणों की मंजूरी/ हामीदारी, प्रतिभूतिकरण, पुनर्संरचना, पुनर्वित्त और अन्य संबन्धित सेवाओं की पूरी श्रृंखला के साथ संपूर्ण समाधान प्रदान कर रहा है.

आपका बैंक विभिन्न क्षेत्रों अर्थात् इन्फास्ट्रक्चर, विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा आदि के लिए परियोजना मूल्यांकन, ऋण समूहन, संरचना तथा सलाहकारी सेवाएं सक्रिय रूप से प्रदान करता रहा है तथा भारत में एक अग्रणी ऋण समूहनकर्ता के स्थान पर लगातार बना रहा है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 30 से भी अधिक प्रस्तावों का मूल्यांकन पूरा किया जिसमें से चार प्रस्ताव नवीकरणीय ऊर्जा से संबन्धित थे. आपके बैंक को 15 समूहन/हामीदारी प्रस्ताव भी प्राप्त हुए. आपके बैंक ने नवोन्मेषी संरचित उत्पाद, अर्थात् वाणिज्यिक पत्र के लिए बैक-स्टॉप सुविधा के अंतर्गत आठ लेनदेन पूरे किए. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं (एफआई) के पास अंतर-बैंक सहभागिता प्रमाणपत्र (आईबीपीसी) सफलतापूर्वक पेश किए.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक ने वसूली में सुधार लाने तथा अनर्जक आस्तियों (एनपीए) का उन्नयन करने के उद्देश्य से एनपीए की गहन समीक्षा तथा निगरानी की दिशा में अपने प्रयास जारी रखे. मार्च 2017 के अंत में आपके बैंक की कुल ऋण आस्तियों में 78.75% मानक आस्तियां, 4.26% अवमानक आस्तियां, 16.45% संदिग्ध आस्तियां और 0.54% हानि आस्तियां शामिल रहीं जिनके लिए वर्तमान विवेकपूर्ण विनियमों के अनुसार पर्याप्त प्रावधान किए गए.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपने पोर्टफोलियो में अनर्जक आस्तियों (एनपीए) तथा तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए मामलों के निपटान के लिए कई कदम उठाए. संकेंद्रित तथा खाता-विशेष समाधान रणनीतियाँ कार्यान्वित की गईं तथा प्रगति की नियमित रूप से निगरानी की गई. एनपीए को अर्जक आस्तियों में उन्नयन पर जोर दिया गया. बैंक ने अन्य के साथ-साथ विशेष वसूली अभियान के अंतर्गत ओटीएस सहित एकबारगी निपटान/ बातचीत से तय निपटान (ओटीएस/एनएस), लागू कानूनों के अंतर्गत विधिक कार्रवाइयों, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निमाण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम के अंतर्गत प्रवर्तन कार्रवाइयों, ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी)/ न्यायालयों के साथ निरंतर फॉलो अप किया ताकि वसूली प्रमाणपत्रों/ डिक्रियां प्राप्त करने तथा उनके निष्पादन में होने वाले विलंब को कम किया जा सके. आपके बैंक ने जहां कहीं भी अपेक्षित था, वसूली उपाय भी किए. इसके अतिरिक्त, बैंक द्वारा निजी गुप्तचर एजेंसियों तथा अन्य स्वतंत्र पूछताछ/ जांच के माध्यम से गारंटीकर्ताओं की आस्तियों का पता लगाने के बाद डीआरटी के माध्यम से उनकी सम्पत्तियों को कुर्क करने संबंधी संगठित तथा संकेंद्रित प्रयास भी किए गए. आपके बैंक ने आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी)/ बैंकों को कुछ अनर्जक आस्तियां बेची भी हैं. वर्ष के दौरान तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खातों से ₹ 158.60 करोड़ की वसूली की गई.

आपके बैंक ने आस्तियों में और गिरावट पर अंकुश लगाने के लिए उपयुक्त निवारक तंत्र अपनाया है और इसके पास अपने आस्ति पोर्टफोलियो की गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक सुव्यवस्थित नीति है. आपके बैंक ने मानक खातों में कमजोरियों/ आरंभिक दबाव के पूर्व चेतावनी संकेतों का पता लगाने के लिए एक सुदृढ़ प्रणाली विकसित की है. तदनुसार, खातों को विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है तथा रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार, केंद्रीय रिपॉजिटरी अर्थात् सेंट्रल रिपॉजिटरी फॉर इन्फॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट (सीआरआईएलसी) को रिपोर्ट किया गया. एसएमए खातों की गहन निगरानी की जाती है तथा समयबद्ध सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं जिसमें संयुक्त उधारकर्ता फोरम (जेएलएफ) एवं सुधारात्मक कार्य योजना (सीएपी) तैयार करना शामिल है ताकि बढ़ते हुए एनपीए को कम किया जा सके.

आपके बैंक की वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी) ने अपनी तिमाही बैठकों में बैंक के एनपीए तथा नए एनपीए की स्थिति, बैंक की वसूली स्थिति, आस्तियों के एनपीए में आने से रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई के प्रभाव की समीक्षा करती है. वसूली समीक्षा समिति वसूली में प्रगति, वाद दायर मामलों में प्रगति तथा सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न कार्रवाइयों की निगरानी करती है. यह वसूली रणनीति पर निर्देश भी जारी करती है.

व्यापार वित्त

आपके बैंक ने अपने 60 श्रेणी-बी प्राधिकृत डीलर व्यापार वित्त (टीएफ) केन्द्रों और 61 रिटेल व्यापार वित्त शाखाओं के माध्यम से संचालित व्यापार वित्त कारोबार में ग्राहक समाधानों के लिए ग्राहकों के साथ घनिष्ठ रूप से मिलकर कार्य करते हुए प्रभावशाली वृद्धि दिखाना तथा नए सेवा मानक स्थापित करना जारी रखा.

डिजिटल बैंकिंग पर ध्यान केन्द्रित करने के बैंक के निरंतर प्रयास के एक भाग के रूप में आईडीबीआई ईट्रेड पोर्टल का शुभारंभ किया गया ताकि ग्राहकों को नेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के जरिए साख पत्र, बैंक गारंटी, विप्रेषण, निर्यात ऋण, अंतर्देशीय एवं विदेशी बिल प्रोसेसिंग, विक्रेता वित्त सुविधा आदि सहित कई सुविधाएं प्रदान की जा सकें.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने 35 से अधिक प्रमुख विदेशी बैंकों के साथ रिलेशनशिप मैनेजमेंट एप्लिकेशन (आरएमए) स्थापित किए. इस विस्तारित नेटवर्क के जरिए अब आपका बैंक दुनिया भर में प्रमुख भौगोलिक स्थानों पर द्विपक्षीय व्यापार लेनदेनों की सुविधा प्रदान करता है.

ऑनलाइन भुगतान तथा भुगतान संदेशों की गुणवत्ता की सुव्यवस्थित प्रोसेसिंग में आपके बैंक की परिचालनगत क्षमता को मान्यता देते हुए सिटी बैंक तथा ड्यूश बैंक ने क्रमशः यूएस डॉलर भुगतान के लिए स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) श्रेणी के अंतर्गत परफॉर्मेंस एक्सिलेन्स अवार्ड तथा यूएसडी एसटीपी एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित किया. आपके बैंक को यूरो मुद्रा में वैश्विक भुगतान में उत्कृष्ट सेवा के लिए और इस क्षेत्र में प्रौद्योगिकी तथा नवोन्मेषण के प्रति वचनबद्धता दर्शाने के लिए वेल्स फार्गो बैंक द्वारा ग्लोबल करेंसी यूसेज अवार्ड तथा प्रौद्योगिकी तथा नवोन्मेषण अवार्ड से सम्मानित किया गया.

सरकारी कारोबार

आपका बैंक केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की प्राप्तियों और भुगतानों का प्रबंध करने हेतु उनके लिए एजेंट के रूप में कार्य करता है. आयकर, टीडीएस, निगम कर, उत्पाद शुल्क, सेवा कर और सीमा शुल्क भुगतानों सहित केंद्र सरकार के करों को संग्रहित करने के लिए प्राधिकृत होने के अलावा, आपके बैंक को रेलवे मालभाड़ा प्रभारों, वाणिज्यिक कर और 23 राज्य सरकारों तथा 4 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए अन्य सरकारी प्राप्तियों के इलेक्ट्रॉनिक भुगतान को संग्रहित करने के लिए भी अधिदेश प्राप्त है. आपके बैंक को महाराष्ट्र स्टांप अधिनियम के अतिरिक्त भारतीय स्टांप अधिनियम के अंतर्गत स्टांप शुल्क संग्रहित करने के लिए भी प्राधिकृत किया गया है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने केंद्र तथा राज्य सरकारों की ओर से विभिन्न करों और शुल्क भुगतानों के जरिए ₹ 3 लाख करोड़ से भी अधिक की राशि संग्रहित की है. अपने सर्वोत्तम तकनीकी प्लेटफॉर्म का फायदा उठाते हुए आपका बैंक, अन्य बातों के साथ-साथ कर भुगतानों के लिए 24x7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधा प्रदान करता है. आपका बैंक आय घोषणा योजना तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई) सहित सरकारी योजनाओं के समयबद्ध रूप से कार्यान्वित करने में हमेशा अग्रणी रहा है.

आपका बैंक पूरे भारत में मौजूद अपनी प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से लघु बचत योजनाएं अर्थात् लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और सुकन्या समृद्धि खाता योजना को संचालित करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत है. आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई जीवन प्रमाण योजना के अंतर्गत केंद्रीय सिविल, रेलवे और रक्षा पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण संबंधी आधार आधारित प्रमाणन सुविधा भी प्रदान की है जिसकी सहायता से पेंशनर अपने 'डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र' को लॉगिन कर प्रस्तुत कर सकते हैं.

नकदी प्रबंधन सेवाएं

आपके बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली नकदी प्रबंधन सेवाएं (सीएमएस) कॉरपोरेट ग्राहकों की देयता प्रबंधन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए विशेष सॉफ्टवेयर (संग्रहण और भुगतान दोनों के लिए) का उपयोग करते हुए निधि संचलन, भुगतानों एवं प्राप्य राशि प्रणालियों पर निगरानी रखने और समग्र चलनिधि स्थिति के प्रबंधन जैसे कार्य करती है. यह प्रणाली ऋण के दिन पर व्यवस्था, कीमत-निर्धारण, प्रबंध सूचना प्रणाली (एमआईएस), प्रतिनिधि बैंक चेक के लिए प्रोसेसिंग, ग्राहक लाइन और ऐसे कई मानदंडों को नियंत्रित करती है.

आपका बैंक ऋण शोधन उत्पादों, वर्च्युअल खाता प्रणाली, प्रत्यक्ष नामे सुविधा, वेंडर प्रबंधन प्रणाली, स्वचालित समाशोधन गृह जमा एवं नामे सेवा आदि जैसी संग्रहण और भुगतान उत्पाद सुविधाएं प्रदान करता है. ये सभी उत्पाद बदलती बाजार प्रवृत्तियों के अनुरूप ग्राहक प्रणालियों के साथ आधुनिकतम प्रौद्योगिकी एकीकरण पर आधारित हैं.

आपके बैंक को भारतीय रेल के 11 अंचलों में इसके ग्राहकों को ई-फ्रेट भुगतान प्रणाली की सुविधा प्रदान करने और साथ ही चुनिंदा रेल अंचलों में स्टेशन पर उपार्जन के संग्रहण तथा भुगतान के लिए भी प्राधिकृत किया गया है. आपके बैंक को वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी इकाइयों (पीएसयू) और अन्य कॉरपोरेट से लाभांश वितरण के लिए अधिदेश मिलने जारी रहे तथा इस क्षेत्र में इसने अपनी महत्त्वपूर्ण बाजार मौजूदगी बनाए रखी.

आपके बैंक ने नामे तथा जमा दोनों की प्रोसेसिंग के लिए स्वचालित समाशोधन गृह (एसीएच) की सुविधा शुरू की है. एसीएच-नामे तथा एसीएच-जमा का उद्देश्य भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) सेवा का उपयोग कर बड़ी मात्रा और कम मूल्य के अंतर बैंक नामे/ जमा लेनदेनों, जो पुनरावृत्तीय स्वरूप के हैं, की सुविधा प्रदान करना है.

आपका बैंक ग्राहक की अपेक्षाओं को पूरा करने और साथ ही परिचालनगत क्षमता में सुधार लाने के उद्देश्य से अपनी सीएमएस प्रणाली को समय-समय पर ग्राहक अनुकूल बनाता रहता है.

आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक द्वारा अधिदेशित प्रणाली भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) के लिए सैद्धान्तिक अनुमोदन प्राप्त किया है तथा इसका उद्देश्य बिल संग्रहण कारोबार, बिलर्स, भुगतान सेवा प्रदाताओं तथा रिटेल बिल आउटलेटों में बैंकों तथा गैर-बैंकों को जोड़ते हुए देश में एकीकृत एवं अंत:प्रचालनीय बिल भुगतान प्रणाली प्रस्तुत करना है. इसका उद्देश्य बिल भुगतान को नकदी से इलेक्ट्रॉनिक चैनल में अंतरित कर एक नकदीरहित समाज की दिशा में बढ़ना है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के कॉरपोरेट सेंटर में एकीकृत ट्रेजरी है जिसमें निधियों के बेहतर प्रबंधन तथा ट्रेजरी परिचालन के लिए मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा-विनिमय, डेरिवेटिव और इक्विटी ट्रेडिंग परिचालनों से संबंधित कार्य किए जाते हैं. ट्रेजरी नकदी आरक्षित निधि अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर), सांविधिक चलनिधि अंतराल अनुपात (एसएलजीआर) चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) संबंधी विनियामक अनुपालन का प्रबंध करते हुए ग्राहकों को बाजार उत्पादों में लेनदेन, संसाधन जुटाने, विभिन्न बाजार खंडों में व्यापार और बाजार निर्माण के कार्य में सुगमता प्रदान करता है. आपके बैंक के ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण समाधान देने तथा सक्षम कारोबार परिचालन के लिए ट्रेजरी विभाग अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सज्जित है.

जमाराशियां जुटाने के अलावा, आपके बैंक ने तुलनपत्र में वृद्धि, लाभप्रदता को बढ़ाने और देयताओं की परिपक्वता के भुगतान हेतु चलनिधि का प्रबंध करने के लिए जमा प्रमाणपत्र, अंतर बैंक उधार राशियों, बांड निर्गम, विभिन्न स्रोतों से पुनर्वित्त और विदेशी मुद्रा उधार राशियों सहित विभिन्न लिखतों का प्रयोग किया. चलनिधि को विभिन्न अल्पावधि/ मुद्रा बाजार लिखतों के माध्यम से निधि तथा बाजार की स्थिति के आधार

पर उपयुक्त स्तर पर रखा गया. आपका बैंक विभिन्न बाज़ारों पर भी लगातार नजर रखता है तथा व्यापार लाभ के लिए अपनी स्थितियों के स्वीकार्य स्तर को अपनाता है.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान चलनिधि व्याप्ति अनुपात (एलसीआर), चलनिधि जोखिम निगरानी टूल्स और उन्नत चलनिधि जोखिम प्रबंधन के लिए एलसीआर प्रकटन मानकों को शामिल करते हुए चलनिधि मानकों के लिए बासेल III ढांचे को कार्यान्वित किया है तथा वर्ष के दौरान उच्च गुणवत्तापूर्ण चलनिधि आस्तियों का पता लगाने के लिए विक्रेयता परीक्षण किया.

विभिन्न शहरों में विशाल कारोबार संभावना को देखते हुए ट्रेजरी ने समूचे भारत में नौ नए केंद्र खोले. आपके बैंक की ट्रेजरी की एक बड़ी सेल्स टीम है जो विदेशी मुद्रा विनिमय और डेरिवेटिव उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करती है. यह टीम आपके बैंक के कॉरपोरेट एवं रिटेल ग्राहकों से नियमित आधार पर संपर्क करती है और मुद्राओं तथा दरों में उनके एक्सपोजरों का प्रभावी तरीके से प्रबंध करने के लिए तत्परतापूर्वक उनको समाधान देती है. आपके बैंक ने वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत किए अनुसार, विदेशी मुद्रा विनिमय, विकल्पों और स्वैपों के संमिश्र के माध्यम से विदेशी मुद्रा विनिमय दर और ब्याज दर जोखिम से ग्राहकों के बचाव के लिए उनको प्रतिस्पर्धी दरों पर विभिन्न प्रकार के मानक और ग्राहकोनुकूल समाधान प्रदान किए.

परिचालनगत जोखिम प्रबंधन के भाग के रूप में, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान बीकेसी, मुंबई में अत्याधुनिक ट्रेजरी कारोबार निरंतरता आयोजना केंद्र खोला. बीसीपी केंद्र किसी कारोबार व्यवधान / आपदा के मामले में, बैंक के मुख्य ट्रेजरी डीलिंग केंद्र के नज़दीकी केंद्र के लिए विकल्प के रूप में कार्य करता है. यह केंद्र विभिन्न बाजार खंडों को शामिल करते हुए एकीकृत परिचालनों के साथ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी से सुसज्जित है तथा सदैव निर्बाध ट्रेजरी सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए ट्रेजरी की फ्रंट ऑफिस, बैक ऑफिस और मिड-ऑफिस के कार्य का संचालन कर सकता है.

ट्रेजरी में सभी डीलिंग प्लेटफॉर्मों, इंटरफेस और कोर बैंकिंग प्लेटफॉर्म को एकीकृत करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एकीकृत ट्रेजरी प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) परियोजना के आद्योपांत कार्यान्वयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

इसके अलावा आपके बैंक ने सामान्यतया नियत आय उत्पादों तथा विशेष रूप से सरकारी प्रतिभूतियों की रिटेल बिक्री के लिए विभिन्न केंद्रों पर ऋण सेल्स टीमों का गठन किया है. ये टीमें स्क्रीन आधारित तयशुदा लेनदेन प्रणाली-ऑर्डर मिलान (एनडीएस-ओएम) बाजार के बाहर के लेनदेन करने के लिए निवेशकों की जरूरतों को पूरा करने और साथ ही आपके बैंक में खाता रखने वाले 500 से अधिक गिल्ट खाताधारकों को ग्राहक सहायक लेखाबही (सीएसजीएल) सेवा प्रदान करती हैं. साथ ही रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप आपके बैंक ने गौण बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों में ऑन-लाइन ट्रेडिंग के लिए गिल्ट खाताधारकों को वेब आधारित एनडीएस-ओएम मॉड्यूल की सुविधा प्रदान करने हेतु प्रक्रिया आरंभ कर दी है.

आपके बैंक की ट्रेजरी नवोन्मेषी वित्तीय समाधानों को आरंभ करने में अग्रणी रही जो बाजार के विकास में परोक्ष रूप से योगदान कर रहे हैं. निवेशकों को उनके खरीदे गए स्टॉक पर प्रतिदिन मार्क-टू-मार्केट (एमटीएम) स्थिति उपलब्ध कराने हेतु 'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक पोर्टल' को भी पुनर्निर्मित किया गया है. अपने जी-सेक पोर्टल के विस्तार में आपके बैंक ने एक अनोखी और अपने आप में विशिष्ट तरह की पहल करते हुए अपने रिटेल निवेशकों को एक और माध्यम उपलबध करवाया है, जिससे वे अपने एटीएमों के जरिए सरल, सुविधाजनक, पारदर्शी और किफायती तरीके से सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश कर सकते हैं.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विदेशी कारकों के कारण उत्पन्न हुई अस्थिर बाजार स्थितियों का उपयुक्त रूप से प्रबंध किया. प्रतिकूल बाहरी कारकों को अनुकूल देशी स्थितियों जैसे मंद मुद्रास्फीति, नरम ब्याज दर व्यवस्था, अच्छे मानसून और उत्तरोतर सुधारों द्वारा काफी हद तक नियंत्रण में रखा जा सका और इससे जोखिमों को भी काफी हद तक कम करने में सहायता मिली.

आपके बैंक ने प्राप्त अधिशेष निधियों का अल्पावधि लिखतों जैसे नकदी प्रबंध बिलों और विभिन्न परिपक्वता वाले मीयादी रेपो, जमाराशि प्रमाणपत्र (सीडी)/ वाणिज्यिक पत्र (सीपी), साथ ही परिवर्ती रेपो दर विंडो के जरिए रिज़र्व बैंक की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) में सफलतापूर्वक नियोजन किया तथा अपने विदेशी मुद्रा विनिमय दर एक्सपोजरों को अपने रणनीतिक कौशल से नियंत्रित रखा.

प्राथमिक व्यापारी (पीडी) कारोबार में आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा जुटाए गए विभिन्न अवधियों के ऋण की विनियामक रूप से अपेक्षित राशि की हामीदारी की है. आपके बैंक ने नीलामी बोली प्रक्रियाओं में भाग लेकर निधियाँ जुटाने में विभिन्न राज्य सरकारों को सहायता भी प्रदान की है. ट्रेजरी-बिल खंड में प्राथमिक व्यापारी (पीडी) कारोबार ने अपेक्षित सफलता अनुपात और सरकार दिनांकित प्रतिभूतियों व ट्रेजरी-बिलों में गौण बाजार टर्नओवर को हासिल करने के संबंध में सभी लागू वचनबद्धताओं को पूरा किया है.

सीमा पार शाखाएँ

दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में आपके बैंक की विदेश में पहली शाखा ने अपने परिचालन के सात वर्ष पूरे कर लिए हैं. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपका बैंक गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में भारत के पहले और एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय

वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में अपनी आईएफएससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू) खोलने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक बन गया है. अपनी डीआईएफसी और गिफ्ट आईबीयू शाखाओं के जरिए आपका बैंक भारतीय ग्राहकों को उनके भारतीय परिचालनों और समुद्रपारीय उद्यमों हेतु निधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाओं की शृंखला प्रदान करता है जिसमें बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी), विदेशी मुद्रा ऋण (एफसीएल), ईसीबी/ एफसीएल का समूहन तथा व्यापार वित्त उत्पाद शामिल हैं.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा उधार दोनों के लिए ऋण की रेटिंग प्राप्त करता है. रुपया संसाधनों के लिए रेटिंग निम्नानुसार है :

रुपया उधारराशियों के लिए रेटिंग

	क्रिसिल	इक्रा	इंडिया रेटिंग एंड रिसर्च
सावधि जमाराशियाँ	एफएएए/ निगेटिव	एमएए/ निगेटिव	इंड टीएएए
अल्पावधि उधारराशियाँ (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	[इक्रा] ए1+	इंड ए1+
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टियर II बांड)	क्रिसिल एए/ निगेटिव	[इक्रा] एए-/ निगेटिव	इंड एए+
हाइब्रिड - अपर टियर II बांड	क्रिसिल एए-/ निगेटिव	[इक्रा] ए+/ निगेटिव	इंड +/ निगेटिव
हाइब्रिड - आईपीडीआई (बासेल II)	क्रिसिल एए-/ निगेटिव	[इक्रा] ए+/ निगेटिव	----
हाइब्रिड एटी1 (बासेल III)	क्रिसिल ए/ निगेटिव	[इक्रा] ए(हाइब्रिड)/ निगेटिव	इंड ए+/ निगेटिव
टियर II बांड (बासेल III)	क्रिसिल एए/ निगेटिव	[इक्रा] एए-(हाइब्रिड)/ निगेटिव	इंड एए+/ स्टेबल

केयर ने ₹ 50 करोड़ के निम्न टियर II बांडों (पूर्ववर्ती आईडीबीआई होम फाइनेंस लि. के) को केयर एए/निगेटिव रेटिंग प्रदान की है.

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधारराशियों की रेटिंग तीन अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों अर्थात् मूडीज़ इन्वेस्टर सर्विसेज़ (मूडीज़), फिच रेटिंग (फिच) तथा स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी) द्वारा की जाती है. दीर्घावधि विदेशी मुद्रा रेटिंग और आधारभूत क्रेडिट मूल्यांकन (बीसीए)/ अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर) और स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी) निम्नानुसार हैं :

विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए रेटिंग

रेटिंग एजेंसी	रेटिंग
मूडीज़ इन्वेस्टर सर्विसेज़ (मूडीज़)	
दीर्घावधि रेटिंग	बीएए3/स्टेबल
आधारभूत क्रेडिट मूल्यांकन (बीसीए)	बी1
फिच रेटिंग	
दीर्घावधि निर्गमकर्ता चूक रेटिंग	बीबीबी-/स्टेबल
अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर)	बीबी-
स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी)	
निर्गमकर्ता क्रेडिट रेटिंग (आईसीआर)	बीबी/ स्टेबल
स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी)	बी-

दीर्घावधि रुपया उधारराशियाँ

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने दो शृंखलाओं में देशी बांड जारी कर कुल ₹ 2,500 करोड़ की राशि जुटाई जिसमें बासेल III अनुपालक अतिरिक्त टियर I बांड शामिल हैं.

विदेशी मुद्रा संसाधन

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा में कुल 5,643.29 मिलियन यूएस डालर की विदेशी मुद्रा जुटाई है जिसमें से 5,568.29 मिलियन यूएस डालर अल्पावधि उधारराशियों के रूप में जुटाये गए.

यथा 31 मार्च 2017 को भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतर-बैंक डीलिंग योजना (टियर I पूंजी की निर्धारित 100% की सीमा के तहत कुल अनुमत) के अंतर्गत आपके बैंक की कोई बकाया उधारराशियां (शून्य बकाया) नहीं थीं.

यथा 31 मार्च 2017 को मीडियम टर्म नोट (एमटीएन) कार्यक्रम के तहत आपके बैंक की कुल निर्गम उधारराशियां 1,990.32 मिलियन यूएस डालर थीं.

जोखिम प्रबंध

आपके बैंक की जोखिम प्रबंधन रणनीति सतत् आधार पर कारोबार जोखिमों के अभिनिर्धारण, आकलन तथा निगरानी पर आधारित है जिससे पूंजी का प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित किया जा सके. जोखिम नियंत्रण के लिए कुछ प्रभावी उपायों में सुपरिभाषित जोखिम प्रबंधन नीतियों को तैयार करना और अपने बैंक की जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप जोखिम

सीमाओं तथा प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करना शामिल है. विनियामक परिप्रेक्ष्य से कारोबारी गतिशीलता, नवोन्मेषिता और परिवर्तनों के संदर्भ में नीति को आवधिक रूप से अद्यतन किया जाता है.

आपका बैंक अपने सभी वर्टिकलों में जोखिम के प्रति जागरूकता बढ़ाकर और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाकर जोखिम प्रबंधन संस्कृति में सुधार लाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है. समग्र जोखिम प्रबंधन की ज़िम्मेदारी निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) की है किन्तु दैनंदिन कार्यकलाप जोखिम अभिशासन संरचना के आधार पर विभिन्न स्तरों पर किए जाते हैं.

निरंतर जटिल होती जा रही वित्तीय प्रणाली की चुनौतियों का सामना करने के लिए जोखिम प्रबंधन प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं को निरंतर उन्नत और विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है. जोखिम प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ तथा प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन संरचना (आईआरएमए) को कार्यान्वित किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान अर्थात् जोखिम आकलन मॉड्यूल (आरएमए), पूंजी आकलन मॉडल (सीएएम) और व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (कोर) शामिल हैं. आईआरएमए ऋण तथा परिचालन जोखिमों का अभिनिर्धारण करने तथा उन्हें मापने में सहायता करता है, जिनसे उपयुक्त जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियाँ तैयार करने में सुविधा होती है.

बासेल मानदंडों का कार्यान्वयन

आपका बैंक बासेल III मानदंडों के अंतर्गत पिलर-1 दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित रूप में तिमाही आधार पर ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता की गणना करता है.

बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों को 31 मार्च 2016 से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) रखना अनिवार्य है. सीसीबी यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है कि बैंक सामान्य समय (अर्थात् दबावग्रस्त अवधि से बाहर) में बफर निर्मित करें जिसे दबावग्रस्त अवधि के दौरान होने वाली हानि की स्थिति में उपयोग में लाया जा सके. बैंकों से यह अपेक्षित है कि वे मार्च 2019 तक 9.00% की विनियामक न्यूनतम पूंजी अपेक्षा के ऊपर 2.50% सीसीबी, जिसमें सामान्य इक्विटी टियर -1 (सीईटी 1) पूंजी शामिल है, बनाए रखें. विनियामक दिशानिर्देशों में शामिल संक्रमणकालीन व्यवस्थाओं के अनुरूप 31 मार्च 2017 के लिए लागू सीसीबी 1.25% (2.50% का 50.00%) है. तदनुसार कुल पूंजी की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा और सीसीबी 10.25% (सीआरएआर+सीसीबी) है. यथा 31 मार्च 2017 को आपके बैंक का सीआरएआर अनुपात 10.70% रहा. इसी प्रकार आपके बैंक का सीईटी 1 अनुपात 6.75% (सीसीबी सहित) की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 5.64% (सीईटी 1 + सीसीबी) है. यथा 31 मार्च 2017 को टियर-I अनुपात 8.25%(सीसीबी सहित) की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 7.81% है. आपके बैंक ने कम से कम समय में विनियामक मानदंडों को पूरा करने के लिए अपनी पूंजी को अनुरूपित करने के लिए उपयुक्त उपाय शुरू कर दिए हैं.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर-2 मानदंडों के अनुरूप निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) संबंधी नीति है. यह नीति आपके बैंक को पिलर-1 के अंतर्गत न आने वाले जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन और गणना करने तथा सामान्य और दबावग्रस्त स्थितियों में ऐसे जोखिमों का प्रबंध करने के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ विकसित करने में समर्थ बनाती है. आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्यापक दबाव परीक्षण ढांचा भी कार्यान्वित किया है. दबाब परीक्षण ढांचा आपके बैंक को असाधारण किन्तु तर्कयुक्त घटनाओं की स्थिति में जोखिम प्रबंधन ढांचे का आकलन करने में और किसी प्रकार की अप्रत्याशित आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए उपयुक्त सक्रिय रणनीतियाँ लागू करने में सहायता करता है.

आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के तहत पिलर-3 अपेक्षाओं के अनुसार एक प्रकटन नीति अपनाई है. तदनुसार प्रत्येक तिमाही के अंत में प्रकटन आपके बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है जो उच्च स्तरीय पारदर्शिता प्रदर्शित करता है.

वर्तमान में आपका बैंक पूंजी प्रभार की गणना के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाता है तथा उन्नत दृष्टिकोण अर्थात् आंतरिक रेटिंग आधारित (आईआरबी) प्रणाली में अंतरण के लिए अपनी ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली को और उन्नत तथा मजबूत बनाने की दिशा में प्रगति की है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामक पूंजी प्रभार गणना के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) का अनुसरण करता है. प्रभावी नियंत्रण व्यवस्था के लिए उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) में अंतरण प्रक्रिया के एक भाग के रूप में विभिन्न कारोबारी खंडों में मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) का एक सेट तथा जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन रूपरेखा उपलब्ध कराई गई हैं. बाजार जोखिम के लिए, आपका बैंक विनियामक पूंजी अपेक्षाओं की गणना करने हेतु मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) अपनाता है तथा उन्नत कार्यप्रणाली अर्थात् आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण (आईएमए) में अंतरण के लिए आवश्यक कदम यथासमय उठाए जाएंगे.

ऋण जोखिम

आपके बैंक की ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली में ऋण प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए जोखिम आकलन मॉडल (आरएमए) और पूंजी निर्धारण के स्वचालन के लिए पूंजी निर्धारण मॉडल (सीएएम) शामिल है. वर्ष के दौरान आरएमए के अंतर्गत मॉडल वैधीकरण पर एक अभ्यास किया गया और क्षेत्र के विशेषज्ञों की सेवाएँ लेकर इसे पूरा किया गया. ऋण नीति दस्तावेज़ की बदलते कारोबारी उद्देश्यों तथा आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप समीक्षा की गई है. यह कारोबारी वर्टिकलों के लिए मार्गदर्शक साधन है. ऋण प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग एक त्रि-स्तरीय प्रक्रिया है जहां

आपके बैंक का जोखिम प्रबंधन विभाग तीसरे चरण में 5 करोड़ रुपए से अधिक के सभी एक्सपोजरों का वैधीकरण करता है. शीर्ष स्तर पर रेटिंग समिति ऋण रेटिंग का वैधीकरण करती रही है और जोखिम विश्लेषकों तथा संपर्क प्रबंधकों का मार्गदर्शन भी करती है.

बाजार जोखिम

आपके बैंक में कार्य तथा कारोबार स्थितियों के संदर्भ में बाजार जोखिम प्रबंधन बाजार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति तथा निवेश नीति में परिभाषित नीतिगत ढांचे के अनुरूप परिचालित होता है. सामान्यतः ये नीतियां जोखिम वहन क्षमता के उपयुक्त स्तरों की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं तथा जोखिम व अपवादों के मापन, रिपोर्टिंग तथा वृद्धि के आकलन के लिए प्रक्रिया लागू करती हैं.

आपके बैंक ने बाजार जोखिमों का प्रबंधन करने के उद्देश्य से निगरानी और रिपोर्टिंग टूल सहित उपयुक्त जोखिम प्रबंधन प्रणालियाँ अपनाई हैं. सकेंद्रण जोखिम कम करने के लिए विभिन्न एक्सपोजर सीमाएं लागू की हैं. सभी निर्धारित सीमाओं तथा सभी प्रक्रियाओं की गहन निगरानी ट्रेजरी के फ्रंट और बैक ऑफिस से स्वतंत्र ट्रेजरी मिड ऑफिस द्वारा की जाती है.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा है जिसमें एक समर्थकारी संगठनात्मक व्यवस्था के तहत निदेशक मंडल, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) तथा विभिन्न कार्यों/विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हैं. परिचालनगत जोखिम की परिचालन प्रक्रिया बोर्ड अनुमोदित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति द्वारा निदेशित है जिसका लक्ष्य बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े परिचालनगत जोखिमों की पहचान, निगरानी, आकलन तथा प्रबंधन करना है.

आपके बैंक ने परिचालनगत जोखिम पर अंकुश लगाने/कम करने के लिए सक्रिय उपाय किए हैं जिनमें शामिल हैं :

i) मुख्य जोखिम संकेतकों की निगरानी;

ii) नए (संशोधित) उत्पादों/ प्रणालियों से सम्बद्ध जोखिम का निर्धारण और उनका न्यूनीकरण;

iii) विभिन्न जोखिमों और नियंत्रणों का स्व-मूल्यांकन;

iv) परिचालनगत हानि वाले मामलों की निगरानी;

v) प्रणालीगत जोखिम का निर्धारण;

vi) विभिन्न प्रक्रियाओं में सुधार.

आपके बैंक में परिचालनगत जोखिम की निगरानी के एक भाग के रूप में परिचालनगत जोखिम प्रबंधन तथा मापन हेतु एक व्यापक आईटी प्रणाली मौजूद है. परिचालनगत जोखिम प्रबंधन तथा मापन के संदर्भ में हुई प्रगति की जानकारी आवधिक रूप से बोर्ड की परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति तथा जोखिम प्रबंधन समिति को प्रस्तुत की जाती है. आपका बैंक पूरी संस्था में जोखिम जागरूकता संस्कृति पैदा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन

आपके बैंक के पास कारोबारी व्यवधानों तथा जीवन की जोखिमपूर्ण स्थितियों को कम करने के लिए एक सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) प्रक्रिया है. आपका बैंक सरकारी क्षेत्र का पहला बैंक है जिसे बीसीएम के बैंक व्यापी कवरेज के लिए विश्व प्रसिद्ध प्रमाणन आईएसओ 22301:2012 से सम्मानित किया गया है.

आपके बैंक ने बीसीएम के एक भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) कार्यान्वित की है. यह कारोबार व्यवधान/आपदा के बावजूद ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए है. इसके अलावा आपदा के दौरान मानव जीवन की रक्षा करने और मूल्यवान आस्तियों का नुकसान कम करने हेतु अपनी प्रमुख स्थापनाओं के लिए एक व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) भी लागू की गई है. इन बीसीपी तथा डीएमपी की क्रियाशीलता का बीसीपी परीक्षण अभ्यास, आपदा बहाली तथा मॉक इवैक्यूवेशन ड्रिलों के माध्यम से आवधिक परीक्षण किया जाता है. आपके बैंक की कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली एक स्वचालित टूल अर्थात् एकीकृत आपदा और कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (आई-डीएबी) से भी सुसज्जित है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

आपके बैंक ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जोखिम प्रबंधन तथा नियंत्रण को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं. आपके बैंक ने अपने बेलापुर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित अपने डेटा केंद्र में एक अत्याधुनिक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) की स्थापना की है. इस एसओसी के माध्यम से आपका बैंक केंद्रीकृत रूप से सुरक्षा साधनों/समाधानों जैसे फायरवाल्स, राऊटर्स, इंट्रूजन डिटेक्सन सिस्टम(आईडीएस)/ इंट्रूजन प्रिवेंसन सिस्टम (आईपीएस)/ विशेषाधिकार-प्राप्त पहचान एक्सेस प्रबंधन (पीआईएम), एंटीवायरस, फिशिंग/मालवेयर प्रयासों आदि की निगरानी करता है और सुधारात्मक उपाय करता है. एसओसी बैंक के सम्मानित ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के बैंक के उद्देश्य को पूरा करने के अलावा साइबर अपराधों से निपटने के लिए और बैंक की सूचना सुरक्षा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक कमान केंद्र के रूप में कार्य करता है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने निगरानी के लिए एसओसी के अंतर्गत बड़ी संख्या में डिवाइसें शामिल की हैं. आपका बैंक बाह्योन्मुख एप्लीकेशनों अर्थात् इंटरनेट बैंकिंग, मेल मेसेंजिंग आदि के लिए नियमित रूप से भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (वीएपीटी) करता है.

आपके बैंक ने सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ियों के संबंध में अप्रैल 2011 तथा जून 2016 में जारी की गई रिज़र्व बैंक की सिफारिशों को कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. आपके बैंक ने दिशानिर्देशों में अनुशंसित रूप में उपयुक्त संगठनात्मक ढांचा स्थापित किया है. ग्राहक डेटा की सुरक्षा करने, बाह्य आक्रमणों को रोकने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाने के लिए कई सूचना सुरक्षा समाधान जैसे विशेषाधिकार प्राप्त पहचान एक्सेस प्रबंधन, पैच प्रबंधन समाधान, सक्रिय डायरेक्टरी, वेब/ मेल गेटवे आदि कार्यान्वित किए गए हैं.

आपके बैंक ने एक सुस्पष्ट साइबर सुरक्षा नीति और साइबर संकट प्रबंधन योजना लागू की है जो साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का समाधान करने के लिए प्रबंधन के इरादे तथा दिशा को स्पष्ट करता है. कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के अलावा सुरक्षा सेंध के प्रयासों को कम/विफल करने के लिए ग्राहकों को मेलर, एसएमएस, एटीएम तथा पोस्टर के माध्यम से विभिन्न सूचना सुरक्षा संबंधी सावधानियों की जानकारी दी जाती है. आपके बैंक ने अपने स्टाफ तथा ग्राहकों में सूचना सुरक्षा जागरूकता पैदा करने के लिए एक लघु दृश्य-श्रव्य फिल्म तैयार की है.

आपके बैंक का आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा प्रणालियाँ पेरिमीटर और एंडपॉइंट्स दोनों पर समाधान सहित एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित की गई हैं. कस्टमर फेसिंग इंटरफेस में दो स्तरीय अधिप्रमाणन प्रक्रिया मौजूद है. सूचना सुरक्षा पहलू पर आपके बैंक ने बैंक तथा ग्राहकों से संबंधित संवेदनशील डेटा के दुरुपयोग को रोकने के लिए डेटा लीकेज रोकथाम समाधान (डीएलपी) शुरू किया है. आपके बैंक के डेटा केंद्र और आपदा बहाली केंद्र को आईएसओ 27001:2013 सूचना सुरक्षा मानदंडों का प्रमाणन प्राप्त है. आपके बैंक में महत्वपूर्ण लेनदेनों हेतु शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करने के लिए एक नीयर-डीआर साइट भी स्थापित की है. बैंक की सूचना सुरक्षा संचालन समिति सूचना प्रणालियों में परिचालनगत जोखिम कम करने के लिए दिशानिर्देश उपलब्ध कराती है. सुरक्षा घटनाएँ तथा नीतियाँ आवश्यक दिशानिर्देश के लिए बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी समिति (आईटीसीबी) के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं जिसका कार्यवृत्त सूचना के लिए बोर्ड को प्रस्तुत किया जाता है. आईटीसीबी अनुमोदन के लिए बोर्ड को नीतियों की सिफारिश करता है.

प्रबंधन, नियंत्रण एवं प्रणालियां

मानव संसाधन

आपके बैंक में मानव संसाधन (एचआर) रणनीति को इस प्रकार तैयार किया गया है कि भर्ती, नियोजन, प्रशिक्षण, प्रतिभा को बनाए रखने तथा प्रेरणास्पद रणनीतियों से संबंधित विभिन्न एचआर नीतियों का कारोबारी अपेक्षाओं के साथ प्रभावी रूप से संयोजन हो सके जिससे आपके बैंक के संकल्प और उद्देश्य को प्राप्त करने में निर्बाध सहायता मिल सके. इस दिशा में आपका बैंक कर्मचारियों को प्रोत्साहन प्रदान कर उनके सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए निरंतर प्रयास करता रहा है और साथ ही बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्रदान करने के लिए कर्मचारी कल्याण के विभिन्न उपाय करता रहा है.

जनशक्ति

यथा 31 मार्च 2017 को आपके बैंक कुल स्टाफ संख्या 18,187 रही. कर्मचारियों का श्रेणीवार अलग-अलग विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	कुल
अधिकारी	15,931
एक्जीक्यूटिव	461
लिपिकीय स्टाफ	929
अधीनस्थ स्टाफ	866
कुल	**18,187**

प्रभावी जनशक्ति योजना और विवेकपूर्ण नियुक्ति के चलते आपके बैंक में युवा अधिकारियों की एक उत्कृष्ट टीम है जिनकी औसत आयु लगभग 33 वर्ष है.

भर्ती और स्टाफिंग

आपके बैंक के वार्षिक जनशक्ति निर्धारण में अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने वाले अधिकारियों की संख्या, संभावित पलायन, शाखा विस्तार तथा कारोबारी वृद्धि को ध्यान में रखा जाता है. तदनुसार, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान ग्रेड 'ए' में 1646 अधिकारियों, 267 एक्जीक्यूटिवों, चार लिपिकों तथा 2 अधीनस्थ स्टाफ (अनुकंपा आधार पर नियुक्त) की नियुक्ति की है. इनमें से 318 अनुसूचित जाति (अ.जा.), 200 अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) से तथा 657 अन्य पिछड़े वर्ग (अ.पि.व.) से संबंधित हैं. कुल भर्ती स्टाफ संख्या में से 60 व्यक्ति अशक्त (पीडबल्यूडी) हैं.

आपके बैंक ने ग्रेड 'ए' में अधिकारियों की भर्ती बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए आयोजित सामान्य भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की है और एक्जीक्यूटिव की भर्ती आईबीपीएस के माध्यम से एकल भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की है.

मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज़, बेंगलुरु में बैंकिंग एवं वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के माध्यम से भर्ती

दिसंबर 2016 में आपके बैंक ने मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज़ प्रा. लि., बेंगलुरु के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) को एक वर्ष की अवधि के लिए और बढ़ाया जिसके अंतर्गत 1000 छात्र बैंकिंग एवं वित्त में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीबीएफ) के लिए पंजीकृत किए जाएंगे. यह व्यवस्था 'प्रशिक्षण, भर्ती व समावेश' मॉडल पर कार्य

करती है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने पीजीडीबीएफ कोर्स को पूरा करने वाले 367 अभ्यर्थियों को सहायक प्रबंधक के रूप में भर्ती किया है.

आरक्षण नीति

आपका बैंक भारत सरकार की वर्तमान आरक्षण नीति का पूरी तरह से पालन करता है. आपके बैंक ने अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी तथा अपिव के लिए महाप्रबंधक तथा उप महा प्रबंधक स्तर के मुख्य संपर्क अधिकारियों (सीएलओ) तथा अंचल संपर्क अधिकारियों (जेडएलओ) की नियुक्ति की है जो आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करते हैं. आपके बैंक ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अशक्त व्यक्तियों के लिए अलग रोस्टर बनाया है.

यथा 31 मार्च 2017 को बैंक की कुल जन शक्ति संख्या में अपिव/अजा/अजजा का प्रतिनिधित्व निम्नवत् है:

श्रेणी	अपिव	अजा	अजजा
अधिकारी	3,877	2,288	932
एक्जीक्यूटिव	137	62	38
लिपिक	76	107	33
अधीनस्थ स्टाफ	162	197	73
कुल	**4,252**	**2,654**	**1,076**

प्रशिक्षण एवं विकास

आपका बैंक संगठनात्मक लक्ष्यों की समग्र रूप से प्राप्ति की दिशा में अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अपने शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान अर्थात् जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (जेएनआईबीएफ) तथा नौ अंचल प्रशिक्षण केन्द्रों में लगभग 900 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए. आपके बैंक ने बाह्य घरेलू प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 500 से अधिक अधिकारियों तथा बाह्य विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए लगभग 20 अधिकारियों को भी नामित किया.

आपके बैंक के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान-जेएनआईबीएफ ने वर्ष के दौरान अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे किए. जेएनआईबीएफ को गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन प्रणाली तथा प्रक्रियाओं में निरंतर मूल्यांकन तथा सुधार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता तथा प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन से सम्मानित किया गया. जेएनआईबीएफ ने परियोजना मूल्यांकन, ट्रेजरी प्रबंधन, नेतृत्व कार्यक्रम तथा जोखिम प्रबंधन जैसे विषयों पर अन्य बैंकों के प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने का कार्य भी शुरू किया है.

आपका बैंक विभिन्न विषयों को शामिल करते हुए सभी स्तरों के अपने अधिकारियों के लिए आवश्यकतानुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है. वरिष्ठ प्रबंधन तथा मध्य प्रबंधन वर्ग के लिए क्रमशः जोखिम प्रबंधन तथा परियोजना वित्त पर कौशल उन्नयन सत्र आयोजित किए गए. कनिष्ठ प्रबंधन वर्ग के अधिकारियों के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में कृषि तथा ट्रेजरी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए. कनिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों के लिए परियोजना वित्त तथा प्रबंधन पर फाउंडेशन कार्यक्रम तीन चरणों में अर्थात् क्लास रूम प्रशिक्षण, कार्य पर प्रशिक्षण तथा उन्नत क्लास रूम प्रशिक्षण आयोजित किए गए.

आपका बैंक भारत सरकार से प्राप्त विनियामक तथा सांविधिक दिशानिर्देशों को सर्वोच्च महत्व देता है. आपके बैंक ने ग्राहक सेवा, अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) तथा धन-शोधन निवारण (एएमएल) जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कार्यशालाएँ आयोजित करना जारी रखा. भारत सरकार के निदेशों के अनुसार आपके बैंक ने आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों/कर्मचारियों के लिए भर्ती-पूर्व तथा पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए.

आपका बैंक अपनी ऑनलाइन शिक्षण प्रबंधन प्रणाली अर्थात् ओजस के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण को बढ़ावा दे रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार के बैंकिंग विषयों को शामिल करते हुए 150 ई-लर्निंग मॉड्यूल रखे गए हैं.

कर्मचारी सहायता कार्यक्रम

आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों के लिए कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) जारी रखा. ईएपी सेवाओं में सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवार के भावनात्मक, मानसिक तथा सामान्य मनोवैज्ञानिक कुशलक्षेम को बढ़ाने के उद्देश्य से ऑनलाइन/ टेली/ प्रत्यक्ष परामर्श तथा ई-कार्यशाला शामिल है.

समूह जीवन बीमा योजना

दिवंगत कर्मचारी के परिवार की कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने सभी स्थायी कर्मचारियों के लिए समूह जीवन मीयादी बीमा पॉलिसी की सुविधा दी है जो अधिवर्षिता की आयु के बाद 70 वर्ष पूरे होने तक सुरक्षा देगी. इस योजना के तहत आपका बैंक वार्षिक प्रीमियम राशि का 50% अंशदान करता है और शेष 50% राशि कर्मचारियों द्वारा वहन की जाती है. अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को पूरी प्रीमियम राशि का भुगतान कर योजना को जारी रखने का विकल्प उपलब्ध है.

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मेडीक्लेम योजना

अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए एक कल्याणकारी उपाय के रूप में आपके बैंक ने उन्हें डे केयर सुश्रुषा प्रक्रियाओं सहित अस्पताल में भर्ती के कारण उत्पन्न होने वाली वित्तीय देयताओं से संरक्षण प्रदान करने के लिए नवंबर 2016 में समूह मेडीक्लेम बीमा योजना प्रारंभ

की है. इस योजना के अंतर्गत आपका बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारियों का एक समूह बनाने और उनकी ओर से बीमा पॉलिसी प्राप्त करने के लिए एक सुगमकर्त्ता के रूप में कार्य करता है जिससे उन्हें कम प्रीमियम तथा उदार विशेषताओं का लाभ मिलता है. योजना की विशेषताओं में रक्षित राशि तक सूचीबद्ध अस्पतालों में नकदी-रहित बीमा सुविधा, किसी पूर्व-चिकित्सा जांच के बिना सभी पुरानी तथा मौजूदा बीमारियों का कवरेज और साथ ही अस्पताल में भर्ती के बाद होने वाले खर्चे शामिल हैं.

आईडीबीआई बैंक अधिकारी अध्ययन योजना (आईबीओएसएस)

प्रतिभा को बनाए रखने के एक उपाय के रूप में आपके बैंक ने अधिकारियों के लिए आईबीओएसएस की शुरुआत की है ताकि वे भारत अथवा विदेश में प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें. यह योजना प्रतिभावान अधिकारियों को उनके व्यावसायिक विकास को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है. इस योजना के तहत चुनिंदा अधिकारियों को शिक्षा ऋण दिया जाता है. पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद निर्धारित निबंधनों एवं शर्तों का पालन करने पर ऋण माफ कर दिया जाता है.

प्रोत्साहन योजना

आपके बैंक ने उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन करने वाले अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य-निष्पादन सम्बद्ध नकदी प्रोत्साहन योजना (पीएलसीआईएस) शुरू की है.

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच)

कर्मचारियों में पीओएसएच के संबंध में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एक संवादात्मक ई-लर्निंग मॉड्यूल ओजस पर होस्ट किया गया है और वर्ष के दौरान पीओएसएच पर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन

आपके बैंक ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार एक यौन उत्पीड़न विरोधी नीति अपनाई है. आपके बैंक ने यौन उत्पीड़न के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के निपटान के लिए दो आंतरिक शिकायत समितियां बनाई हैं. 2016-17 के दौरान आपके बैंक को 6 (छह) शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से विधिवत छान-बीन के पश्चात् 2 (दो) शिकायतों का समाधान कर दिया गया है. यथा 31 मार्च 2017 को कुल 6 (छह) शिकायतें लंबित थीं जिसमें 4 (चार) लंबित शिकायतें वर्ष 2016-17 की थीं तथा 2 (दो) शिकायतें विगत वर्षों की थीं.

औद्योगिक संबंध

वर्ष के दौरान आपके बैंक में औद्योगिक संबंध का वातावरण सामान्यतः सौहार्दपूर्ण रहा है तथा अधिकांश समस्याओं का समाधान सौहार्दपूर्ण रूप से कर लिया गया है. आईडीबीआई बैंक के अधिकारियों / कामगारों के एक वर्ग ने वेतन संशोधन मामले सहित अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में विभिन्न संघों/ यूनियनों के बैनर तले 29 जुलाई 2016, 2 सितंबर 2016, 6 फरवरी 2017 और 28 फरवरी 2017 को हड़ताल पर जाने का आह्वान किया था. तथापि, कोई भी अप्रिय घटना रिपोर्ट नहीं की गई और आपका बैंक 75% से अधिक शाखाओं / कार्यालयों को खुला रखने में सफल रहा और हड़ताल के दिनों में अबाध ग्राहक सेवा के लिए सभी एटीएम तथा अन्य वैकल्पिक चैनल उपलब्ध कराये गए.

आंतरिक लेखापरीक्षा

आपके बैंक में एक सुसज्जित आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है जो विभिन्न कारोबार / सहायता वर्टिकलों, अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यकलापों की नियमित लेखापरीक्षा करता है. लेखापरीक्षाएं बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) के दिशानिर्देशों तथा पर्यवेक्षण में की जाती है. नियत कार्यों को करते समय लेखापरीक्षा कार्य अपनी स्वतंत्रता तथा वस्तुनिष्ठता को बनाए रखता है. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक तथा आंतरिक एवं समवर्ती लेखापरीक्षा पर भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) को अपनी रणनीति के रूप में अपनाया है.

आपके बैंक के पास परिचालनों के स्वरूप और जटिलताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी और आईटी सुरक्षा से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में अनुभवी आंतरिक सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा (आईएस लेखापरीक्षा) टीम है. आपके बैंक ने विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार अपने आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य के पूरक के रूप में एक अनुभवी व्यापक समवर्ती लेखापरीक्षा प्रणाली भी कार्यान्वित की है. अपने ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ऋण लेखापरीक्षा प्रणाली लागू की गई है. यह प्रणाली व्यापक रूप से ऋण मूल्यांकन, ऋणों की मंजूरी और ऋण प्रशासन के क्षेत्रों में आपके बैंक की नीतियों के अनुपालन पर ध्यान देती है. आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य को अंचल लेखापरीक्षा कार्यालयों (ज़ेडएओ), एक आंतरिक वेब-आधारित लेखापरीक्षा प्रबंधन प्रणाली (एएमएस) तथा एक ऑफ-साइट अलर्ट प्रबंधन प्रणाली (ओएमएस) का पर्याप्त सहयोग प्राप्त है.

आपके बैंक ने प्रबंधन प्रणाली की विश्वसनीयता, आस्तियों की सुरक्षा और नियमों व विनियमों के अनुपालन के संदर्भ में नियंत्रण परिवेश की समीक्षा और रिपोर्ट के लिए जोखिम आधारित प्रबंध लेखापरीक्षा (आरबीएमए) भी लागू की है.

आपका बैंक आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की पर्याप्तता एवं प्रभावशीलता, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन की स्थिति का निरंतर आधार पर मूल्यांकन करता है तथा विभिन्न जोखिमों के समाधान के लिए नियंत्रण प्रणाली को मजबूत और कारगर बनाने के उपाय सुझाता है. तदनुसार, आपका बैंक अपनी जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति,

समवर्ती लेखापरीक्षा नीति और सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा नीति की वार्षिक आधार पर समीक्षा करता है.

आपके बैंक का लेखापरीक्षा विभाग परिचालन गुणवत्ता बढ़ाने और प्रक्रियाओं में सही तालमेल लाने के लिए परिचालन जोखिम विभाग और अन्य परिचालन विंग के बीच उचित समन्वय के साथ कार्य करता है. बैंकिंग उद्योग में सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने के प्रयास में बैंक के व्यवहारों और प्रक्रियाओं के लिए उच्च स्तरीय मानदंड स्थापित करने पर ज़ोर दिया जाता है. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति, कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति और अंचल लेखापरीक्षा समिति नियमित आधार पर कार्य-निष्पादन की समीक्षा करती है, आंतरिक लेखापरीक्षा के अधिकारियों को निर्देश देती है और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता और साथ ही विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करती है.

धोखाधड़ी प्रबंधन प्रणाली

आपके बैंक ने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के अधीन एक समर्पित धोखाधड़ी निगरानी समूह (एफएमजी) के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था कार्यान्वित की है. सभी धोखाधड़ियों की निगरानी और समीक्षा के लिए धोखाधड़ी समीक्षा परिषद (एफआरसी) का गठन किया गया है ताकि प्रणालीगत खामियों, यदि कोई हो, की पहचान की जा सके और सुधारात्मक उपाय शुरू किए जा सकें तथा जांच की प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी की जा सके. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपराचारात्मक कार्रवाइयों की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है. इस प्रकार की कार्रवाई में आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता आधारित उपराचारात्मक उपाय लागू करना शामिल है. धोखाधड़ियों का समयपूर्व पता लगाने, उनकी रोकथाम करने, रिपोर्टिंग, निगरानी और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति कार्यान्वित की गई है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में पूर्ण रूप से सुसज्जित सतर्कता विभाग कार्यरत है जो सतर्कता से संबंधित अनुशासनिक कार्रवाई के मामलों में दंड की मात्रा और प्रकार के बारे में सुझाव के अलावा, सतर्कता से जुड़ी शिकायतों की जांच करने तथा नियंत्रण प्रणालियों और निर्धारित प्रक्रियाओं में कमियों, यदि कोई हो, में सुधार लाने के लिए शीर्ष प्रबंधन को सुधारात्मक उपाय सुझाने का कार्य करता है. आपके बैंक ने सतर्कता प्रशासन में सुधार लाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों को कार्यान्वित किया है और एक प्रणाली लागू की है जिसमें जनता/ किसी अन्य स्रोत से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है.

आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग की साइट मौजूद है जिस पर सतर्कता विभाग का विवरण, आपके बैंक की सभी शाखाओं और कार्यालयों में प्रदर्शित की जाने वाली सीवीसी की नोटिस के मानक प्रारूप, सीवीसी, सीवीसी के मुख्य तकनीकी निरीक्षक संगठन (सीटीईओ) और आपके बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले महत्वपूर्ण परिपत्र/ दिशानिर्देश और निवारक सतर्कता के लिए 'क्या करें और क्या न करें' जैसी जानकारी दी गई है. इससे अधिकारियों में सतर्कता जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में आपके बैंक को सहायता मिली है.

वर्ष के दौरान अनाचार, यदि कोई हो, का पता लगाने तथा स्थापित प्रणालियों और प्रक्रियाओं के गैर-अनुपालन की जांच के लिए विभिन्न शाखाओं के औचक सतर्कता दौरे किए गए और जहां आवश्यक समझा गया, वहां समुचित सुधारात्मक उपाय सुझाए गए.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक के कर्मचारियों में सतर्कता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए निवारक एवं सहभागितात्मक सतर्कता पर केंद्रित कई चर्चापरक कार्यशालाएं और व्याख्यान / प्रस्तुतियां आयोजित की गईं. कर्मचारियों को भ्रष्टाचार की बुराइयों के बारे में जागरूक करने के लिए *'ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार को समाप्त करने में जनता की सहभागिता'* थीम के साथ आपके बैंक के प्रधान कार्यालय, अंचल कार्यालयों और शाखाओं में 31 अक्तूबर 2016 से 5 नवंबर 2016 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया. इस अवसर पर आपके बैंक ने स्टाफ सदस्यों के लाभ के लिए एक विशेष जर्नल प्रकाशित किया और स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- निबंध लेखन, वक्तृत्व, क्विज आदि का आयोजन भी किया गया. आपके बैंक ने सीवीसी द्वारा बैंक को आबंटित किए अनुसार वृहद मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे जिलों के 25 स्कूलों और महाविद्यालयों में विभिन्न सतर्कता कार्यकलाप आयोजित किए. इसके अलावा, आपके बैंक ने भारत भर में अन्य 237 स्कूलों और महाविद्यालयों में विभिन्न प्रकार के लोकसंपर्क कार्यक्रम भी आयोजित किए.

स्टाफ सदस्यों में सतर्कता के बारे में जानकारी देने के लिए सतर्कता विभाग ने एक नई पहल शुरू की है जिसके तहत कर्मचारियों द्वारा उनके पर्सनल कंप्यूटर में लॉगिन करते ही सतर्कता जागरूकता संबंधी बहु-विकल्पी प्रश्न प्रदर्शित होता है. कर्मचारी द्वारा अपना उत्तर चुनने के बाद सही उत्तर दर्शाया जाता है.

सतर्कता विभाग ने निवारक सतर्कता के बारे में स्टाफ सदस्यों को अवगत कराने के लिए धोखाधड़ियों/अनाचारों/भ्रष्टाचार के केस अध्ययनों की एक नई शैक्षणिक शृंखला शुरू की है. यह सामग्री आपके बैंक के इंट्रानेट पर विभाग के वेबपेज पर रखी गयी है. इस शृंखला का उद्देश्य पथभ्रष्ट अधिकारियों द्वारा अपनायी गई कार्यप्रणाली को समझने में सभी स्टाफ सदस्यों की सहायता करना और सभी स्टाफ सदस्यों को ऐसे माहौल में 'क्या करें और क्या न करें' के बारे में शिक्षित करना है.

सतर्कता मामलों के साथ - साथ सतर्कता कार्यकलापों के लिए प्रक्रियाओं के संबंध में सीवीसी, भारत सरकार - वित्त मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक और बैंक द्वारा जारी अद्यतन अनुदेशों/ दिशानिर्देशों/ निदेशों के तत्काल और सुलभ संदर्भ को ध्यान में रखते हुए बैंक ने सतर्कता मैनुअल तैयार किया है जिसके यथा 31 मार्च 2017 को अद्यतन किया गया है.

विनियामक अनुपालन

आपके बैंक में मुख्य अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित एक वरिष्ठ अधिकारी की देख-रेख में एक समर्पित अनुपालन विभाग है जिसके जरिए भारत सरकार, रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा अन्य विनियामक/ सांविधिक निकायों द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न सांविधिक एवं विनियामक दिशानिर्देशों और साथ ही, आंतरिक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है.

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बोर्ड द्वारा बैंक के लिए व्यापक अनुपालन नीति अपनायी गई है जिसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है. आपके बैंक में अनुपालन कार्य के संबंध में प्रत्येक श्रेणी के लिए भूमिका व जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई है. स्व-प्रमाणन प्रक्रिया के जरिए एक सुस्थापित रिपोर्टिंग प्रणाली मौजूद है जिसके आधार पर निदेशक मंडल को अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाता है. बोर्ड को भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं / दिशानिर्देशों के संबंध में मासिक अंतरालों पर अवगत कराया जाता है.

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम

आपके बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी के लिए प्राप्त होने वाले अनुरोधों का त्वरित उत्तर देने के लिए केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किए हैं. इसके अलावा, सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों को प्राप्त करने और उन्हें नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. आपके बैंक ने असंतुष्ट आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक श्रेणी के एक वरिष्ठ अधिकारी को प्रथम अपील प्राधिकारी (एफएए) के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किया गया है. बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया गया है.

आपके बैंक ने भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल (https://rtionline.gov.in) के साथ भी संबद्धता स्थापित की है जिसके जरिए नागरिक आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांग सकते हैं और अपील दायर कर सकते हैं.

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, आपके बैंक ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में निरंतर प्रगति की है. आपके बैंक के सभी वर्टिकलों, विभागों, अंचल कार्यालयों और शाखाओं ने भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों और अन्य निर्देशों के अनुपालन के लिए संगठित प्रयास किए हैं.

आपका बैंक राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने में सदैव आगे रहा है. ग्राहक इंटरफेस वाले कई पहल कार्यों को हिंदी में उपलब्ध कराया गया है. इन पहल कार्यों में एटीएम में निर्देशों का द्विभाषिक डिस्प्ले, एटीएम लेनदेन स्लिप जारी होना तथा बैंक की वेबसाइट पर सूचनाओं को प्रदर्शित करना शामिल हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने हिंदी सुविधा के साथ अभय, पेएप्ट और एमपासबुक जैसे मोबाइल एप्लिकेशन आरंभ किए. किसान संगोष्ठियों और विमुद्रीकरण, डिजिटल बैंकिंग, नकद रहित अर्थव्यवस्था से संबंधित अभियानों को हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित किया गया. आपके बैंक ने हिंदी में काम करने की सुविधा के लिए अपने इंट्रानेट पर द्विभाषी रूप में टेम्पलेट पत्र, फॉर्म, शब्दकोश, नोटिंग और अन्य प्रासंगिक संदर्भ सामग्री अपलोड की है. कार्य से संबंधित प्रयोजनों में हिंदी के प्रयोग के लिए स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन योजनाएं लागू की गईं और विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताओं, सेमिनारों और व्याख्यानों का आयोजन किया गया. हिंदी के प्रयोग को निरंतर बढ़ाने के उद्देश्य से आपके बैंक के सभी क्षेत्रों में राजभाषा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें राजभाषा कार्यान्वयन और हिंदी यूनिकोड के प्रयोग की विभिन्न आवश्यकताओं से स्टाफ सदस्यों को परिचित कराया गया. हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों को प्रोत्साहित करने और सम्मानित करने लिए सभी क्षेत्रों में कई आंतरिक कार्यक्रम चलाए गए. सितंबर 2016 में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया.

- हाउस कीपिंग की समीक्षा-विशेषकर लंबे समय से बकाया प्रविष्टियों उचंत/ विविध/ देय/ प्रदत्त/ ड्राफ्ट/ मार्गस्थ निधियाँ/ समाशोधन/ सहायक सामान्य खाताबही (एसजीएल)/ संघटक सहायक सामान्य खाताबही (सीएसजीएल) खातों का संतुलन और समाधान;
- रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए वार्षिक वित्तीय निरीक्षण के संबंध में अनुपालन की समीक्षा (जब तक बैंक पूर्ण अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देता, एसीबी को निरंतर आधार पर इसकी समीक्षा करनी चाहिए. एसीबी को रिज़र्व बैंक की निरीक्षण रिपोर्टों में दर्शायी गयी कमियों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए);
- लेखापरीक्षा योजना और इसकी उपलब्धियों की स्थिति की समीक्षा;
- महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों/ निम्नलिखित लेखापरीक्षाओं में पायी गयी आंतरिक नियंत्रण कमियों की उसके अनुपालन सहित समीक्षा- (i) लांग फॉर्म लेखा परीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) (ii) संगामी लेखापरीक्षा (iii) आंतरिक निरीक्षण (iv) सूचना प्रणाली (आईएस) डाटा सेंटर और अन्य विभागों की लेखापरीक्षा (v) ट्रेज़री और डेरिवेटिव (vi) नियंत्रण कार्यालयों/ प्रधान कार्यालयों में प्रबंधन लेखापरीक्षा (vii) सेवा शाखाओं की लेखापरीक्षा (viii) करेंसी चेस्ट (ix) विदेशी मुद्रा विनिमय में संव्यवहार करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं की विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) लेखापरीक्षा आदि;
- एसीबी/ बोर्ड/ रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निदेशों पर अनुपालन रिपोर्ट;
- समुद्रपारीय शाखाओं के संबंध में मेज़बान देशों में विनियामकों की विनियामकीय अपेक्षाओं पर अनुपालन रिपोर्ट;
- प्रबंधन चर्चा, समीक्षा, वित्तीय स्थिति के विश्लेषण, प्रबंधन पत्रों/ सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा आंतरिक नियंत्रण की कमियों के बारे में जारी पत्रों सहित तिमाही के वित्तीय परिणामों की समीक्षा;
- विवेकाधिकार शक्तियों के प्रयोग में विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा उल्लंघन संबंधी जानकारी की समीक्षा;
- उधारकर्ता कंपनियों में उनकी प्रदत्त पूंजी के 30% से अधिक की इक्विटी शेयरधारिता के संबंध में जानकारी;
- घोष समिति रिपोर्ट के कार्यान्वयन की स्थिति;
- मार्च, जून, सितम्बर और दिसम्बर को समाप्त तिमाही के दौरान रिपोर्ट किए गए सभी धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा;
- संबद्ध पक्षों के साथ लेन-देनों की समीक्षा;
- (क) जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति, (ख) संगामी लेखापरीक्षा नीति और (ग) आईएस लेखापरीक्षा नीति की समीक्षा;
- बैंक के खातों में अधिक पारदर्शिता लाने और लेखांकन मानकों की पर्याप्तता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक की लेखांकन नीतियों/ प्रणालियों की समीक्षा; वर्ष के दौरान किसी भी परिवर्तन और उसके परिणाम की समीक्षा. इस आशय की पुष्टि कि लेखांकन नीतियों का अनुपालन लेखांकन मानदंडों और रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है;
- आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, स्टाफ की संख्या तथा विभाग का नेतृत्व करने वाले अधिकारी की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना, कवरेज और आंतरिक लेखापरीक्षा की बारंबारता सहित आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा;
- बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समीक्षा;
- बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की समीक्षा;
- सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति, लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता और कार्यनिष्पादन तथा देशी और समुद्रपारीय परिचालनों दोनों के लिए लेखापरीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की निगरानी और समीक्षा;
- निदेशक मंडल के अनुमोदन हेतु प्रस्तुति से पूर्व एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची के भाग सी के बिन्दु क (4) में दर्शाई गयी (क) से (छ) की मदों के विशेष संदर्भ में वार्षिक लेखों/ वित्तीय विवरणों और इस पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा;

- सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा दी गई अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए उन्हे किए जानेवाले भुगतान का अनुमोदन करना;
- लेखापरीक्षा शुरू होने से पूर्व उसके स्वरूप और कार्य-क्षेत्र के बारे में सांविधिक लेखापरीक्षकों के साथ विचार-विमर्श तथा साथ ही चिंताजनक विषयों का पता लगाने के लिए लेखापरीक्षा के उपरांत विचार-विमर्श;
- विभिन्न कानूनों और संविधियों के तहत बैंक पर लगाए गए दंडों/ दंडात्मक कार्रवाई और सुधारात्मक उपायों के लिए की गयी कार्रवाई;
- आंतरिक/ बाह्य लेखापरीक्षकों द्वारा पता लगाई गई राजस्व हानि की रिपोर्ट और इसकी वसूली की स्थिति की समीक्षा; कमतर राजस्व के कारण और राजस्व हानियों को रोकने के लिए की गई कार्रवाई;
- ऑफर दस्तावेजों और निधियों के सार्वजानिक निर्गम (सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रमाणित) के जरिये जुटाई गई निधियों के अंतिम उपयोग पर रिपोर्ट और साथ ही साथ, (I) विनियमावली 32(1) के अनुसार निगरानी एजेंसी रिपोर्ट सहित विचलन(नों) के तिमाही विवरण और (II) एलओडीआर विनियमावली के विनियम 32(7) के अनुसार ऑफर दस्तावेज़ में उल्लिखित उद्देश्यों के अलावा अन्य के लिये उपयोग की गई निधियों का वार्षिक विवरण;
- जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न होने के मामले में) और लेनदारों को भुगतान में वास्तविक चूक के कारणों की समीक्षा;
- असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किए गए विशेष निवेशों सहित वित्तीय विवरणियों की समीक्षा;
- पहली बार हुए एनपीए की समीक्षा;
- ₹ 1 करोड़ और उससे अधिक के नकारे गए चेक;
- संगामी लेखापरीक्षा प्रणाली की वार्षिक समीक्षा;
- वार्षिक लेखापरीक्षा योजना का अनुमोदन;
- आउटसोर्स वेंडरों की लेखापरीक्षा की वार्षिक समीक्षा;
- सतर्कता तंत्र की कार्य प्रणाली (पूर्व में विसिल ब्लोअर तंत्र) की समीक्षा;
- (i) मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) (ii) मुख्य आंतरिक लेखापरीक्षक और (iii) मुख्य अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति का अनुमोदन;
- कंपनी के उपक्रमों और आस्तियों का मूल्यांकन, जहां कहीं भी आवश्यक हो;
- बैंक के लेखों को प्रभावित करने वाले रिज़र्व बैंक के परिपत्र;
- अनुपालन स्थिति सहित पिछली बैठकों में एसीबी/ एसीबी अध्यक्ष द्वारा दिये गए विशेष निर्देश;
- अंगीकार करने के उद्देश्य से वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी) को रिपोर्ट किए गए एनपीए/वसूली संबंधित मामले;
- विनियामक/ सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एसीबी की बैठकों के लिए कोरम

एसीबी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो अधिक होगा, किन्तु इनमें कम से कम दो स्वतंत्र निदेशक होंगे.

एसीबी बैठकों की बारंबारता

एसीबी की वर्ष में कम से कम 4 बैठकें होंगी और एसीबी की दो बैठकों के बीच एक सौ बीस दिन से अधिक का अंतराल नहीं होगा.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान एसीबी की चौदह बैठकें 29 अप्रैल 2016, 11 मई 2016, 20 मई 2016, 29 जून 2016, 11 अगस्त 2016, 29 सितम्बर 2016, 18 अक्तूबर 2016, 24 अक्तूबर 2016, 30 नवम्बर 2016, 21 दिसंबर 2016, 6 फरवरी 2017, 7 फरवरी 2017, 21 फरवरी 2017 और 7 मार्च 2017 को संपन्न हुईं.

2. कार्यपालक समिति (ईसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

ऋणों एवं अग्रिमों की मंजूरी, निबंधनों एवं शर्तों में संशोधन सहित ऋण अनुमोदन के सभी मामलों पर विचार करने के लिए कार्यपालक समिति गठित की गई है.

31 मार्च 2017 को कार्यपालक समिति (ईसी) में पाँच सदस्य थे जिसमें सर्वश्री किशोर खरात, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ कार्यपालक अधिकारी, के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, एस. रवि एवं निनाद कर्पे, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

कार्यपालक समिति की व्यापक भूमिका एवं उसके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- ₹ 400 करोड़ से अधिक के एक्सपोजर वाले (समूह निवेश ₹ 800 करोड़ से अधिक) उच्च मूल्य ऋण प्रस्तावों की मंजूरी;

- कार्यपालक समिति द्वारा मंजूरी संबंधी बनाए गए निबंधनों और शर्तों में संशोधन;
- ऋण समितियों के कार्यवृत्त की रिपोर्टिंग;
- एकबारीय निपटान हेतु प्रस्तावों की मंजूरी;
- निम्नलिखित को ₹ 25 लाख से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी:
  - (i) अन्य बैंकों के निदेशक (अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक सहित)
  - (ii) कोई फर्म जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों, और
  - (iii) कोई कंपनी जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों;
- निम्नलिखित को ₹ 25 लाख से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी:
  - (i) बैंक के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक या अन्य निदेशकों के कोई संबंधी;
  - (ii) अन्य बैंकों के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक या अन्य निदेशकों के कोई संबंधी;
  - (iii) कोई फर्म जिसमें (i) और (ii) में किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों, और
  - (iv) कोई कंपनी जिसमें (i) और (ii) में किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों;
- प्रतिभूतिकरण पोर्टफोलियो की मंजूरियों की रिपोर्टिंग;
- प्रथम बार एनपीए (एफटीएनपीए) मामलों की समीक्षा और रिपोर्टिंग;
- कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित मामलों के संबंध में प्रतिभूति सृजन की स्थिति की समीक्षा और रिपोर्टिंग;
- बकायों और प्राप्य राशियों के निवेश लिखित(तों) में परिवर्तन के लिए प्रस्ताव;
- प्रारम्भिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) / अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ) / अर्हताप्राप्त संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) में बोली लगाने के लिए अनुमोदन;
- कंपनियों/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) की प्रतिभूति रसीदों/उद्यम एवं निजी इक्विटी फंड/म्युचुअल फंड के नए फंड प्रस्ताव (एनएफओ) आदि के इक्विटी/अधिमान्य शेयरों/परिवर्तनीय/गैर परिवर्तनीय डिबेंचरों, बांडों आदि (सममूल्य/प्रीमियम पर) में निवेश;
- विनियामकीय/सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन;

ईसी की बैठकों के लिए कोरम

ईसी की बैठकों के लिए कोरम कार्यपालक समिति की कुल संख्या का एक तिहाई या ईसी के दो सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

ईसी की बैठक की बारंबारता

कार्यपालक समिति की बैठक जरूरत के अनुसार और वर्ष में कम से कम चार बार होगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान कार्यपालक समिति की कुल चौबीस बैठकें 11 अप्रैल 2016, 29 अप्रैल 2016, 11 मई 2016, 27 मई 2016, 16 जून 2016, 11 जुलाई 2016, 22 जुलाई 2016, 11 अगस्त 2016, 30 अगस्त 2016, 15 सितंबर 2016, 29 सितंबर 2016, 18 अक्तूबर 2016, 11 नवंबर 2016, 30 नवंबर 2016, 13 दिसंबर 2016, 20 दिसंबर 2016, 30 दिसंबर 2016, 04 जनवरी 2017, 23 जनवरी 2017, 31 जनवरी 2017, 21 फरवरी 2017, 07 मार्च 2017, 21 मार्च 2017, और 29 मार्च 2017 को सम्पन्न हुईं.

3. हितधारक संबंध समिति (एसआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2017 को आपके बैंक की हितधारक संबंध समिति (एसआरसी) में चार सदस्य थे. सुश्री नीरू अबरोल, स्वतंत्र निदेशक बैठक की अध्यक्षता करती हैं तथा श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक और श्री एस. रवि, स्वतंत्र निदेशक अन्य सदस्य हैं. समिति का गठन शेयरधारकों और निवेशकों के शेयर अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने आदि संबंधी शिकायतों का निवारण करने के लिए किया गया है. यह समिति कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 तथा सूचीबद्धता विनियमावली के विनियम 20 तथा अनुसूची II के भाग डी के अंतर्गत उपबंधित विचारार्थ विषयों के अनुसार कार्य करती है. एसआरसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नलिखित हैं :

(i) एसआरसी विशेष रूप से शेयरधारकों, बांडधारकों और अन्य प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों के निवारण की व्यवस्था पर ध्यान रखेगी;

(ii) एसआरसी शेयर के अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने से संबन्धित शिकायतों सहित बैंक के सभी प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों पर विचार तथा उनका समाधान करेगी;

(iii) उपर्युक्त बिन्दु (i) और (ii) में दिए गए अधिदेश को पूरा करने के लिए एसआरसी अपनी प्रत्येक बैठक में इक्विटी सर्विसिंग और बांड सर्विसिंग रिपोर्टों पर विचार तथा उनकी समीक्षा करेगी और जरूरी होने पर इस संबंध में निदेश जारी करेगी;

(iv) इक्विटी सर्विसिंग संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा;

(v) फ्लेक्सीबांडों की सर्विसिंग संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा;

(vi) शेयर पूँजी लेखापरीक्षा रिपोर्ट के समाधान विवरण की रिपोर्टिंग;

(vii) स्टॉक एक्सचेंज को प्रस्तुत निवेशकों की शिकायतों के विवरण की रिपोर्टिंग;

(viii) विनियामकीय/सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एसआरसी बैठकों के लिए कोरम

एसआरसी की बैठकों के लिए कोरम एसआरसी के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई या दो सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

एसआरसी की बैठकों की बारंबारता

एसआरसी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान एसआरसी की चार बैठकें 29 जून 2016, 29 सितंबर 2016, 30 दिसंबर 2016 और 07 मार्च 2017 को सम्पन्न हुईं.

4. धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

₹ 1 करोड़ तथा इससे अधिक की राशि के धोखाधड़ी मामलों की निगरानी तथा उनका अनुवर्तन करने के लिए एक विशेष समिति के रूप में धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी) का गठन किया गया है. इसका गठन धोखाधड़ियों का पता लगाने, उन पर निगरानी रखने और उनसे निपटने के लिए किया गया है.

31 मार्च 2017 को धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी) में छह सदस्य थे जिसमें सर्वश्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, एस. रवि, निनाद कर्पे एवं ज्ञान प्रकाश जोशी स्वतंत्र निदेशकगण इसके सदस्य थे.

एफएमसी की व्यापक भूमिका एवं उसके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- प्रणालीगत कमी, यदि कोई है, जिससे धोखाधड़ी संभव हुई, की पहचान करना तथा उसे रोकने के लिए उपाय सुझाना;
- धोखाधड़ी, यदि कोई है, का पता लगाने में विलंब के कारणों की पहचान करना तथा बैंक के शीर्ष प्रबंधन और रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट करना;
- सीबीआई/पुलिस द्वारा जांच पड़ताल में प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी करना;
- सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में सभी स्तरों पर स्टाफ जवाबदेही की जांच हो तथा बिना समय गँवाए तत्काल कार्रवाई, यदि अपेक्षित हो, पूरी हो;
- धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई की प्रभावोत्पादकता, जैसे आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करना, की समीक्षा करना;
- रेड फ्लैग खातों तथा बकाया रेड फ्लैग खातों के बारे में की गई उपचारात्मक कार्रवाई/दिए गए जांच आदेश की स्थिति की समीक्षा करना;
- धोखाधड़ी के मामलों में स्टाफ जवाबदेही प्रक्रिया के पूरा होने और उस पर की गई कार्रवाई को नोट करना;
- सीबीआई/पुलिस आदि द्वारा जांच किए जा रहे मामलों से वसूली सहित धोखाधड़ी मामलों में वसूली की स्थिति;
- बैंक में सतर्कता कार्यकलापों की समीक्षा;
- विनियामकीय/सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एफएमसी की बैठकों के लिए कोरम

एफएमसी बैठकों के लिए कोरम एफएमसी के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई या दो सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

एफएमसी बैठकों की बारंबारता

₹ 1 करोड़ और उससे अधिक राशि की धोखाधड़ी के मामले प्रकाश में आने पर धोखाधड़ी निगरानी समिति की बैठक आयोजित करना अपेक्षित होता है और उसमें मामले की समीक्षा की जाती है.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान एफएमसी की छह बैठकें 11 जुलाई 2016, 15 सितंबर 2016, 11 नवंबर 2016, 30 दिसंबर 2016, 7 मार्च 2017 तथा 21 मार्च 2017 को संपन्न हुईं.

5. जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंक के कारोबार से जुड़े विभिन्न जोखिमों का आकलन करने, उनमें कमी लाने का प्रयास करने, आस्ति देयता असंतुलन से जुड़े मुद्दों का समाधान करने और साथ ही बैंक की जोखिम प्रबंधन योजना की निगरानी एवं समीक्षा करने के लिए जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) का गठन किया गया है.

बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) में छह सदस्य अर्थात् सर्वश्री एस. रवि अध्यक्ष के रूप में, के.पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, प्रवीण गर्ग, सरकारी नामिती निदेशक, निनाद कर्पे एवं ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक, सदस्य के रूप में शामिल थे. आरएमसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- चलनिधि जोखिम सहित बैंक के समक्ष आने वाले सभी जोखिमों का मूल्यांकन करना;
- अन्य जोखिमों के साथ चलनिधि जोखिम के संभाव्य प्रभाव को आरएमसी द्वारा निवारण किए जा रहे जोखिमों में भी शामिल किया जाए;
- नकदी प्रवाह के अनुमानों की रिपोर्टिंग, चलनिधि जोखिम, प्रयुक्त धारणाओं का मापन;
- बोर्ड को नीतियों यथा ऋण नीति, वसूली नीति, निधि प्रबंधन नीति, जोखिम प्रबंधन नीति, आस्ति देयता नीति, परिचालनगत जोखिम तथा कारोबार निरंतरता प्रबंधन (ओआर एवं बीसीएम) नीति, डीआईएफसी शाखा आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति, बाजार जोखिम तथा डेरिवेटिव नीति, देशी जोखिम प्रबंधन नीति एवं देशी जोखिम सीमाएं, निवेश नीति आदि की सिफारिश करना;
- जोखिम प्रबंधन प्रणाली/ एएलएम एवं जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा;
- परिचालनगत जोखिम एवं कारोबार निरंतरता प्रबंधन पर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा;
- जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा;
- ट्रेडिंग पोर्टफोलियो की बाजार जोखिम रिपोर्ट की समीक्षा;
- दबाव परीक्षण के परिणामों की समीक्षा;
- जोखिम प्रबंधन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा;
- आंतरिक रेटिंग का अंतरण और चूक का विश्लेषण;
- आस्ति देयता प्रबंधन समीक्षा;
- बासेल III कार्यान्वयन तथा जोखिम प्रबंधन विभाग के अन्य कार्यकलापों की समीक्षा;
- संपार्श्विक प्रबंधन तथा ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) तकनीक पर नीति;
- प्रणाली, उत्पाद अनुमोदन एवं समीक्षा समिति (स्पार्क) I एवं II के कार्यवृत की रिपोर्टिंग;
- बासेल I तथा III के लिए तैयारी की स्थिति की समीक्षा;
- प्रतिपक्षकार बैंक सीमाओं एवं घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के लिए सीमाओं के आबंटन पर नीति;
- ऋण एक्सपोजर - मानदंडों की समीक्षा तथा उनका अनुपालन;
- विनियामकीय/ सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

आरएमसी की बैठकों के लिए कोरम

आरएमसी की बैठकों के लिए कोरम, आरएमसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक तिहाई या दो सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

आरएमसी बैठकों की बारंबारता

जोखिम प्रबंधन समिति की बैठक तिमाही आधार पर आयोजित की जाएगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान आरएमसी की कुल छह बैठकें 29 अप्रैल 2016, 11 जुलाई 2016, 15 सितंबर 2016, 29 सितंबर 2016, 30 दिसंबर 2016 तथा 21 मार्च 2017 को संपन्न हुईं.

6. कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अंतर्गत बोर्ड की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी) का गठन किया गया है. 31 मार्च 2017 को समिति में सर्वश्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक; जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक इसके सदस्य थे.

सीएसआर समिति के प्राथमिक दायित्व निम्नानुसार हैं:

(i) कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति तैयार कर बोर्ड को उसकी सिफारिश करना जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में दिये गए अनुसार बैंक द्वारा किए जाने वाले कार्यकलापों की जानकारी दी गई हो;

(ii) खंड (i) में दिए गए कार्यकलापों पर होने वाले व्यय की राशि की सिफारिश करना;

(iii) बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति की समय-समय पर की निगरानी करना;

(iv) छमाही आधार पर कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कार्यकलापों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करना; और

(v) विनियामकीय/ सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

सीएसआरसी बैठकों के लिए कोरम

सीएसआरसी की बैठकों के लिए कोरम, सीएसआरसी के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई या दो सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

सीएसआरसी बैठकों की बारंबारता

सीएसआरसी की बैठकें छमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान सीएसआरसी की कुल तीन बैठकें 29 अप्रैल 2016, 29 जून 2016 और 25 अक्तूबर 2016 को संपन्न हुईं.

7. ग्राहक सेवा समिति (सीएससी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंकिंग प्रणाली में ग्राहक संरक्षण एवं सेवा के लिए अभिशासन संरचना को मजबूत बनाने और साथ ही बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से नीतियाँ बनाने और उनके आंतरिक अनुपालन का आकलन करने के लिए ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) का गठन किया गया है.

31 मार्च 2017 को ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) में छह सदस्य अर्थात् सर्वश्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक; जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक, निनाद कर्पे एवं ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

सीएससी की व्यापक भूमिका तथा उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- रिटेल बैंकिंग खंड में ग्राहक की शिकायतों पर ध्यान देना तथा ग्राहकों को प्रभावी ढ़ंग से सेवा प्रदान करना;
- व्यापक जमा नीति तैयार करना;
- जमाकर्ता की मृत्यु होने पर उसके खाते के परिचालन जैसे मुद्दों का समाधान;
- उपयुक्तता तथा सटीकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया;
- जमाकर्ता संतुष्टि का वार्षिक सर्वेक्षण;
- ऐसी सेवाओं की त्रैवार्षिक लेखा परीक्षा;
- विभिन्न राज्यों के बैंकिंग लोकपाल द्वारा समाधान प्रस्तुत शिकायतों के संबंध में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाना;
- बैंकिंग लोकपाल द्वारा दिए गए सभी निर्णयों को नोट करना;
- तीन माह से अधिक समय तक कार्यान्वित नहीं किए गए सभी निर्णयों की उनके कारणों सहित समीक्षा करना;
- आईडीबीआई बैंक में ग्राहक सुरक्षा एवं सेवा के लिए किए गए उपायों की समीक्षा;
- भारतीय बैंकिंग संहिता एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) संहिता अनुपालन रेटिंग;
- शिकायत निवारण नीति का संशोधन;
- विनियामक/सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ग्राहक सेवा समिति की बैठकों के लिए कोरम

सीएससी बैठकों के लिए कोरम सीएससी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

सीएससी बैठकों की बारंबारता

सीएससी बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान ग्राहक सेवा समिति की चार बैठकें 29 जून 2016, 11 अगस्त 2016, 30 नवंबर 2016 तथा 07 मार्च 2017 को संपन्न हुईं.

8. सूचना प्रौद्योगिकी समिति (आईटीसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंक में प्रभावी प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी समिति का गठन किया गया है. इसका उद्देश्य ग्राहकों को विभिन्न आईटी समर्थकारी सेवाएँ प्रदान करना, दृष्टिकोण को सुसंगत बनाने में मदद करना और नए आईटी उत्पाद लांच करने में सहायता देना और तत्संबंधी सेवाएँ प्रदान करना है.

31 मार्च 2017 को सूचना प्रौद्योगिकी समिति (आईटीसी) में चार सदस्य थे जिसमें श्री निनाद कर्पे, स्वतंत्र निदेशक, विशेषज्ञ आईटी व्यावसायिक, अध्यक्ष के रूप में तथा अन्य सदस्यों के रूप में सर्वश्री के.पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक और ज्ञान प्रकाश जोशी शामिल थे.

आईटीसी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- बोर्ड को प्रस्तावित आईटी बजट की संस्तुति;
- आईटी बजट के उपयोग की समीक्षा;
- बैंक के ग्राहकों के लिए विभिन्न उत्पादों तथा आईटी आधारित सेवाओं के प्रारंभ की समीक्षा;
- प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं के निष्पादन, कार्यान्वयन और परिचालन का निरीक्षण करना;
- आंतरिक अथवा बाहर से खरीदे गए विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर के विकास, अधिप्राप्ति और परिचालनों की समीक्षा करना और प्रौद्योगिकी के चयन के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने अथवा अन्य प्रक्रिया के लिए प्रक्रियाएँ तैयार करना;
- प्रौद्योगिकी के जरिए शाखाओं के एकीकरण और बैंक के लिए एमआईएस के विकास का निरीक्षण करना;
- प्रौद्योगिकी आर्किटेक्चर की अद्यतन स्थिति और की गईं प्रमुख आईटी पहलों की समीक्षा करना;
- सूचना सुरक्षा संबंधी घटनाओं की समीक्षा;
- डिजिटल बैंकिंग अभिनव भुगतान प्रणालियों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा;
- सूचना सुरक्षा नीति की समीक्षा;
- आईटी नीति की समीक्षा;
- साइबर सुरक्षा संबंधी तैयारी का मूल्यांकन;
- विनियामक / सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य कोई भूमिका का निर्वहन.

आईटीसी की बैठकों के लिए कोरम

आईटीसी बैठकों के लिए कोरम आईटीसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

आईटीसी बैठकों की बारंबारता

आईटीसी बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी समिति की नौ बैठकें 11 अप्रैल 2016, 30 अप्रैल 2016, 16 जून 2016, 11 जुलाई 2016, 22 जुलाई 2016, 30 अगस्त 2016, 11 नवंबर 2016, 30 दिसंबर 2016 तथा 21 मार्च 2017 को संपन्न हुईं.

9. पारिश्रमिक समिति (आरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों को वार्षिक कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन राशि पर विचार करने और उसके भुगतान का अनुमोदन करने के लिए पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है. पारिश्रमिक समिति, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 तथा एलओडीआर विनियमावली के विनियम 19 और अनुसूची II के भाग डी के अंतर्गत दिए गए अधिदेश/ विचारार्थ विषयों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करती है.

31 मार्च 2017 को इस समिति में पांच सदस्य थे जिसमें श्री पंकज जैन, सरकारी निदेशक अध्यक्ष के रूप में और श्री प्रवीण गर्ग, सरकारी नामिती निदेशक, श्री निनाद कर्पे, सुश्री नीरू अबरोल तथा श्री ज्ञान प्रकाश जोशी सदस्य के रूप में शामिल थे.

पारिश्रमिक समिति की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- इस विषय पर भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों को वार्षिक कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन का मूल्यांकन;
- उपर्युक्त मूल्यांकन रिपोर्ट को बोर्ड को प्रस्तुत करना;
- निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों, आदि के लिए पारिश्रमिक नीति बनाना;
- विनियामक / सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

आरसी समिति की बैठकों के लिए कोरम

आरसी बैठकों के लिए कोरम आरसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

आरसी बैठकों की बारंबारता

पारिश्रमिक समिति की बैठकें किसी विशिष्ट वित्तीय वर्ष के लिए कार्य-निष्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन का अनुमोदन करने सहित आवश्यकतानुसार आयोजित की जाएंगी. सेबी (एलओडीआर) विनियमावली और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार पारिश्रमिक समिति की बैठकों के लिए कोई अनिवार्य आवधिकता निर्धारित नहीं की गई है.

10. नामांकन समिति (एनसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पूर्व में जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में केंद्र सरकार और केंद्र सरकार के बैंकों व संस्थाओं से भिन्न शेयरधारकों द्वारा चुने गए निदेशकों के 'उपयुक्त व उचित'

हैसियत का निर्धारण करने के लिए समुचित सावधानी वाली प्रक्रिया को संचालित करने हेतु नामांकन समिति का गठन किया गया है. स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति सभी शेयरधारकों द्वारा चुन कर किए जाने को देखते हुए उपर्युक्त कार्रवाई अब लागू नहीं है तथा इसकी अब आवश्यकता नहीं रह गई है. तथापि, नामांकन समिति अब कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 और एलओडीआर विनियमावली की सूची II के भाग डी के साथ पठित विनियम 19 के अंतर्गत उपबंधित अधिदेश/ विचारार्थ विषयों को पूरा करती है. 31 मार्च 2017 को नामांकन समिति में तीन स्वतंत्र निदेशक अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री निनाद कर्पे तथा अन्य सदस्यों में श्री एस. रवि और सुश्री नीरू अबरोल शामिल थीं.

नामांकन समिति की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- निदेशक के लिए अर्हताओं, सकारात्मक गुणों और स्वतंत्रता के निर्धारण के लिए मानदंड तैयार करना और निदेशकों की नियुक्ति तथा मूल्यांकन से संबन्धित नीति निदेशक मंडल को संस्तुत करना;
- स्वतंत्र निदेशकों तथा निदेशक मंडल के कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना;
- निदेशक मंडल की विविधता पर नीति तैयार करना;
- ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक नियुक्ति एवं मूल्यांकन नीति के अनुसार स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने हेतु अर्ह हैं;
- निदेशकों की नियुक्ति एवं मूल्यांकन नीति में निर्धारित मानदंडों के अनुसार निदेशकों की नियुक्ति और पृथक्करण की संस्तुति करना;
- विनियामक / सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य कोई भूमिका का निर्वहन करना.

एनसी की बैठकों के लिए कोरम

एनसी बैठकों के लिए कोरम एनसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

एनसी बैठकों की बारंबारता

नामांकन समिति की बैठकें आवश्यकतानुसार आयोजित की जाएंगी.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान नामांकन समिति की एक बैठक 29 जुलाई 2016 को सम्पन्न हुई.

11. मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार मानव संसाधन संबधी मामलों को देखने के लिए और मानव संसाधन संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने हेतु मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी) का गठन किया गया है: 31 मार्च 2017 को एचआरएससी में छह सदस्य अर्थात् सर्वश्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, के.पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी.एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक, प्रवीण गर्ग, सरकारी नामिती निदेशक और एस रवि, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

एचआरएससी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- भर्ती, प्रशिक्षण से संबंधित नीतियां बनाना;
- कार्य-निष्पादन प्रबंधन, प्रतिकर और कैरियर विकास पहलों की समीक्षा;
- प्रबंधन विकास और उत्तराधिकार नियोजन पर विचार करना;
- एचआर रणनीति को कारोबार रणनीति व योजना के अनुकूल बनाना; और
- विनियामक / सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य कोई भूमिका का निर्वहन करना.

एचआरएससी समिति की बैठकों के लिए कोरम

एचआरएससी बैठकों के लिए कोरम एचआरएससी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

एचआरएससी बैठकों की बारंबारता

एचआरएससी बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान मानव संसाधन संचालन समिति की पाँच बैठकें 11 मई 2016, 14 जून 2016, 29 सितंबर 2016, 25 अक्तूबर 2016 और 6 फरवरी 2017 को संपन्न हुईं.

12. वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

एनपीए, दबावग्रस्त खातों, बट्टे खाते डाले गए मामलों, सरकारी परिसमापक मामलों, ऋण वसूली प्राधिकरण (डीआरटी) मामलों

आदि से वसूली की समीक्षा करने के लिए और वसूली की प्रगति पर निगरानी रखने तथा अन्य संबंधित प्रयोजनों के लिए वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी) का गठन किया गया है.

31 मार्च 2017 को आरआरसी में छह सदस्य अर्थात् सर्वश्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक; जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक; पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक, प्रवीण गर्ग, सरकारी नामिती निदेशक तथा एस. रवि, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

आरआरसी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- अनर्जक आस्तियों (एनपीए)/ बट्टे खाते डाले गए खातों (डबल्यूओए) के वसूली कार्यनिष्पादन की समीक्षा;
- दबावग्रस्त संरचित रिटेल आस्तियों और शीघ्र अनर्जक होने वाली आस्तियों वाले मामलों की समीक्षा;
- बैंक के शीर्ष 100 एनपीए मामलों की समीक्षा;
- कॉर्पोरेट वर्टिकलों के दबावग्रस्त खातों की समीक्षा;
- वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) अधिनियम, 2002 के संबंध में स्थिति रिपोर्ट;
- विशेष उल्लेखवाले खातों (एसएमए)-2 की समीक्षा;
- वाद दायर किए गए मामलों की समीक्षा;
- प्रथम बारीय एनपीए (एफटीएनपीए)/ इरादतन चूककर्ताओं की समीक्षा;
- एनपीए की तिमाही समीक्षा;
- विनियामक / सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

आरआरसी समिति की बैठकों के लिए कोरम

आरआरसी बैठकों के लिए कोरम आरआरसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

आरसीसी बैठकों की बारंबारता

आरआरसी बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान वसूली समीक्षा समिति की चार बैठकें 20 मई 2016, 29 सितंबर 2016, 30 दिसंबर 2016 और 7 मार्च 2017 को संपन्न हुईं.

13. स्वतंत्र निदेशकों की समिति (आईडीसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV तथा एलओडीआर विनियमावली के विनियम 25 के निबंधनों के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की समिति गठित की गई है. 31 मार्च 2017 को स्वतंत्र निदेशकों की समिति में चार सदस्य अर्थात् श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी और सुश्री नीरू अबरोल, स्वतंत्र निदेशक शामिल थीं.

आईडीसी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- गैर-स्वतंत्र निदेशकों की और समग्र रूप से बोर्ड के कार्य निष्पादन की समीक्षा;
- कार्यपालक निदेशकों तथा गैर-कार्यपालक निदेशकों के विचारों को ध्यान में रखते हुए कंपनी के अध्यक्ष के कार्य निष्पादन की समीक्षा;
- कंपनी के प्रबंधन और बोर्ड के बीच सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समयबद्धता का मूल्यांकन करना जो बोर्ड के कर्तव्यों के प्रभावी और तर्कसंगत कार्य-निष्पादन के लिए आवश्यक है;
- विनियामक/ सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निदेशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

आईडीसी बैठकों के लिए कोरम

आईडीसी बैठकों के लिए कोरम आईडीसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा तथापि कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची IV के अनुसार सभी स्वतंत्र निदेशक आईडीसी की बैठकों में उपस्थित होने का प्रयास करें.

बैठकों की बारंबारता

आईडीसी बैठकें वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित होंगी.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की समिति की एक बैठक 21 फरवरी 2017 को संपन्न हुई.

14. असहयोगी ऋणकर्ता समीक्षा समिति (एनसीबीआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

असहयोगी ऋणकर्ता समीक्षा समिति (एनसीबीआरसी) का गठन किया गया जिसमें एमडी एवं सीईओ तथा दो स्वतंत्र निदेशक शामिल थे. 31 मार्च 2017 को इस समिति में सदस्य के रूप में श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, श्री निनाद कर्पे और सुश्री नीरू अबरोल, स्वतंत्र निदेशक शामिल थीं.

इस समिति की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- ऋणकर्ता को असहयोगी के रूप में वर्गीकृत करने से संबंधित आंतरिक असहयोगी ऋणकर्ता समिति के आदेशों/ निर्णयों की समीक्षा करना.

- एनसीबीआरसी को विनियामक/ सांविधिक अपेक्षाओं या भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निदेशों के जरिए इसे सौंपी गई किसी अन्य प्रकार की भूमिका का निर्वहन करना.

एनसीबीआरसी बैठकों के लिए कोरम

एनसीबीआरसी बैठकों के लिए कोरम सभी सदस्यों की उपस्थिति होगी.

बैठकों की बारंबारता

बैंक की आंतरिक असहयोगी उधसारकरता समिति द्वारा जब भी किसी उधारकर्ता को 'असहयोगी उधारकर्ता' के रूप में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया जाता है तो एनबीआरसी की बैठक आयोजित करना और समीक्षा करना आवश्यक होगा.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान असहयोगी ऋणकर्ता समीक्षा समिति की 1 (एक) बैठक 21 मार्च 2017 को संपन्न हुई.

15. इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति (डब्ल्यूडीआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

6 फरवरी 2015 को इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति (डब्ल्यूडीआरसी) का गठन किया गया जिसमें एमडी एवं सीईओ तथा दो स्वतंत्र निदेशक शामिल थे. 31 मार्च 2017 को इस समिति में सर्वश्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, एस. रवि तथा ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक, सदस्य के रूप में शामिल थे.

डब्ल्यूडीआरसी समिति की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- ऋणकर्ता को इरादतन चूककर्ता के रूप में वर्गीकृत करने संबंधी आंतरिक इरादतन चूककर्ता समिति के आदेशों/ निर्णयों की समीक्षा करना.
- डब्ल्यूडीआरसी को विनियामक/ सांविधिक अपेक्षाओं या भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निदेशों के जरिए इसे सौंपी गई किसी अन्य प्रकार की भूमिका का निर्वहन करना.

डब्ल्यूडीआरसी बैठकों के लिए कोरम

डब्ल्यूडीआरसी बैठकों के लिए कोरम सभी सदस्यों की उपस्थिति होगी.

डब्ल्यूडीआरसी बैठकों की बारंबारता

बैंक की डब्ल्यूडीआरसी समिति द्वारा जब भी किसी उधारकर्ता को 'इरादतन चूककर्ता' के रूप में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया जाता है तो डब्ल्यूडीआरसी की बैठक आयोजित करना और समीक्षा करना आवश्यक होगा.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017) के दौरान इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति की 1 (एक) बैठक 21 मार्च 2017 को संपन्न हुई.

समिति की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति तालिका 2 में दर्शाई गई है.

तालिका 2 : समिति की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति (1 अप्रैल 2016 से 31मार्च 2017 तक)

क्रम सं.	निदेशकों के नाम	एसीबी		बीआरसी		ईसी		एसआरसी		एफएमसी		आरएमसी		सीएसआरसी		सीएससी		आईटीसी		आरसी		एनसी		एचआरएससी		आरआरसी		आईडीसी		एनसीबीआरसी		डब्ल्यूडीआरसी	
		एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए
1.	श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ (डीआईएन - 07266945)	-	-	3	2	24	22	-	-	6	6	-	-	3	3	4	4	-	-	-	-	-	-	5	5	4	4	-	-	1	1	1	1
2.	श्री के पी नायर, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 02611496) [15.09.16 से]	9	9	-	-	14	14	3	3	4	4	3	3	1	1	2	2	3	3	-	-	-	-	3	3	3	3	-	-	-	-	-	-
3.	श्री जी एम यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 01432796) [15.09.16 से]	-	-	-	-	14	14	3	3	4	4	3	3	1	1	2	2	3	3	-	-	-	-	3	3	3	3	-	-	-	-	-	-
4.	श्री बी. के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन- 00015732) [31.07.2016 तक]	4	4	3	3	7	7	1	1	1	1	2	2	2	2	1	1	5	4	-	-	-	-	2	2	1	1	-	-	-	-	-	-
5.	श्री पंकज जैन (डीआईएन - 00675922) [02.05.16 से]	13	12	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	4	4	-	-	0	0	-	-	5	5	4	3	-	-	-	-	-	-
6.	श्री प्रवीण गर्ग (डीआईएन - 00208604) [07.02.17 से]	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	0	-	-	-	-	-	-	0	0	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-	-	-
7.	श्री अशोक पाल सिंह (डीआईएन - 07562972) [29.06.16] से [29.12.16 तक]	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	3	3	-	-	-	-	0	0	0	0	-	-	2	1	1	1	-	-	-	-	-	-

क्रम सं.	निदेशकों के नाम	एसीबी		बीआरसी		ईसी		एसआरसी		एफएमसी		आरएमसी		सीएसआरसी		सीएमसी		आईटीसी		आरसी		एनसी		एचआरएससी		आरआरसी		आईडीसी		एनसीबीआरसी		डब्ल्यूडीआरसी	
		एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए
8.	सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव, (डीआईएन - 06478173) [01.05.16 तक]	1	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0	0	-	-	0	0	-	-	0	0	0	0	-	-	-	-	-	-
9.	श्री एस. रवि (डीआईएन- 00009790)	14	14	3	3	24	24	3	3	6	6	6	5	-	-	-	-	-	-	0	0	1	1	5	5	4	4	1	1	0	0	1	1
10.	श्री निनाद कर्पे (डीआईएन - 00030971)	14	12	-	-	24	20	-	-	6	6	6	6	3	3	4	3	9	9	0	0	1	1	-	-	-	-	1	1	1	1	0	0
11.	श्री पंकज वत्स (डीआईएन - 06712380) [14.12.16 तक]	9	8	3	3	-	-	2	2	-	-	-	-	3	3	-	-	7	7	0	0	1	1	-	-	2	2	0	0	0	0	0	0
12.	श्री ज्ञान प्रकाश जोशी (डीआईएन - 00603925)	14	13	3	1	-	-	-	-	6	5	6	5	0	0	4	3	1	1	-	-	-	-	-	-	-	-	1	1	0	0	1	1
13.	सुश्री नीरू अबरोल (डीआईएन - 01279485) [29.07.16 से]	5	5	-	-	-	-	2	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0	0	0	0	-	-	-	-	1	1	1	1	-	-

एच - निदेशक के कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें.
ए - निदेशक ने बैठकों में भाग लिया.

वार्षिक विवरणी का सारांश

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3)(ए) के साथ पठित धारा 92(3) और कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित प्रपत्र एमजीटी 9 में वार्षिक विवरणी का उद्धरण नीचे दिया गया है :

I. पंजीकरण और अन्य ब्यौरे

i.	सीआईएन	L65190MH2004GOI148838
ii.	पंजीकरण की तारीख	27 सितंबर 2004
iii.	कंपनी का नाम	आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
iv.	कंपनी की श्रेणी/ उपश्रेणी	सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी /शेयरों द्वारा लिमिटेड
v.	पंजीकृत कार्यालय का पता तथा संपर्क विवरण	पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई बैंक लिमिटेड आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400005 संपर्क विवरण : फोन नं. : 022-66553355, 22189111, फैक्स: (022) 22180411 वेबसाइट: www.idbi.com
vi.	क्या सूचीबद्ध कंपनी है	हाँ
vii.	रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट का नाम, पता एवं संपर्क विवरण.	कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड कार्वी सिलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद- 500032 टेली नं. (040) 67162222 टोल फ्री नं. : 1-800-3454001 फैक्स नं. : (040) 23420814 ईमेल : einward.ris@karvy.com

II. कंपनी की प्रमुख कारोबारी गतिविधियां

क्रम सं.	मुख्य उत्पादों/ सेवाओं के नाम एवं विवरण	उत्पाद/ सेवा का एनआईसी कोड	कंपनी के कुल टर्नओवर का %
1.	वाणिज्यिक बैंकों, बचत बैंकों, डाक बचत बैंक और डिस्काउंट हाउसों की मौद्रिक मध्यस्थता	64191	100%

III. धारिता, सहायक एवं सहयोगी कंपनियों के ब्यौरे

क्रम सं.	कंपनी का नाम और पता	सीआईएन/जीएलएन	धारिता / सहायक / सहयोगी	शेयरों का %	लागू धारा
1	आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, मफतलाल सेंटर, नरीमन प्वाइंट, मुंबई - 400 021.	U65990MH1993GOI075578	सहायक	100%	2(87)
2	आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड, आईडीबीआई बिल्डिंग, पहली मंज़िल, प्लॉट नं. 39-41, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400 614.	U72200MH2000GOI124665	सहायक	100%	2(87)
3	आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड आईडीबीआई टॉवर, डबल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400005.	U65991MH2010PLC199326	सहायक	100%	2(87)
4	आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. पांचवीं मंज़िल, मफतलाल सेंटर, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021.	U65100MH2010PLC199319	सहायक	66.67%	2(87)
5	आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड, एशियन बिल्डिंग, तल मंज़िल, 17, आर. कमानी मार्ग, बेलार्ड इस्टेट, मुंबई - 400 001.	U65991MH2001GOI131154	सहायक	54.70%	2(87)
6	आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंज़िल, ट्रेड व्यू, ओएसिस कॉम्प्लेक्स, कमला सिटी, पी.बी. मार्ग, लोअर परेल (प), मुंबई - 400 013.	U66010MH2007PLC167164	संयुक्त उद्यम	48%	2(6)
7	नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड 'ए' विंग, चौथी मंज़िल, ट्रेड वर्ल्ड, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013.	U74120MH2012PLC230380	सहयोगी	30%	2(6)
8	एनएसडीएल ई गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड टाइम्स टॉवर, पहली मंज़िल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013.	U72900MH1995PLC095642	सहयोगी	30%	2(6)
9	बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लिमिटेड, पाँचवीं मंज़िल, अणुव्रत भवन, 210 दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली -110 002.	U73100DL1990PLC041486	सहयोगी	27.93%	2(6)
10	नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, नेडफी हाउस, दिसपुर, गुवाहाटी - 781 006.	U65923AS1995GOI004529	सहयोगी	25%	2(6)
11	पांडिचेरी इंडस्ट्रियल प्रमोशन डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लि., 60,रोमेन रोलैंड स्ट्रीट, पुडुचेरी - 605 001.	U65923PY1974SGC000121	सहयोगी	21.14%	2(6)

IV. शेयरधारिता का स्वरूप (इक्विटी शेयर पूंजी - कुल इक्विटी के प्रतिशत के रूप में अलग-अलग विवरण)

i) श्रेणीवार शेयरधारिता

शेयरधारकों की श्रेणी		वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या				वर्ष के अंत में शेयरों की संख्या				वर्ष के दौरान % परिवर्तन
		डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	
अ.	**प्रवर्तक**									
	(1) भारतीय									
	क) व्यक्ति/ हिन्दू अविभक्त परिवार	-	-	-	-	-	-	-	-	
	ख) केंद्र सरकार	1523113202	0	1523113202	73.98	1523113202	0	1523113202	73.98	0
	ग) राज्य सरकार(रें)	-	-	-	-	-	-	-	-	
	घ) कॉरपोरेट निकाय	-	-	-	-	-	-	-	-	
	ङ) वित्तीय संस्थाएं/ बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	
	च) अन्य कोई (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	
	उप-योग (अ) (1)	**1523113202**	**0**	**1523113202**	**73.98**	**1523113202**	**0**	**1523113202**	**73.98**	**0**
	(2) विदेशी									
	क) एनआरआई - व्यक्ति	-	-	-	-	-	-	-	-	
	ख) अन्य - व्यक्ति	-	-	-	-	-	-	-	-	
	ग) कॉरपोरेट निकाय	-	-	-	-	-	-	-	-	
	घ) बैंक/ एफआई	-	-	-	-	-	-	-	-	
	ङ) अन्य कोई (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	
	उप-योग (अ) (2)	-	-	-	-	-	-	-	-	
	प्रवर्तक की कुल शेयरधारिता (अ) = (अ)(1)+(अ)(2)	1523113202	0	1523113202	73.98	1523113202	0	1523113202	73.98	0
आ.	**सार्वजनिक शेयरधारिता**									
	1. संस्थाएं									
	क) म्यूचुअल फंड	189079	100	189189	0.01	1915111	100	1915211	0.09	-0.08
	ख) बैंक/ एफआई	18144974	7786	18152760	0.88	14983097	7786	14990883	0.73	0.15
	ग) केंद्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	
	घ) राज्य सरकार(रें)	-	-	-	-	-	-	-	-	
	ङ) जोखिम पूंजी निधि	-	-	-	-	-	-	-	-	
	च) बीमा कंपनियां	152765927	158761801	311527728	15.13	300248544	0	300248544	14.57	0.56
	छ) एफआईआई	53325920	2020	53327940	2.59	52096672	2020	52098692	2.53	0.06
	ज) विदेशी जोखिम पूंजी निधि	-	-	-	-	-	-	-	-	
	झ) अन्य कोई (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	
	राज्य वित्त निगम	0	35680	35680	0	0	35680	35680	0	0
	एनबीएफसी	18482	0	18482	0	23963	0	23963	0	0
	उप-योग (आ)(1)	224425900	15877107	383197607	18.61	369243424	9906	36925330	17.94	0.68
	2. गैर-संस्थाएं									
	क) कॉरपोरेट निकाय									
	i) भारतीय	17421626	300919	17722545	0.86	26352353	300919	26653272	1.29	-0.43
	ii) विदेशी									
	ख) व्यक्ति									
	(i) ₹ 1 लाख तक की नाममात्र शेयर पूंजी रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	89837993	14452244	104290237	5.07	89509965	14004994	103514959	5.04	0.03
	(ii) ₹ 1 लाख से अधिक की नाममात्र शेयर पूंजी रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	22703883	109480	22813363	1.11	26987814	109480	27097294	1.32	-0.21
	(ग) अन्य कोई (निर्दिष्ट करें)									
	समाशोधन सदस्य	2014563	0	2014563	0.10	3437735	0	3437735	0.17	-0.07
	अनिवासी भारतीय	3626556	1656833	5283389	0.26	3660518	1630633	5291151	0.26	0.00
	सोसायटियां	0	28960	28960	0	0	28960	28960	0	0
	न्यास	260253	36800	297053	0.01	328735	36800	365535	0.02	-0.00
	उप-योग (आ)(2)	135864874	16585236	152450110	7.41	150277120	16111786	166388906	8.08	-0.68
	कुल सार्वजनिक शेयरधारिता (आ)= (आ)(1)+(आ)(2)	360309256	175392623	535701879	26.02	519544507	16157372	535701879	26.02	-
इ.	**जीडीआर और एडीआर के लिए अभिरक्षक द्वारा धारित शेयर**	1883422458	175392623	2058815081	100	2042657709	16157372	2058815081	100	
	कुल योग (अ+आ+इ)	1883422458	175392623	2058815081	100	2042657709	16157372	2058815081	100	

ii) प्रवर्तकों की शेयरधारिता

क्र. सं.	शेयरधारक का नाम	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता			वर्ष के अंत में शेयरधारिता			
		शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में से गिरवी/ भारग्रस्त शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में से गिरवी/ भारग्रस्त शेयरों का %	वर्ष के दौरान शेयरधारिता में % परिवर्तन
1.	भारत सरकार	1523113202	73.98%	0	1523113202	73.98%	0	0

iii) प्रवर्तकों की शेयरधारिता में परिवर्तन

क्र. सं.		वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
1.	**भारत सरकार**	**शेयरों की सं.**	**बैंक के कुल शेयरों का %**	**शेयरों की सं.**	**बैंक के कुल शेयरों का %**
	वर्ष के आरंभ में	1523113202	73.98%	1523113202	73.98%
	वर्ष के दौरान प्रवर्तकों की शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	1523113202	73.98%
	वर्ष के अंत में			1523113202	73.98%

(iv) दस शीर्ष शेयरधारकों की शेयरधारिता का स्वरूप (निदेशकों, प्रवर्तकों और वैश्विक डिपॉजिटरी रसीद (जीडीआर) एवं अमेरिकन डिपॉजिटरी रसीद (एडीआर) के धारकों को छोड़कर):

क्र. सं.		प्रत्येक 10 शीर्ष शेयरधारकों के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
1.	भारतीय जीवन बीमा निगम	वर्ष के आरंभ में	253493167	12.31		
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी				
		बिक्री - 17.03.17	-2500000	-0.12	250993167	12.19
		बिक्री - 24.03.17	-4128460	-0.20	246864707	11.99
		बिक्री - 31.03.17	-6400052	-0.31	240464655	11.68
		वर्ष के अंत में			240464655	11.68
2.	भारतीय जीवन बीमा निगम मार्केट प्लस ग्रोथ फंड	वर्ष के आरंभ में	17555855	0.85	17555855	0.85
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में			17555855	0.85

क्र. सं.		प्रत्येक 10 शीर्ष शेयरधारकों के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
3.	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक	वर्ष के आरंभ में	10500000	0.51	10500000	0.51
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में			10500000	0.51
4.	यूनाइटेड इंडिया इन्श्योरेंस कंपनी लि.	वर्ष के आरंभ में	8057143	0.39	8057143	0.39
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में			8057143	0.39
5.	भारतीय जीवन बीमा निगम मार्केट प्लस 1 ग्रोथ फंड	वर्ष के आरंभ में	7902237	0.38	7902237	0.38
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में			7902237	0.38
6.	भारतीय जीवन बीमा निगम मनी प्लस ग्रोथ फंड	वर्ष के आरंभ में	6869656	0.33	6869656	0.33
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में			6869656	0.33
7.	डीएफए इन्वेस्टमेंट डाइमेन्शन्स ग्रुप आईएनसी का एमर्जिंग मार्केट्स कोर इक्विटी पोर्टफोलियो (पोर्टफोलियो)	वर्ष के आरंभ में				
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	6460834	0.31	6460834	0.31
		बिक्री - 16.09.16	-59604	0	6401230	0.31
		बिक्री - 04.11.16	-89844	0	6311386	0.31
		बिक्री - 25.11.16	-17923	0	6293463	0.31
		बिक्री - 24.03.17	-177892	0	6115571	0.30
		बिक्री - 31.03.17	-86762	0	6028809	0.29
		वर्ष के अंत में			6028809	0.29
8	आशीष रमेशकुमार गोयनका	वर्ष के आरंभ में	5218753	0.25	5218753	0.25
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी				
		खरीद - 06.05.16	310000	0.02	5528753	0.27
		खरीद - 03.06.16	65000	0	5593753	0.27
		बिक्री - 29.07.16	-375000	-0.02	5218753	0.25
		बिक्री - 12.08.16	-1504000	-0.07	3714753	0.18
		खरीद - 09.09.16	696000	0.03	4410753	0.21
		खरीद - 16.09.16	2000000	0.10	6410753	0.31
		खरीद - 04.11.16	375000	0.02	678753	0.33
		बिक्री - 11.11.16	-376000	-0.02	6409753	0.31
		खरीद - 06.01.17	52682	0	6462435	0.31
		खरीद - 03.02.17	323318	0.02	678753	0.33
		वर्ष के अंत में			678753	0.33

क्र. सं.		प्रत्येक 10 शीर्ष शेयरधारकों के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
9	वैनगार्ड एमर्जिंग मार्केट्स स्टॉक इंडेक्स फंड, वैनगार्ड इंटरनेशनल इक्विटी इंडेक्स फंड की एएसडीआर आईईएस	वर्ष के आरंभ में	5117645	0.25	5117645	0.25
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी				
		खरीद - 08.04.16	26712	0	5144357	0.25
		खरीद - 22.04.16	19680	0	5164037	0.25
		खरीद - 10.06.16	23092	0	5187129	0.25
		खरीद - 24.06.16	83336	0.01	5270465	0.26
		खरीद - 22.07.16	17046	0	5287511	0.26
		खरीद - 29.07.16	53838	0	5341349	0.26
		खरीद - 05.08.16	44591	0	5385940	0.26
		खरीद - 12.08.16	48375	0	5434315	0.26
		खरीद - 19.08.16	68800	0.01	5503115	0.27
		खरीद - 09.09.16	28110	0	5531225	0.27
		खरीद - 07.10.16	29984	0	5561209	0.27
		खरीद - 14.10.16	20614	0	5581823	0.27
		खरीद - 21.10.16	70275	0	5652098	0.27
		खरीद - 28.10.16	28110	0.01	5680208	0.28
		खरीद - 11.11.16	60905	0	5741113	0.28
		खरीद - 25.11.16	74023	0	5815136	0.28
		खरीद - 02.12.16	42165	0	5857301	0.28
		खरीद - 06.01.17	25008	0.01	5882309	0.29
		खरीद - 13.01.17	53142	0	5935451	0.29
		खरीद - 20.01.17	25008	0	5960459	0.29
		खरीद - 03.02.17	75024	0	6035483	0.29
		खरीद - 17.02.17	20840	0	6056323	0.29
		खरीद - 24.03.17	45450	0.01	6101773	0.30
		खरीद - 31.03.17	44440	0	6146213	0.30
		वर्ष के अंत में			6146213	0.30
10	डीएफए इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट कंपनी की एमर्जिंग मार्केट्स सीरीज	वर्ष के आरंभ में	3911420	0.19	3911420	0.19
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी				
		खरीद - 29.07.16	72201	0	3983621	0.19
		खरीद - 05.08.16	392832	0.02	4376453	0.21
		खरीद - 12.08.16	30353	0	4406806	0.21
		बिक्री - 16.12.16	-96018	0	4310788	0.21
		वर्ष के आरंभ में			4310788	0.21

(v) निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों की शेयरधारिता :

क्र. सं.			वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
निदेशक						
1.	श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ (डीआईएन - 07266945)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
2.	श्री के पी नायर, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 02611496) [15.09.16 से]	वर्ष के आरंभ में	320	नगण्य	320	नगण्य
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	320	नगण्य
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	320	नगण्य	320	नगण्य
3.	श्री जी एम यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 01432796) [15.09.16 से]	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
4.	श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 00015732) [31.07.2016 तक]	वर्ष के आरंभ में	1,001	नगण्य	1,001	नगण्य
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	1,001	नगण्य
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	1,001	नगण्य	1,001	नगण्य
5.	श्री पंकज जैन (डीआईएन - 00675922) [02.05.16 से]	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
6.	श्री प्रवीण गर्ग (डीआईएन - 00208604) [07.02.17 से]	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
7.	श्री अशोक पाल सिंह (डीआईएन-07562972) [29.06.16 से 29.12.16 तक]	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0

क्र. सं.			वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
8.	सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव (डीआईएन - 06478173) [01.05.16 तक]	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
9.	श्री एस. रवि, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 00009790)	वर्ष के आरंभ में	200	नगण्य	200	नगण्य
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	200	नगण्य
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	200	नगण्य	200	नगण्य
10.	श्री निनाद कर्पे, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 00030971)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
11.	श्री पंकज वत्स, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 06712380) [14.12.16 तक]	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
12.	श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 00603925)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
13.	सुश्री नीरू अबरोल अतिरिक्त निदेशक (डीआईएन- 01279485) [29.07.16 से]	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0

क्र. सं.			वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक						
1.	श्री एन.एस. वेंकटेश, सीएफओ [30.06.16 तक]	वर्ष के आरंभ में	160	नगण्य	160	नगण्य
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	160	नगण्य
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	160	नगण्य	160	नगण्य
2.	श्री आर. के. बंसल, सीएफओ [01.07.16 से] [15.08.16 तक]	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0
3.	श्रीमती पद्मा बेताई, सीएफओ [16.08.16 से]	वर्ष के आरंभ में	270	नगण्य	270	नगण्य
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	270	नगण्य
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	270	नगण्य	270	नगण्य
4.	श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक् होने की तारीख को)	0	0	0	0

V. ऋणग्रस्तता

बकाया/ उपचित किंतु भुगतान के लिए देय नहीं ब्याज सहित बैंक की ऋणग्रस्तता

(₹ '000 में)

	जमाराशियों को छोड़कर जमानती ऋण	गैर-जमानती ऋण	जमाराशियां	कुल ऋणग्रस्तता
वित्तीय वर्ष के आरंभ में ऋणग्रस्तता				
i. मूलधन राशि	175274646	530641780	2657198313	3363114739
ii. देय किंतु अप्रदत्त ब्याज	0	0	0	0
iii. उपचित किंतु देय नहीं ब्याज	1282918	9868039	5312540	16463497
कुल (i+ii+iii)	**176557564**	**540509819**	**2662510853**	**3379578236**
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तन				
• वृद्धि		22756210	27144362	
• कमी	(165980931)			(116080358)
निवल परिवर्तन				
वित्तीय वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता				
i. मूलधन राशि	10526009	553113764	2685380958	3249020731
ii. देय किंतु अप्रदत्त ब्याज	0	0	0	0
iii. उपचित किंतु देय नहीं ब्याज	50624	10152265	4274258	14477147
कुल (i+ii+iii)	**10576633**	**563266029**	**2689655216**	**3263497878**

VI. निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

अ) प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशकों और / या प्रबंधक को पारिश्रमिक :

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	प्रबंध निदेशक / पूर्णकालिक निदेशक का नाम				कुल राशि (₹)
		श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ	श्री के पी नायर, डीएमडी	श्री जी एम यादवाडकर, डीएमडी	श्री बी.के. बत्रा, डीएमडी [31.07.16 तक]	
1.	**सकल वेतन**					
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार वेतन	**26,92,873**	**12,04,903**	**11,85,346**	**10,58,479**	**61,41,601**
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	**4,81,920**	**2,85,889**	**2,22,598**	**1,85,620**	**11,76,027**
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के स्थान पर लाभ	-	-	-	-	-
2.	स्टॉक ऑप्शन	-	-	-	-	-
3.	स्वेद इक्विटी	-	-	-	-	-
4.	कमीशन - लाभ के % के रूप में - अन्य, निर्दिष्ट करें	-	-	-	-	-
5.	अन्य, निर्दिष्ट करें [साधारण छुट्टी का नकदीकरण]	-	-	-	**6,76,090**	**6,76,090**
6.	छुट्टी किराया रियायत					
	कुल (अ)	**31,74,793**	**14,90,792**	**14,07,944**	**19,20,189**	**79,93,718**
	अधिनियम के अनुसार उच्चतम सीमा	-	-	-	-	-

आ) अन्य निदेशकों को पारिश्रमिक

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशकों के नाम					कुल राशि (₹)
	स्वतंत्र निदेशक	**श्री एस. रवि**	**श्री निनाद कर्पे**	**श्री पंकज वत्स (15.12.16 तक)**	**श्री ज्ञान प्रकाश जोशी**	**सुश्री नीरू अबरोल (29.07.16 से)**	
	• बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	13,40,000	12,35,000	5,40,000	6,70,000	3,20,000	41,05,000
	• कमीशन	-	-	-	-	-	-
	• अन्य, निर्दिष्ट करें	-	-	-	-	-	-
	कुल (1)	**13,40,000**	**12,35,000**	**5,40,000**	**6,70,000**	**3,20,000**	**41,05,000**

	अन्य गैर-कार्यपालक निदेशक						
	• बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क		**श्री पंकज जैन (02.05.16 से)**	**श्री प्रवीण गर्ग (07.02.17 से)**	**श्री अशोक पाल सिंह (27.06.16 से) (29.12.16 तक)**	**सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव (01.05.16 तक)**	**कुल राशि (₹)**
	• कमीशन	-	-	-	-	-	-
	• अन्य, निर्दिष्ट करें		-	-	-	-	-
	कुल (2)		**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
	कुल (आ)= (1+2)						**41,05,000**
	समग्र प्रबंधकीय पारिश्रमिक		**7993718**				
	अधिनियम के अनुसार कुल उच्चतम सीमा		स्वतंत्र निदेशकों को केवल बैठक शुल्क का भुगतान किया जाता है. सभी गैर-कार्यपालक/ स्वतंत्र निदेशक बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति के पात्र हैं. वित्तीय वर्ष 2016-17 में पारिश्रमिक कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्धारित सीमा के भीतर हैं.				

प्रबंध निदेशक/ प्रबंधक/ पूर्णकालिक निदेशक के अलावा मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क्र. सं.	**पारिश्रमिक का विवरण**	**मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक**				**कुल राशि (₹)**
		श्रीमती पद्मा बेताई, सीएफओ (16.08.16 से)	**श्री आर. के. बंसल, सीएफओ (01.07.16 से) (15.08.16 तक)**	**श्री एन.एस. वेंकटेश, सीएफओ (30.06.16 तक)**	**श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव**	
1.	**सकल वेतन**					
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन	23,34,507	2,75,328	5,70,737	21,47,597	53,28,169
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	3,56,364	1,238	1,38,680	6,83,450	11,79,732
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के स्थान पर लाभ	-	-	-	-	-
2.	स्टॉक ऑप्शन	-	-	-	-	-
3.	स्वेद इक्विटी	-	-	-	-	-
4.	कमीशन - लाभ के % के रूप में - अन्य, निर्दिष्ट करें	-	-	-	-	-
5.	अन्य, निर्दिष्ट करें- साधारण छुट्टी का नकदीकरण	96,440	-	16,45,789	83,043	18,25,272
	छुट्टी किराया रियायत	60,000	-	75,000	50,000	1,85,000
	कुल	**28,47,311**	**2,76,566**	**24,30,206**	**29,64,090**	**85,18,173**

VII. जुर्माना/दंड/ शमनीय अपराध :

प्रकार	कंपनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त विवरण	लगाए गए जुर्माने/ दंड/ शमनीय शुल्क के विवरण	प्राधिकारी [आरडी/ एनसीएलटी/ कोर्ट]	की गई अपील, यदि कोई हो
अ) कंपनी - आईडीबीआई बैंक लिमिटेड					
जुर्माना			शून्य		
दंड			शून्य		
शमन			शून्य		
आ) निदेशक					
जुर्माना			शून्य		
दंड			शून्य		
शमन			शून्य		
इ) चूककर्ता में अन्य अधिकारी					
जुर्माना			शून्य		
दंड			शून्य		
शमन			शून्य		

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा की गई घोषणा पर प्रकथन

आईडीबीआई बैंक लि. के स्वतंत्र निदेशकों श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी और सुश्री नीरू अबरोल ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अनुसार 1 अप्रैल 2017 को यह प्रकथन करते हुए अपनी घोषणा प्रस्तुत की है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) में उल्लिखित स्वतंत्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और निदेशक मंडल द्वारा 28 अप्रैल 2017 को इसे नोट किया गया.

निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक के संबंध में कंपनी की नीति

निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक के संबंध में बैंक की नीति उसकी वेबसाइट पर क्रमशः https://www.idbi.com:8443/pdf/Directors-Appointment-and-Evaluation-Policy.PDF और https://www.idbi.com:8443/pdf/Remuneration-Policy-of-the-Bank.PDF. लिंकों के अंतर्गत प्रदर्शित की गई है.

लेखापरीक्षकों अथवा सचिवीय लेखापरीक्षकों द्वारा अपनी रिपोर्ट में की गई प्रत्येक सापेक्षता, पूर्वधारणा अथवा प्रतिकूल अभियुक्ति अथवा दावात्याग पर बोर्ड की टिप्पणियां -

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एफ) के अनुसार सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट अथवा सचिवीय लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में से किसी में भी कोई ऐसी सापेक्षता, पूर्वधारणा अथवा प्रतिकूल अभियुक्ति अथवा दावात्याग नहीं है जिस पर बोर्ड की टिप्पणियों की आवश्यकता हो.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋणों, गारंटियों अथवा निवेशों के विवरण

बैंकिंग कंपनी होने के कारण ऋणों, गारंटियों अथवा प्रतिभूतियों के अर्जन से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधान आईडीबीआई बैंक पर लागू नहीं हैं.

निर्धारित फॉर्म पर संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा अथवा करार के विवरण

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एच) के अनुसार संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा अथवा करार, यदि कोई हो, के विवरण निर्धारित फॉर्म एओसी-2 में नीचे दिए गए हैं :

एओसी-2

[अधिनियम की धारा 134 की उप-धारा (3) के खंड (एच) तथा कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(2) के अनुसरण में]

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप-धारा (1) में उल्लिखित संबंधित पक्षकारों के साथ कंपनी द्वारा तृतीय परंतुक के अंतर्गत किए गए कुछ स्वतंत्र संव्यवहार सहित की गई संविदाओं/ करारों के विवरणों के प्रकटन हेतु फॉर्म

i. स्वतंत्र आधार के न होते हुए की गई संविदाओं अथवा करारों अथवा संव्यवहारों के विवरण

क्र. सं.	संबद्ध पक्षकार का नाम और संबंध का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार की अवधि	मूल्य सहित संविदा अथवा करार अथवा संव्यवहार की प्रमुख शर्तें, यदि कोई हों	इस प्रकार की संविदा अथवा करार अथवा संव्यवहार करने का औचित्य	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख	अग्रिम के रूप में प्रदत्त राशि, यदि कोई हो	धारा 188 के प्रथम परंतुक की अपेक्षा अनुसार महासभा में विशेष संकल्प पारित होने की तारीख
शून्य								

ii. स्वतंत्र आधार पर महत्वपूर्ण संविदाओं अथवा करारों अथवा संव्यवहारों के विवरण

क्र. सं.	संबद्ध पक्षकार का नाम और संबंध का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार की अवधि	मूल्य सहित संविदा अथवा करार अथवा संव्यवहार की प्रमुख शर्तें, यदि कोई हों	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख (खें), यदि कोई हो (हों)	अग्रिम के रूप में प्रदत्त राशि, यदि कोई हो
शून्य						

ह./-
महेश कुमार जैन
(डीआईएन -03513127)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
19 अपैल 2017

जोखिम प्रबंधन नीति के विकास तथा कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में विवरण

बैंक एक विस्तृत एवं व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली का पालन करता है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक के समय-समय पर इस संबंध में जारी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अद्यतित किया जाता है. बोर्ड की एक समर्पित जोखिम प्रबंधन समिति बासेल III मानदंडों के कार्यान्वयन सहित बैंक के जोखिम से संबंधित पहलुओं की नियमित रूप से समीक्षा करती है. बैंक का निदेशक मंडल जोखिम मूल्यांकन तथा बैंक द्वारा अनुसरण की जा रही जोखिम आकलन तथा न्यूनीकरण प्रक्रियाओं और साथ ही बासेल III मानदंडों के अंतर्गत बैंक की पूंजी अपेक्षाओं की भी आवधिक रूप से समीक्षा करता है.

वर्ष के दौरान सीएसआर नीति तथा उसके कार्यान्वयन संबंधी विवरण

कंपनी (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियमावली, 2014 के अनुबंध के अंतर्गत निर्धारित फॉर्मेट में विवरण निम्नानुसार हैं:

सीएसआर पर वार्षिक रिपोर्ट

1. प्रस्तावित परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों के संक्षिप्त विवरण सहित बैंक की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा तथा सीएसआर नीति एवं परियोजनाओं या कार्यक्रमों के वेब-लिंक का संदर्भ.

बैंक की सीएसआर नीति का उद्देश्य समाज के सुविधा वंचित वर्ग के लिए मूर्त, दृश्य मान तथा स्थायी बदलाव लाने एवं व्यापक रूप से समाज के कल्याण के लिए निरंतर सकारात्मक योगदान देने की इच्छा से संचालित है. अपने सीएसआर कार्यकलापों के संचालन में बैंक का उद्देश्य एक सचेत कॉरपोरेट नागरिक और सामाजिक तौर पर जिम्मेदार संस्था के रूप में कार्य करना, समाज में व्याप्त विभेदों की पहचान करना और समाज की बेहतरी के लिए आवश्यकता आधारित अंशदान देना, बहुआयामी प्रभाव वाले विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए अल्पसुविधा प्राप्त समुदायों के सतत् एवं समग्र विकास के लिए अंशदान करना और सक्रिय मध्यस्थता के जरिए सामुदायिक प्रतिष्ठा अर्जित करना है.

बैंक की सीएसआर नीति अन्य बातों के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, लैंगिक समानता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण, पर्यावरणीय स्थायित्व, खेलों के प्रोत्साहन और ग्रामीण विकास परियोजनाओं जैसे क्षेत्रों की मध्यस्थता करने के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है.

बैंक की सीएसआर नीति तथा परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों की वेब-लिंक http://www.idbi.com/CSR-Policy.asp है.

2. सीएसआर समिति की संरचना: यथा 31 मार्च 2017 को सीएसआर समिति की संरचना निम्न तालिका में दी गई है:

क्र. सं.	निदेशक	पदनाम
1.	श्री किशोर पिराजी खरात	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
2.	श्री के पी नायर	उप प्रबंध निदेशक
3.	श्री जी एम यादवाडकर	उप प्रबंध निदेशक
4.	श्री ज्ञान प्रकाश जोशी	स्वतंत्र निदेशक

3. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बैंक का औसत निवल लाभ: पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए बैंक का औसत निवल लाभ / हानि ₹ 698 करोड़ की हानि में परिणत हुआ है.

4. विनिर्दिष्ट सीएसआर व्यय (उपर्युक्त मद सं. 3 की राशि का 2%): कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135(1) के निबंधनों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए उपगत किए जाने के लिए निर्धारित सीएसआर व्यय (अर्थात् औसत निवल लाभ का 2%, जो कर घटाकर है परंतु इसमें भारत के बाहर की शाखाओं, चाहे अलग कंपनी के रूप में या अन्यथा परिचालित हों, से उत्पन्न लाभ तथा भारत में अन्य कंपनियों से प्राप्त लाभांश शामिल नहीं होगा जो अधिनियम की धारा 135 के प्रावधानों के अंतर्गत शामिल हैं तथा उनके अनुपालन में हैं) शून्य है.

5. वित्तीय वर्ष के दौरान सीएसआर व्यय का विवरण

(क) **वित्तीय वर्ष में व्यय की जाने वाली कुल राशि:** सीएसआर के तहत वित्तीय वर्ष में व्यय की जाने वाली कुल राशि शून्य है. तथापि एक तत्पर पहल के रूप में वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक का सीएसआर व्यय ₹ 4.35 करोड़ रहा.

(ख) **व्यय न की गई राशि, यदि कोई हो:** लागू नहीं. वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए सीएसआर बजट अनिवार्य नहीं है क्योंकि पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए औसत निवल लाभ नकारात्मक है.

(ग) **वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की गई राशि का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:**

1	2	3	4		5	6		7	8
क्र. सं.	**अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**व्यय की गई राशि (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रमवार (₹ में*)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि †**
			(1) **स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य**	(2) **राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए**		(1) **परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय**	(2) **अतिरिक्त व्यय#**		
1	5000 वेइंग मशीन की खरीद हेतु वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजनाएं	अन्य	भुवनेश्वर, ओडिशा	44,10,000	44,10,000	0	44,10,000	ओडिशा राज्य मध्यान्ह भोजन एमडीएम कार्यालय
2	स्कूल के लिए क्लास रूम फर्नीचर, सौर प्रणाली एवं अन्य सामान की खरीद हेतु वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजनाएं	स्थानीय	सांगली, महाराष्ट्र	1,20,000	1,20,000	0	1,20,000	अपंग कल्याण शिक्षण संस्था
3	धर्मार्थ दवाखाने के लिए एक्स-रे मशीन तथा सहायक डिजिटल सिस्टम की खरीद हेतु वित्तीय सहायता	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन	अन्य	बरसाट, पश्चिम बंगाल	6,31,000	6,31,000	0	6,31,000	रामकृष्ण मठ
4	युवा कार्य एवं खेलकूद निदेशालय, त्रिपुरा सरकार को राज्य संचालित स्पोर्ट अकादमी के लिए जिम्नास्टिक उपकरणों की खरीद हेतु वित्तीय सहायता	खेलकूद कार्यकलापों का संवर्धन	अन्य	अगरतला, त्रिपुरा	9,95,360	9,95,360	0	9,95,360	युवा कार्य एवं खेलकूद निदेशालय, त्रिपुरा सरकार
5	टेरी के 'लाइटिंग ए बिलियन लाइव्स' कार्यक्रम को वित्तीय सहायता जिसमें चार राज्यों में चुनिन्दा गावों के 5000 घरों को सौर ऊर्जा प्रणाली प्रदान की गई है.	i)पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना ii) ग्रामीण विकास परियोजनाओं का वित्त पोषण	अन्य	उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों में	2,52,72,500	25,27,250	6,75,176	2,59,47,676	ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान, (टेरी),नई दिल्ली
6	संस्थान के कैंपस में 'उत्कृष्टता केंद्र' पर सौर ऊर्जा प्रणाली लगाने के लिए वित्तीय सहायता	i)शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि ii)पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना	अन्य	चेन्नै, तमिलनाडु	25,00,000	6,25,000	0	25,00,000	मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स
7	स्वीकार एकेडमी सिकंदराबाद कैंपस में छत पर सौर ऊर्जा पैनल की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता	पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना	अन्य	सिकंदराबाद, तेलंगाना	12,00,000	12,00,000	0	12,00,000	स्वीकार एकेडमी ऑफ रिहेबिलिटेशन साइंसेज
8	डिजाइनर मोमबत्तियों और अन्य स्थानीय हैंडीक्राफ़्टों की मार्केटिंग हेतु एक शोरूम की स्थापना के लिए और तीन साल तक की इसकी परिचालन लागत में सहयोग करने के लिए वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि	अन्य	नामची, सिक्किम	16,90,000	4,80,000	0	14,90,000	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम (नेडफी)

1	2	3	4		5	6		7	8
क्र. सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप	क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम		व्यय की गई राशि (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रमवार (₹ में*)	परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)		रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि †
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय#		
9	पिथौरागढ़ जिला प्रशासन द्वारा चिह्नित आपदा प्रभावित स्थानों पर पांच आँगनवाड़ी केंद्रों या सहायक नर्स मिडवाइफ केन्द्रों का निर्माण	i) शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि ii) लैंगिक समानता को बढ़ावा देना एवं सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण	अन्य	पिथौरागढ़, उत्तराखंड	28,75,000	17,25,000	10,845	28,85,845	उत्तराखंड सरकार (ग्राम पंचायत के माध्यम से)
10	यवतमाल जिले में रालेगांव प्रखण्ड के सोनुरली एवं वालनगर गाँव के चौथे जलसंभर विकास कार्यक्रम के संचालन हेतु वित्तीय सहायता	पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना	स्थानीय	यवतमाल, महाराष्ट्र	10,00,000	5,00,000	0	5,00,000	दिलासा संस्था
11	मिजोरम के सइहा जिले में मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों के लिए अक्षमता अनुकूल विशेक्ष स्कूल के बचे हुए हिस्से का निर्माण कार्य पूर्ण करने और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजनाएं	अन्य	सइहा, मिजोरम	30,00,000	12,00,000	0	12,00,000	मारा टी टी चाको एंड अब्राहम चैरिटेबल ट्रस्ट
12	महाराष्ट्र के नांदेड़ और उस्मानाबाद जिलों में पानी ले जाने में आसानी के लिए 600 ग्रामीण महिलाओं को वॉटर व्हील्स प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता	लैंगिक समानता को बढ़ावा देना एवं सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण	स्थानीय	नांदेड़ और उस्मानाबाद, महाराष्ट्र	23,50,000	11,75,000	0	11,75,000	हैबिटेट फॉर हयूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट
13	एक वर्ष की अवधि हेतु 46 छात्रों के लिए फ्री स्टूडेंट होम, लखनऊ को वित्तीय सहायता.	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजनाएं	अन्य	लखनऊ, उत्तर प्रदेश	13,80,000	3,45,000	0	3,45,000	एआईएम फॉर सेवा
14	असम के मोरी गाँव जिले में आदर्श ग्राम का विकास	ग्रामीण विकास परियोजनाओं को वित्त पोषण	अन्य	मोरीगांव, असम	35,55,200	3,76,060	0	29,91,110	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि, असम
15	विभिन्न सीएसआर कार्यकलाप करने के लिए दो गांवों को गोद लेना- वाराणसी जिले में सुजाबाद तथा चंदौली जिले के भभौरा गांव	ग्रामीण विकास परियोजनाओं को वित्त पोषण	अन्य	वाराणसी एवं चंदौली, उत्तर प्रदेश	3,00,00,000	59,29,000	11,20,000	2,70,49,000	केंद्रीय लोक कार्य विभाग, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
16	सांसद आदर्श ग्राम योजना के अतर्गत करनाली ग्राम पंचायत के चार गावों में कौशल विकास कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजनाएं	अन्य	वडोदरा, गुजरात	60,75,000	15,13,234	0	25,08,234	भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदबाद, गुजरात

1	2	3	4		5	6		7	8
क्र. सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप	क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम		व्यय की गई राशि (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रमवार (₹ में*)	परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)		रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि †
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय#		
17	आंखों की देखभाल के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक सेवाएं प्रदान करने हेतु रांची की झुग्गी-झोपड़ियों में शहरी नेत्र देखभाल पहल कार्य के लिए वित्तीय सहायता	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन	अन्य	रांची, झारखंड	23,29,000	13,97,400	0	13,97,400	रॉयल कॉमनवेल्थ सोसाइटी फॉर द ब्लाइंड (साइटसेवर्स), नई दिल्ली
18	निम्न के लिए वित्तीय सहायता: चरण II विस्तार खंड 6- बेड, 25 रोगियों की भर्ती सुविधाओं के साथ प्रशामक चिकित्सा इकाई, 40 वंचित/ आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों का उपचार,	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन	अन्य	कोलकाता, पश्चिम बंगाल	1,25,00,000	1,00,00,000	0	1,00,00,000	टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता
19	भारत में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय खेल विकास निधि को अंशदान	खेलकूद कार्यकलापों का संवर्धन	अन्य	संपूर्ण भारत	50,00,000	50,00,000	0	50,00,000	राष्ट्रीय खेल विकास निधि, नई दिल्ली
20	30 स्टेनोग्राफी छात्रों को कोर्स के सफल समापन पर 30 ब्रेल शॉर्टहैंड मशीन तथा एमएस-सीआईटी और अंग्रेजी और मराठी स्टेनोग्राफी कोर्स के लिए एक लेजर प्रिंटर और 10 डेस्कटॉप कंप्यूटर देने के लिए वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजनाएं	स्थानीय	मुंबई, महाराष्ट्र	7,68,800	7,68,800	0	7,68,800	दृष्टिबाधित के लिए एनएबी कार्यशाला, महाराष्ट्र
21	झारग्राम नगर पालिका के अंतर्गत वार्ड सं. 10 में नगरपालिका टैक्सी स्टैंड में जनजातीय लोगों के लिए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन	अन्य	पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल	1,50,000	1,49,000	0	1,49,000	कार्यकारी अधिकारी का कार्यालय, झारग्राम नगरपालिका
22	कन्या छात्रावास में सेनेटरी नैपकिन और इन्सिनेरेटर वेंडिंग मशीन की स्थापना.	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन	अन्य	पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल	72,500	72,500	0	72,500	एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय
23	पंचकुला जिले में गरीब लोगों के लिए भोजन प्रदान करना	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन	अन्य	पंचकुला, हरियाणा	25,000	25,000	0	25,000	रेड क्रॉस

1	2	3	4		5	6		7	8
क्र. सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप	क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम		व्यय की गई राशि (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रमवार (₹ में*)	परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)		रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि †
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय#		
24	सइहा जिले, मिजोरम के स्कूलों में 223 वाटर फिल्टर लगाना	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि	अन्य	सइहा, मिजोरम	4,46,000	4,46,000	0	4,46,000	डीसी कार्यक्रम, सइहा, मिजोरम
25	10 बच्चों के लिए शिक्षा लागत का प्रायोजन	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि	स्थानीय	नवी मुंबई, महाराष्ट्र	85,000	85,000	0	85,000	रोटरी क्लब, श्रॉफ, नवी मुंबई, सनराइज सोसाइटी, मुंबई
	कुल				10,84,30,360	4,16,95,604	18,06,021	9,38,91,925	

*निरसन घटाने के बाद निवल राशि
कार्यान्वयन करनेवाली एजेंसी का पंजीकृत कार्यालय पता
#रिवर्स प्रभार प्रणाली (आरसीएम) गैर-सेंरवैटयोग्य के अंतर्गत प्रदत्त सेवा कर

6. यदि बैंक विगत तीन वित्तीय वर्षों या उनके किसी भाग के औसत निवल लाभ का 2 प्रतिशत व्यय करने में असफल रहता है तब कंपनी को अपने बोर्ड की रिपोर्ट में राशि व्यय न करने के कारण बताने होंगे. (कम व्यय करने के मामले में दिया जाए)

कंपनी अधिनियम 2013 में दिए गए विस्तृत दिशानिर्देशों के अनुरूप आईडीबीआई बैंक को वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सीएसआर के अंतर्गत कोई व्यय उपगत करने की आवश्यकता नहीं है. तथापि एक तत्पर तथा सामाजिक रूप से जिम्मेदार संस्था के रूप में बैंक ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान विभिन्न सीएसआर योजनाओं के अंतर्गत ₹ 4.35 करोड़ का व्यय किया है.

7. सीएसआर समिति का दायित्व कथन कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों एवं नीतियों के अनुपालन में है.

बैंक की सीएसआर समिति घोषित करती है कि सीएसआर नीति, इसका कार्यान्वयन तथा निगरानी अक्षरशः कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों के अनुपालन में है.

ह./-
महेश कुमार जैन
(डीआईएन - 03513127)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
18 मई 2017

बोर्ड, इसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशकों के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन के तरीके की सूचना का विवरण

कंपनी (लेखा) विनियमावली, 2014 के नियम 8(4) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (पी) के अनुसार उपर्युक्त विषय पर ब्योरे नीचे प्रस्तुत किए गए हैं:

(i) स्वतंत्र निदेशकों की समिति (आईडीसी) ने दिनांक 12 अप्रैल 2017 को संपन्न अपनी बैठक में बोर्ड की बैठकों के अध्यक्ष सहित सभी गैर-स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन और समग्र रूप से बोर्ड के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया.

(ii) बोर्ड ने दिनांक 28 अप्रैल 2017 को संपन्न अपनी बैठक में बोर्ड के सभी निदेशकों (एमडी एवं सीईओ, उप प्रबंध निदेशक तथा सरकारी निदेशकों को छोड़कर जिनके कार्य निष्पादन की समीक्षा भारत सरकार द्वारा की जाती है) के कार्य-निष्पादन, स्वयं के कार्य-निष्पादन के साथ-साथ बोर्ड की समितियों के कार्यनिष्पादन का भी मूल्यांकन किया. बोर्ड द्वारा जिन निदेशकों का मूल्यांकन किया गया ऐसे संबंधित निदेशकों ने अपने मूल्यांकन की प्रक्रिया के दौरान बैठक में भाग नहीं लिया.

आईडीसी और बोर्ड द्वारा वार्षिक मूल्यांकन के प्रयोजनार्थ वैयक्तिक निदेशकों, बोर्ड की समितियों और बोर्ड के संबंध में निरंक मूल्यांकन शीटें ईमेल के साथ-साथ हार्ड प्रतियों के माध्यम से वैयक्तिक निदेशकों को अग्रिम रूप में प्रेषित की गईं ताकि वे अग्रिम रूप में ही अपना अभिमत बना सकें और संबन्धित बैठकों में मूल्यांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में सहायता मिल सके. संबन्धित बैठकों के अध्यक्ष ने मूल्यांकन को अंतिम रूप देने के पश्चात् आईडीसी और बोर्ड की ओर से मूल्यांकन शीटों पर हस्ताक्षर किए.

कारोबार के स्वरूप में परिवर्तन, यदि कोई हो

समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने बैंकिंग के कारोबार को जारी रखा और इसके कारोबार के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ.

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान नियुक्त किए गए और त्यागपत्र देने वाले निदेशकों या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का विवरण

निदेशकों के नाम	नियुक्ति/त्यागपत्र/सेवासमाप्ति	दिनांक
श्री पंकज जैन	भारत सरकार की दिनांक 02 मई 2016 की अधिसूचना एफ.सं. 6/3/2012-बीओ.आई द्वारा बैंक के सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त	02.05.2016
सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव	भारत सरकार की दिनांक 2 मई 2016 की अधिसूचना एफ.सं. 6/3/2012-बीओ.आई द्वारा बैंक के सरकारी नामिती निदेशक के रूप में सेवा समाप्ति	02.05.2016
श्री अशोक पाल सिंह	भारत सरकार की दिनांक 27 जून 2016 की अधिसूचना एफ.सं. 6/3/2012-बीओ.आई द्वारा बैंक के सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त	27.06.2016
सुश्री नीरू अबरोल	निदेशक मंडल द्वारा 29 जुलाई 2016 को सम्पन्न अपनी बैठक में बैंक की अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त	29.07.2016
श्री बी.के. बत्रा	अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवा समाप्ति	31.07.2016
श्री के. पी. नायर	भारत सरकार की दिनांक 15 सितंबर 2016 की अधिसूचना एफ.सं. 4/5/(7) 2016-बीओ.आई द्वारा बैंक के उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त	15.09.2016
श्री जी. एम. यादवाडकर	भारत सरकार की दिनांक 15 सितंबर 2016 की अधिसूचना एफ.सं. 4/5/(7) 2016-बीओ.आई द्वारा बैंक के उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त	15.09.2016
श्री पंकज वत्स	भारत सरकार की दिनांक 15 दिसंबर 2016 की अधिसूचना एफ.सं. 6/24/2013-बीओ.आई द्वारा आईडीबीआई बैंक के निदेशक नहीं रहे	15.12.2016
श्री अशोक पाल सिंह	दिनांक 29 दिसंबर 2016 के त्यागपत्र दिए जाने के फलस्वरूप आईडीबीआई बैंक के निदेशक नहीं रहे	29.12.2016
श्री प्रवीण गर्ग	भारत सरकार की दिनांक 07 फरवरी 2017 की अधिसूचना एफ.सं. 7/2/2012-बीओ.आई द्वारा बैंक के सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त	07.02.2017

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के नाम	नियुक्ति/त्यागपत्र/सेवासमाप्ति	दिनांक
श्री एन.एस. वेंकटेश, सीएफओ	त्यागपत्र	01.07.2016
श्री आर. के. बंसल, सीएफओ	नियुक्त	01.07.2016
श्री आर. के. बंसल, सीएफओ	सेवासमाप्त	16.08.2016
श्रीमती पद्मा बेताई, सीएफओ	नियुक्त	16.08.2016

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक की बनने वाली या न रहने वाली सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों या सहयोगी कंपनियों के नाम

सहायक कंपनियों के नाम	बनने वाली/ न रहने वाली	दिनांक
शून्य		

सहयोगी कंपनियों के नाम	बनने वाली/ न रहने वाली	दिनांक
शून्य		

संयुक्त उद्यमों के नाम	बनने वाली/ न रहने वाली	दिनांक
शून्य		

कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय V के अधीन शामिल जमाराशियों से संबंधित विवरण और उन जमाराशियों के विवरण जो इस अधिनियम के अध्याय V की अपेक्षाओं के अनुपालन में नहीं हैं.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73(1) के परंतुक के अनुसार इस उप-धारा का कोई भी अंश बैंकिंग कंपनी पर लागू नहीं होगा, अतः उपर्युक्त विवरण के प्रकटन की अपेक्षा आईडीबीआई बैंक पर लागू नहीं है.

चालू प्रतिष्ठान स्थिति और भविष्य में कंपनी के परिचालनों को प्रभावित करने वाले विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित सार्थक और महत्वपूर्ण आदेशों के विवरण

विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा ऐसे कोई आदेश पारित नहीं किए गए जो आईडीबीआई बैंक की चालू प्रतिष्ठान की स्थिति और भविष्य में बैंक के परिचालनों को प्रभावित करते हैं.

स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

वर्ष 2016-17 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित / प्रतिनियुक्त किया गया. इस संबंध में विस्तृत ब्योरे बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर https://www.idbi.com:8443/secretarial-disclosures.asp लिंक के अंतर्गत दिए गए हैं:

सतर्कता प्रणाली की स्थापना

बैंक ने सांविधिक/ विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन में बोर्ड द्वारा अनुमोदित सतर्कता प्रणाली स्थापित की है. सतर्कता प्रणाली पर रिपोर्ट नियमित आधार पर बोर्ड को प्रस्तुत की जा रही है. वर्ष 2016 -17 के दौरान किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति से संपर्क करने से नहीं रोका गया. बैंक द्वारा सतर्कता प्रणाली नीति का प्रकटन अपनी वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्न लिंक के अंतर्गत किया गया है जिसमें सतर्कता प्रणाली की स्थापना के ब्योरे दिए गए हैं: https://www.idbi.com:8443/secretarial-disclosures.asp

महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं के निर्धारण हेतु नीति

एलओडीआर विनियमावली के विनियम 46 की अपेक्षाओं के अनुसार महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं के निर्धारण के लिए नीति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत दी गई है: https://www.idbi.com:8443/secretarial-disclosures.asp

संबद्ध पक्ष लेनदेनों पर कार्रवाई संबंधी नीति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 और एलओडीआर विनियमावली के विनियम 23 के प्रावधानों के अनुसार बैंक ने संबद्ध पक्ष लेनदेनों पर कार्रवाई संबंधी नीति बनाई है.

संबद्ध पक्ष लेनदेनों पर कार्रवाई संबंधी नीति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है: https://www.idbi.com:8443/secretarial-disclosures.asp

व्यापक रूप से सूचीबद्ध संस्था के हितों से संभावित टकराव वाले भौतिक रूप से महत्वपूर्ण संबद्ध पक्ष लेन-देनों पर प्रकटन

सूचीबद्धता विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार यह पुष्टि की जाती है कि वर्ष 2016-17 के दौरान, बैंक ने भौतिक रूप से महत्वपूर्ण ऐसा कोई संबद्ध पक्ष लेन-देन नहीं किया है जिससे बैंक के हितों से किसी प्रकार के टकराव की संभावना हो.

पण्य मूल्य जोखिमों अथवा विदेशी मुद्रा एवं पण्य हेजिंग कार्यकलापों का प्रकटन

बैंक विनियामकों द्वारा निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार पण्य मूल्य जोखिमों अथवा विदेशी मुद्रा एवं पण्य हेजिंग कार्यकलापों के संबंध में संबंधित उपबंधों का अनुपालन करता है.

लेखांकन व्यवहार का प्रकटन

एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार यह पुष्टि की जाती है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने में लेखांकन मानदंड में निर्धारित विधियों से अलग कोई भी विधि नहीं अपनायी गई है. अतः इस संबंध में प्रबंधन की ओर से कोई भी स्पष्टीकरण अपेक्षित नहीं है.

निदेशकों के पारिश्रमिक

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशक, जिनकी नियुक्तियां भारत सरकार द्वारा की जाती हैं, के पारिश्रमिक एवं परिलब्धियां सरकार द्वारा तय की जाती हैं. एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण तालिका 3 में दिया गया है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशकों के बैंक के साथ कोई आर्थिक संबंध/लेनदेन नहीं रहे हैं.

तालिका 3 : एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों के पारिश्रमिक के घटक

वेतन और भत्ते (सरकारी आदेशों के अनुसार)	श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ [14.08.15 से] - वेतन ₹ 2,05,400/- प्रति माह और 2% की दर से ₹ 4,108/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 2,09,508/- श्री के पी नायर, डीएमडी [15.09.16 से] - वेतन ₹ 1,76,800/- प्रति माह और 2% की दर से ₹ 3,536/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,80,336/- श्री जी एम यादवाडकर, डीएमडी [15.09.16 से] - वेतन ₹ 1,76,800/- प्रति माह और 2% की दर से ₹ 3,536/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,80,336/- श्री बी.के. बत्रा, डीएमडी [31.07.16 तक] - वेतन ₹ 71,030/- प्रति माह और 125% की दर से ₹ 88,787.5/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,59,817.5/-
आतिथ्य	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों, दोनों के संबंध में प्रत्येक के लिए ₹ 6000 प्रति वर्ष की अधिकतम सीमा के अधीन वास्तविक आतिथ्य (क्लब की सदस्यता उपर्युक्त अधिकतम सीमा के भीतर समायोज्य).
आवास	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों दोनों को किराया-मुक्त सुसज्जित आवास.
वाहन व्यय	कार्यालयीन उद्देश्य के लिए बैंक की कार का निःशुल्क उपयोग.
छुट्टी यात्रा रियायत	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों, दोनों के लिए आधिकारिक दौरे हेतु लागू पात्रता श्रेणी के अनुसार स्वयं एवं परिवार के लिए भारत में किसी भी स्थान की यात्रा के लिए दो वर्षों के ब्लॉक में एक बार.
पेंशन	बैंक, जहां वे कैरियर पद पर रहे हैं, के नियमों और विनियमों के अनुसार कैरियर पद में (बोर्ड स्तर से नीचे) स्वीकार्य पेंशन, यदि कोई है, प्राप्त करने के लिए पात्र हैं.
ग्रेच्युटी	एमडी एवं सीईओ / डीएमडी के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण किए वर्ष अथवा छः माह से अधिक की सेवा के लिए आधे माह के वेतन की दर से.

कार्यकाल	श्री किशोर खरात - भारत सरकार की दिनांक 14 अगस्त 2015 की अधिसूचना सं.एफ.सं. 4/2/2015-बीओ.I द्वारा 14 अगस्त 2015 से 30 सितंबर 2018 को अधिवर्षिता की तारीख तक तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, एमडी एवं सीईओ नियुक्त. श्री के. पी. नायर - भारत सरकार की दिनांक 15 सितंबर 2016 की अधिसूचना सं.एफ.सं.4/5/(7)/2016-बीओ. I द्वारा पदभार ग्रहण करने की तारीख से 31 मई 2019 तक की अवधि अर्थात् अधिवर्षिता की तारीख अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री नायर ने 15 सितंबर 2016 को कार्यभार ग्रहण किया. श्री जी. एम. यादवाडकर - भारत सरकार की दिनांक 15 सितंबर 2016 की अधिसूचना सं.एफ.सं.4/5/(7)/2016-बीओ.I द्वारा पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष तक की अवधि अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री यादवाडकर ने 15 सितंबर 2016 को कार्यभार ग्रहण किया. श्री बी.के. बत्रा- भारत सरकार की दिनांक 12 जनवरी 2012 की अधिसूचना एफ सं.9/14/2009-बीओ.I द्वारा 13 जनवरी 2012 से अधिवर्षिता की तारीख (31.07.2016) तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री बत्रा 31.07.2016 को पद से सेवा-निवृत्त हुए.

अन्य स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड / समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए बोर्ड, ईसी और एसीबी के लिए प्रति बैठक ₹ 20,000/- की दर से और बोर्ड समिति की अन्य बैठकों के लिए प्रति बैठक ₹ 10,000/- की दर से केवल बैठक फीस अदा की गई. एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों को पारिश्रमिक और स्वतंत्र निदेशकों को बैठक फीस के अलावा आपके बैंक द्वारा निदेशकों को उनकी यात्रा, रहने तथा परिवहन पर हुए खर्च को छोड़कर और कोई पारिश्रमिक अदा नहीं किया गया.

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए स्वतंत्र निदेशकों को प्रदत्त बैठक शुल्क की कुल राशि का विवरण नीचे दिया गया है :

स्वतंत्र निदेशक का नाम	वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रदत्त बैठक शुल्क (₹)
श्री एस. रवि	13,40,000
श्री निनाद कर्पे	12,35,000
श्री पंकज वत्स	5,40,000
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी	6,70,000
सुश्री नीरू अबरोल [29.07.16 से]	3,20,000

कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के अधीन प्रकटन

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, के पारिश्रमिक का निर्धारण भारत सरकार के मानदंडों के अनुरूप पारिश्रमिक में लागू वृद्धि सहित भारत सरकार के वेतनमानों के अनुसार भारत सरकार द्वारा किया जाता है. उपर्युक्त पैरा में उल्लेख किए अनुसार बोर्ड के अन्य निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक नहीं मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों अर्थात् मुख्य वित्तीय अधिकारी और कंपनी सचिव सहित बैंक के अन्य कर्मचारियों को बैंक के समान ग्रेड के अधिकारियों के लिए लागू तथा सरकारी क्षेत्र के मानदंडों के अनुसार पारिश्रमिक में लागू वृद्धि के साथ बैंक द्वारा अपनाए गए सरकारी क्षेत्र के वेतनमानों के अनुसार पारिश्रमिक मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों सहित कर्मचारियों के वेतनमान में आवधिक संशोधन का संबंध बैंक के कार्य-निष्पादन सहित अन्य कारकों से जुड़ा होता है. बैंक ने कोई एफपीओ नहीं जारी किया है, अतः बैंक के शेयरों के बाजार कोटेशन की कोई तुलना संभव नहीं है. तथापि वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए बैंक के शेयरों के बाजार मूल्य, वित्तीय अनुपात आदि का प्रकटन वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों तथा एमडी एवं सीईओ/ डीएमडी, जो भारत सरकार के वेतनमानों के अनुसार वेतन प्राप्त कर रहे हैं, सहित कर्मचारियों के पारिश्रमिक के संबंध में कोई परिवर्ती वेतन अवधारणा लागू नहीं है. 31 मार्च 2017 को बैंक के रोल पर कर्मचारियों की संख्या 18,187 थी जिसमें 467 कर्मचारी संविदा आधार पर थे तथा अन्य सभी कर्मचारी स्थायी थे. इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि पारिश्रमिक बैंक की पारिश्रमिक नीति के अनुसार है और प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक तथा माध्यिका कर्मचारी के पारिश्रमिक

का अनुपात और अन्य विवरण ऊपर किए गए प्रकटन के आधार पर हैं तथा ये कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के अनुपालन में हैं.

महासभा की बैठकें

(i) वार्षिक महासभाओं का विवरण

बैंक की पिछली वार्षिक महासभा (एजीएम) 22 जुलाई 2016 को हुई थी. आईडीबीआई बैंक लि. की वार्षिक महासभाओं का विवरण तालिका 4 में दिया गया है.

तालिका 4 : आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वार्षिक महासभाओं का विवरण

पिछली तीन वार्षिक महासभाओं के आयोजन का स्थान और समय	1) 30 जून 2014 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (आपके बैंक की 10वीं वार्षिक महासभा).
	2) 12 अगस्त 2015 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (आपके बैंक की 11वीं वार्षिक महासभा).
	3) 22 जुलाई 2016 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (आपके बैंक की 12वीं वार्षिक महासभा).
क्या पिछली 3 वार्षिक महासभाओं में विशेष संकल्प पारित किए गए थे.	**10वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 30 जून 2014 को संपन्न 10वीं वार्षिक महासभा में (i) बैंक की पूंजी बढ़ाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) धन उधार लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने और (iii) बैंक के संस्था अंतर्नियम में परिवर्तन के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए. **11वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 12 अगस्त 2015 को संपन्न 11वीं वार्षिक महासभा में (i) बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक भाग में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बांड/ अतिरिक्त टीयर I बांड के रूप में 20,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने और (iii) बैंक के संस्था के अंतर्नियम में परिवर्तन के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए. **12वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 22 जुलाई 2016 को संपन्न 12वीं वार्षिक महासभा में (i) ₹ 8,000/- करोड़ (प्रीमियम राशि सहित) तक बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक भाग में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बांड, बासेल III अनुपालित टीयर II बांड/ अतिरिक्त टीयर I बांड के रूप में 20,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने और (iii) श्री एस. रवि को चार वर्षों की अंतिम अवधि के लिए बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त करने (iv) श्री निनाद कर्पे को चार वर्षों की अंतिम अवधि के लिए बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त करने (v) बैंक की प्राधिकृत पूंजी में वृद्धि और बैंक के संस्था के अंतर्नियम में परिवर्तन के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए.

क्या गत वर्ष डाक मतदान के ज़रिए कोई विशेष संकल्प पारित किया गया था - मतदान पद्धति का ब्योरा	नहीं
व्यक्ति, जिसने डाक मतदान का कार्य संचालित किया	लागू नहीं
क्या कोई विशेष संकल्प डाक मतदान के माध्यम से पारित करने का प्रस्ताव है.	नहीं

(ii) असाधारण महासभा का विवरण

वर्ष 2016-17 के दौरान असाधारण महासभा की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई.

प्रकटन

1 01 अप्रैल 2016 - 31 मार्च 2017 के दौरान निम्न को छोड़कर, ऐसी किसी भी कंपनी को सहायता प्रदान नहीं की गई, जिसमें बैंक के किसी निदेशक की हितबद्धता हो :

(i) भारतीय निर्यात आयात बैंक (एक्जिम बैंक) - श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, एक्जिम बैंक के बोर्ड में थे. तथापि, एक्जिम बैंक को नकदी प्रवाह असंतुलन को पूरा करने के लिए अंतःदिवस/ ओवरड्राफ्ट सुविधा मंजूर की गई है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के तहत सहबद्ध उधार प्रावधानों से छूट प्राप्त है.

(ii) भारतीय उद्यमशीलता विकास संस्थान (ईडीआईआई) - श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ ईडीआईआई के बोर्ड में थे. तथापि, रिज़र्व बैंक-डीबीओडी के दिनांक 5 मार्च 2012 के पत्र द्वारा ईडीआईआई को ऋणों और अग्रिमों की मंजूरी के लिए उनसे छूट प्राप्त की गई है. रिज़र्व बैंक ने यह भी सूचित किया है कि चूंकि ऋणों और अग्रिमों की मंजूरी बैंकों के परिचालनगत क्षेत्र में है, अतः आईडीबीआई बैंक अपने बोर्ड की अनुमोदित ऋण नीति के अनुसार ईडीआईआई को ऋण की मंजूरी के संबंध में निर्णय ले सकता है.

2 पिछले तीन वर्षों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज अथवा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाजार से संबंधित किसी मामले पर बैंक पर लगाए गए गैर-अनुपालन, दंड, कटु आलोचना के विवरण निम्नानुसार हैं :

वित्तीय वर्ष 2014-15	रिज़र्व बैंक ने दिनांक 25 जुलाई 2014 के अपने आदेश के ज़रिए डेक्कन क्रोनिकल होल्डिंग्स लि. के संबंध में बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के अनुपालन में विचलन के लिए ₹ 15 लाख का दंड लगाया.
वित्तीय वर्ष 2015-16	शून्य
वित्तीय वर्ष 2016-17	शून्य

आचार एवं सदाचार संहिता

बैंक के निदेशक मंडल ने अपने निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार एवं सदाचार संहिता को अपनाया है. एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 की अपेक्षाओं के अनुपालन में आपके बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि के बारे में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा नीचे दी गई है :

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा घोषणा

सूचीबद्धता विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के प्रावधानों के अनुसरण में, सभी संबंधित व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा घोषणा की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है.

ह./-
महेश कुमार जैन
(डीआईएन - 03513127)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
15 अप्रैल 2017

भेदिया व्यापार की रोकथाम

सेबी (भेदिया व्यापार निषेध) विनियमावली, 2015 के विनियम 8 के अनुसार बैंक ने अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के उचित प्रकटन के लिए व्यवहार एवं प्रक्रिया संहिता बनाई है. यह संहिता बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है :

https://www.idbi.com:8443/secretarial-disclosures.asp

उक्त विनियमावली के विनियम 9 के अनुसार बैंक ने अपने कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों द्वारा की जा रही ट्रेडिंग को विनियमित करने, निगरानी करने और रिपोर्ट करने के लिए आचरण संहिता भी बनाई है.

सीईओ / सीएफओ प्रमाणन

एलओडीआर विनियमावली के विनियम 17(8) के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित वित्तीय विवरणों और आंतरिक नियंत्रणों पर एमडी एवं सीईओ और सीएफओ से प्रमाणन प्राप्त कर बोर्ड को प्रस्तुत किए गए हैं.

सहायक कंपनियां

यथा 31 मार्च 2017 को बैंक के पास पांच सहायक कंपनियां थीं अर्थात् आईडीबीआई इंटेक लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि, आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि., आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड. बैंक के बोर्ड के किसी भी स्वतंत्र निदेशक को इसकी सहायक कंपनियों के बोर्ड में शामिल किए जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कोई भी सहायक कंपनी एलओडीआर विनियमावली के विनियम 16 के अंतर्गत परिभाषित किये अनुसार तात्विक रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं है. एलओडीआर विनियमावली के विनियम 24 की अपेक्षाओं के अनुपालन में बैंक की लेखा परीक्षा समिति वित्तीय विवरणों, विशेष रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किये गये निवेशों की समीक्षा करती है. असूचीबद्ध सहायक कंपनियों की बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त बैंक की बोर्ड बैठकों में नियमित रूप से प्रस्तुत किए जाते हैं.

सचिवीय लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं., कंपनी सचिव को बैंक के सचिवीय लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है. दिनांक 5 मई 2017 की सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के साथ संलग्न है.

सूचना के साधन

बैंक के कामकाज पर विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अधीन अपेक्षित निदेशकों की रिपोर्ट और वार्षिक लेखे शामिल हैं, उपलब्ध कराने के अलावा बैंक अपने शेयरधारकों की जानकारी के लिए नियमित रूप से तिमाही परिणामों को प्रकाशित करता है. इन्हें राष्ट्रव्यापी प्रसार वाले एक अंग्रेजी समाचार पत्र अर्थात् बिज़नस लाइन में और एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र अर्थात् लोकमत में प्रकाशित किया जाता है. उपर्युक्त जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति तथा संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों के समक्ष की गई प्रस्तुतियों के साथ बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर भी उपलब्ध कराई गई है.

ऐसे दस्तावेज, जो संदर्भित हैं लेकिन वार्षिक महासभा की सूचना पाने के पात्र व्यक्तियों को नहीं भेजे गए हैं, वार्षिक महासभा की तारीख से 21 दिन पहले से बैंक के पंजीकृत कार्यालय में कार्य समय के दौरान शेयरधारकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे.

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

यथा शेयरधारकों से संबंधित सामान्य सूचना के ब्योरे 1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017 के दौरान शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव क्रमशः तालिका 5 और तालिका 6 में दिए गए हैं.

तालिका 5 : आम शेयरधारकों के लिए सूचना

i.	वार्षिक महासभा की तारीख, समय और स्थान	18 जुलाई 2017, मंगलवार, अपराह्न 3.30 बजे., यशवंत राव चव्हाण केंद्र ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400021
ii.	वित्तीय वर्ष	1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017
iii.	कंपनी (प्रबंध और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के साथ पठित एलओडीआर विनयमावली के विनियम 44 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार ई-वोटिंग अवधि.	ई-वोटिंग अवधि शनिवार, 15 जुलाई 2017, भारतीय मानक समय के अनुसार प्रातः 9.00 बजे से प्रारंभ होगी और सोमवार, 17 जुलाई 2017 को भारतीय मानक समय के अनुसार अपराहन 5.00 बजे समाप्त होगी.
iv.	लेखाबही बंदी तारीख	12 जुलाई 2017 से 18 जुलाई 2017 (दोनों दिन शामिल)
v.	स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता और वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क के भुगतान की पुष्टि	**1. बीएसई लि. (बीएसई)** **पता** : 25वीं मंजिल, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई-01. 2. **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई)** **पता**: एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई-51 बीएसई और एनएसई के वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान क्रमशः 28 अप्रैल 2017 और 24 अप्रैल 2017 को किया गया है.
vi.	स्टॉक कोड/ प्रतीक	बीएसई - 500116, एनएसई - आईडीबीआई
vii.	रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट	कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि., यूनिट : आईडीबीआई इक्विटी, कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड, कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500 032
viii.	शेयर अंतरण प्रणाली	शेयर अंतरण कार्यपालक निदेशक/ मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति द्वारा साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित किए जाते हैं.
ix.	वित्तीय कैलेंडर	1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017 : 1) 30 जून 2016 को समाप्त तिमाही के परिणाम 11 अगस्त 2016 को अनुमोदित किए गए. 2) 30 सितंबर 2016 को समाप्त तिमाही तथा छमाही के परिणाम 25 अक्तूबर 2016 को अनुमोदित किए गए. 3) 31 दिसंबर 2016 को समाप्त तीसरी तिमाही तथा नौ महीने के परिणाम 07 फरवरी 2017 को अनुमोदित किए गए. 4) 31 मार्च 2017 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लेखापरीक्षित परिणाम 18 मई 2017 को अनुमोदित किए गए.

x.	प्रॉक्सी फॉर्म प्राप्त होने की अंतिम तारीख	रविवार, 16 जुलाई 2017 को शाम 3.30 बजे तक
xi.	तिमाही परिणामों पर विचार करने के लिए बोर्ड की बैठक	संबंधित तिमाही के समापन से 45 दिनों के भीतर और वार्षिक लेखापरीक्षित परिणाम हेतु वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 60 दिनों के भीतर.
xii.	गैर-कार्यपालक निदेशकों द्वारा धारित शेयरों तथा परिवर्तनीय लिखतों की संख्या	यथा 31 मार्च 2017 को श्री एस. रवि स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक के पास आईडीबीआई बैंक लि. के 200 शेयर थे.
xiii.	डिबेंचर न्यासी का विवरण	1. **एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,** दूसरी मंजिल, एक्सिस हाउस, वाडिया इंटरनेशनल सेंटर, बाम्बे डाइंग मिल्स कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वरली, मुंबई- 400 025, फोन : 022-24255232. 2. **एसबीआईकैप ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,** एपीजे हाउस, 6वीं मंजिल, 3 दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुंबई -400 020, फोनः 022-43025503. 3. **आईएल एंड एफएस ट्रस्ट कंपनी लिमिटेड,** द आईएल एंड एफएस फाइनोन्सियल सेंटर, प्लॉट सी-22, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई 400 051. फोन : 022-26593927.

आईडीबीआई के शेयरों का एनएसई और बीएसई में सक्रिय रूप से कारोबार होता है. एक्सचेजों के पास सूचीबद्ध सभी प्रतिभूतियों के संबंध में वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क आज की तारीख तक अदा किया जा चुका है.

तालिका 6: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई) और बीएसई लि. (बीएसई) में आईडीबीआई बैंक लि. के शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव : अप्रैल 2016 - मार्च 2017 (₹)

माह	एनएसई		बीएसई			एनएसई		बीएसई	
	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न	माह	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न
अप्रैल 2016	72.65	67.20	72.55	67.15	अक्तूबर 2016	76.55	68.60	76.65	68.70
मई 2016	69.30	63.80	69.25	63.75	नवंबर 2016	72.85	66.80	72.90	66.85
जून 2016	71.50	64.15	71.45	64.15	दिसंबर 2016	71.90	65.95	71.90	66.00
जुलाई 2016	76.80	69.85	76.75	69.85	जनवरी 2017	80.00	69.00	79.95	69.05
अगस्त 2016	75.25	66.80	73.50	66.75	फरवरी 2017	85.15	78.90	85.00	78.95
सितंबर 2016	79.50	67.00	79.55	67.05	मार्च 2017	79.85	74.50	79.90	74.60

यथा 31 मार्च 2017 को शेयरधारिता का स्वरूप


मार्च 2017 के अंत में बैंक के शेयरधारकों की प्रमुख श्रेणियों द्वारा शेयरधारिता के ब्योरे और वितरण अनुसूची नीचे तालिका 7 और तालिका 8 में दी गई है.

तालिका 7 : यथा 31 मार्च 2017 को शेयरधारिता का स्वरूप

शेयरधारकों की श्रेणी	शेयरधारकों की श्रेणी	कुल का %
भारत सरकार	1523113202	73.98
कर्मचारी	897313	0.04
जनता	126148825	6.13
हिन्दू अविभाजित परिवार	3563995	0.17
कंपनी निकाय	26653272	1.29
संस्थाएं		
अ) बैंक	2630883	0.13
आ) विदेशी संस्थागत निवेशक	7051727	0.34
इ) राज्य वित्त निगम	35680	नगण्य
ई) वित्तीय संस्थाएं	12360000	0.60
उ) म्यूचुअल फंड	1915211	0.09
सोसायटी	28960	नगण्य
न्यास	365535	0.02
बीमा कंपनियां	300248544	14.58
अनिवासी भारतीय	5291151	0.26
निदेशक, केएमपी एवं उनके रिश्तेदार		
(i) श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक	320	नगण्य
(ii) श्री एस.रवि, स्वतंत्र निदेशक	200	नगण्य
(iii) सुश्री पद्मा बेतई, सीएफओ	270	नगण्य
एनएसडीएल (अंतरणाधीन)	3437735	0.17
पात्र विदेशी निवेशक	45048565	2.19
एनबीएफसी	23963	नगण्य
कुल योग	**2058815081**	**100**

व्यापक सूचकांकों अर्थात् बीएसई सेंसेक्स, क्रिसिल सूचकांक, आदि की तुलना में प्रदर्शन

1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017 की अवधि के दौरान बीएसई सेंसीटिव इंडेक्स (सेंसेक्स) की तुलना में आईडीबीआई बैंक के इक्विटी शेयर का प्रदर्शन निम्नलिखित चार्ट में दिया गया है:



शेयर अंतरण प्रणाली एवं निवेशक शिकायतों का निवारण

तालिका 8 : 31 मार्च 2017 को वितरण अनुसूची

क्र. सं.	श्रेणी		शेयरधारकों की संख्या	कुल शेयरधारकों में %	राशि (₹)	कुल राशि में %
	से	तक				
1	1	5000	365299	90.43	553383300	2.69
2	5001	10000	22760	5.63	177577200	0.86
3	10001	20000	9291	2.30	138841840	0.67
4	20001	30000	2430	0.60	62529540	0.30
5	30001	40000	1173	0.29	42375040	0.21
6	40001	50000	824	0.20	39090180	0.19
7	50001	100000	1244	0.31	92386860	0.45
8	100001 और अधिक		960	0.24	19481966850	94.64
कुल			**403981**	**100.00**	**20588150810**	**100.00**

शेयर अंतरण प्रक्रिया को शीघ्रतापूर्वक पूरा करने के उद्देश्य से अंतरण ज्ञापन (एमओटी) को साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित करने के लिए कार्यपालक निदेशक / मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति गठित की गई है.

1 अप्रैल 2016 को निवेशकों की कोई भी शिकायत निवारण के लिए लंबित नहीं थी और 1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017 के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंट को शेयरधारकों/ निवेशकों से कुल 6081 निवेशक शिकायतें प्राप्त हुईं. वर्ष के दौरान 6078 शिकायतों का निवारण किया गया और 31 मार्च 2017 को 3 शिकायतें निवारण के लिए लंबित थीं.

i. कर व्यय में चालू एवं आस्थगित कर शामिल हैं.
Tax expense comprises of current and deferred tax.

चालू कर आयकर की वह निर्धारित राशि है जो किसी अवधि के लिए करयोग्य आय (कर हानि) के संबंध में देय (वसूली योग्य) है. इसकी गणना आय कर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों तथा आय परिकलन और प्रकटन मानकों (आईसीडीएस) के अनुसार की जाती है.
Current tax is the amount of Income tax determined to be payable (recoverable) in respect of taxable income (tax loss) for a period calculated in accordance with the provisions of the Income Tax Act, 1961 and the Income Computation and Disclosure Standards (ICDS).

ii. वर्ष के बहियों और कर लाभों के बीच समय अंतरालों हेतु आस्थगित कर को उन कर दरों एवं कानूनों का प्रयोग करते हुए हिसाब में लिया जाता है जो तुलनपत्र की तारीख को पर्याप्त रूप से अधिनियमित किये गये हों. समय अंतरालों से उत्पन्न होनेवाली आस्थगित कर आस्तियों को इनकी भविष्य में वसूली की पर्याप्त निश्चितता की सीमा तक हिसाब में लिया जाता है.
Deferred tax for timing differences between the book and tax profits for the year is accounted for, using the tax rates and laws that have been substantively enacted as of the balance sheet date. Deferred tax assets arising from timing differences are recognized to the extent there is reasonable certainty that these would be realized in future.

iii. अनवशोषित हानियों के मामले में आस्थगित कर आस्तियां तभी मानी जाती हैं जब यह वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो कि ऐसी आस्थगित कर आस्ति भावी कर योग्य लाभों में से वसूल की जा सकती हैं.
Deferred tax assets in case of unabsorbed losses are recognized only if there is virtual certainty that such deferred tax asset can be realized against future taxable profits.

iv. विभागीय अपीलों सहित जिन विवादित करों के लिए प्रावधान नहीं किया जाता है, उन्हें आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत शामिल किया जाता है.
Disputed taxes not provided for including departmental appeals are included under Contingent Liabilities.

आ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में वर्ष के दौरान वर्तमान आयकर प्रावधान और आस्थगित कर आस्ति या देयता में परिवर्तन शामिल हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं की गणना प्रचलित अधिनियमित कर दरों के आधार पर, लेखांकन अवधि की समाप्ति पर, संचित समय अंतराल पर की जाती है. न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) की गणना और उसके प्रावधान कर क़ानूनों के अनुसार किए जाते हैं जो भावी आयकर देयताओं के समायोजन के रूप में भावी आर्थिक लाभ प्रदान करता है. युक्तियुक्त साक्ष्य होने पर कि कंपनी भविष्य में सामान्य कर अदा करेगी की स्थिति में इसे आस्ति के रूप में माना जाता है. तदनुसार इसकी संभावना होने पर कि इससे सम्बद्ध भावी आर्थिक लाभ कंपनी के पास जाएगा और आस्ति का आकलन विश्वासपूर्वक किया जा सकता है, न्यूनतम वैकल्पिक कर को तुलन पत्र में आस्ति के रूप में दर्शाया जाता है.

B. In case of IDBI Intech Ltd, Income tax comprises the current tax provision and the change in the deferred tax asset or liability in the year. The deferred tax assets and liabilities are calculated on the accumulated timing difference at the end of an accounting period based on prevailing enacted tax rates. Minimum Alternative Tax (MAT) is worked out and provided in accordance to the tax laws, which gives future economic benefit in the form of adjustment

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

of future income tax liability, is considered as an asset if there is convincing evidence that the company will pay normal income tax in future. Accordingly, MAT is recognized as an asset in the balance sheet when it is probable that the future economic benefit associated with it will flow to the company and the asset can be measured reliably.

इ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में वर्तमान कर का आकलन आयकर अधिनियम के अनुसार भुगतान की जानेवाली/ आयकर प्राधिकारियों से वसूल की जानेवाली अनुमानित राशि के आधार पर किया जाता है. समय अंतराल का कर प्रभाव, जो कर योग्य आय और लेखांकन आय का अंतर है, एक या अधिक परवर्ती अवधियों में प्रतिवर्तन के लिए उपयुक्त होता है तथा इसे आस्थगित कर आस्ति या आस्थगित देयता के रूप में दर्ज किया जाता है. आस्थगित कर आस्ति और देयता समय अंतरालों के प्रति उत्तरदायी भावी कर परिणामों के लिए निर्धारित किए जाते हैं. इनका आकलन तुलन पत्र की तारीख तक अधिनियमित या मौलिक रूप से अधिनियमित कर दरों और कर विनियमों का प्रयोग करते हुए किया जाता है. आस्थगित कर आस्तियां निर्धारित की जाती है और उचित निश्चयता की स्थिति में उस सीमा तक आगे ले जायी जाती हैं कि भविष्य में पर्याप्त कर योग्य आय उपलब्ध होगी जिसके एवज में आस्थगित कर आस्तियों की वसूली की जा सकेगी. तथापि, जहां अनवशोषित मूल्यह्रास और आगे ले जायी गई हानि हैं, आस्थगित कर आस्ति का सृजन केवल तभी किया जाता है जब आस्तियों के समाशोधन की वास्तविक निश्चयता हो. यह यथोचित रूप से और निश्चित न हो पाने पर कि पर्याप्त रूप से भावी कर योग्य आय उपलब्ध हो पाएगी जिसके एवज में आस्थगित कर की वसूली की जा सकेगी, आस्थगित कर आस्तियों की रखाव राशि प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को इस सीमा तक कम कर दी जाती है. न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) के संबंध में कर जमा का निर्धारण आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 जेएए के प्रावधानों के अनुसार युक्तियुक्त साक्ष्य के आधार पर इस शर्त के साथ किया जाता है कि कंपनी सांविधिक समय-सीमा के भीतर सामान्य आयकर का भुगतान करेगी तथा प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को इसकी समीक्षा की जाती है.

C. In case of IDBI Capital Market Services Ltd., Current tax is measured at the amount expected to be paid/ recovered from the tax authorities, in accordance with the Income Tax Act. The tax effect of the timing differences that result between taxable income and accounting income and are capable of reversal in one or more subsequent periods are recorded as a deferred tax asset or deferred tax liability. Deferred tax assets and liabilities are recognized for future tax consequences attributable to timing differences. They are measured using the enacted or substantively enacted tax rates and tax regulations as at the balance sheet date. Deferred tax assets are recognised and carried forward only to the extent there is reasonable certainty that sufficient taxable income will be available in future, against which the deferred tax assets can be realized; however where there is unabsorbed depreciation and carried forward losses, deferred tax assets is created only if there is virtual certainty of realization of assets. The carrying amount of deferred tax assets at each balance sheet date is reduced to the extent that it is no longer reasonably certain that sufficient future taxable income will be available against which the deferred tax asset can be realized. Tax credit is recognized in respect of Minimum Alternate Tax (MAT) as per the provisions of Section 115JAA of the Income tax Act, 1961 based on convincing evidence that the Company will pay normal income tax within the statutory time frame and is reviewed at each balance sheet date.

ई. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम-आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकार्य लाभ को ध्यान में रखते हुए संबंधित अवधि के लिए आयकर का प्रावधान किया जाता है. जीवन बीमा सेवा पर सेवा कर देयता का समंजन इनपुट सेवाओं पर प्रदत्त कर से उपलब्ध सेवा कर जमाओं से किया जाता है. अप्रयुक्त जमाओं, यदि कोई हो, को समंजन के लिए आगे ले जाया जाता है.

D. Life Insurance Joint Venture - IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, Provision for income tax for the period is made after taking into consideration the benefits admissible under the provisions of Income Tax Act, 1961. Service Tax liability on life insurance service is set-off against the service tax credits available from tax paid on input services. Unutilized credits, if any, are carried forward for set-off.

उ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट के मामले में आयकर व्यय में चालू कर (अर्थात् आयकर क़ानूनों के अनुसार निर्धारित अवधि के लिए कर राशि), आस्थगित कर प्रभार या क्रेडिट (संबन्धित अवधि के लिए लेखांकन आय और कर योग्य आय के बीच समय अंतरालों के कर प्रभाव को दर्शाने वाले) शामिल हैं. चालू आयकर के लिए चालू कर प्रावधान भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

निर्धारित किया जाता है तथा कर भत्तों और रियायतों के लिए क्रेडिट लेने के बाद कर देयता के आधार पर वार्षिक रूप से प्रावधान किया जाता है. आस्थगित कर आस्तियां और देयताएँ समय अंतरालों के प्रति उत्तरदायी भावी कर परिणामों के लिए निर्धारित की जाती हैं जो आयकरों के लिए प्रस्तावित लाभ और वित्तीय विवरणों के अनुसार लाभ के बीच के परिणाम होते हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं के आकलन तुलन पत्र की तारीख तक अधिनियमित या मौलिक रूप से अधिनियमित कर दरों और कर कानूनों का प्रयोग करके किए जाते हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं पर कर दरों में परिवर्तन के प्रभाव उस अवधि में मान्य होते हैं जिसमें अधिनियमन की तारीख शामिल होती है. युक्तियुक्त निश्चयता की स्थिति में आस्थगित कर आस्तियां उस सीमा तक निर्धारित की जाती हैं कि आस्तियों की वसूली भविष्य में की जा सके. तथापि, जहां कराधान क़ानूनों के अंतर्गत अनवशोषित अनर्जकता और आगे ले जायी गई हानि है, आस्थगित कर आस्तियां तभी निर्धारित की जाती हैं जब ऐसी आस्तियों की वसूली की वास्तविक निश्चयता हो. आस्थगित कर आस्तियों का पुनर्मूल्यन प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को उनके संबंधित रखाव मूल्य के औचित्य के आकलन के लिए किया जाता है.

E. In case of IDBI Asset Management Ltd, Income tax expense comprises current tax (i.e. amount of tax for the period determined in accordance with the income-tax law), deferred tax charge or credit (reflecting the tax effects of timing differences between accounting income and taxable income for the period). Provision for current income-tax is recognized in accordance with the provisions of Indian Income-tax Act, 1961 and is made annually based on the tax liability after taking credit for tax allowances and exemptions. Deferred tax assets and liabilities are recognized for the future tax consequences attributable to timing differences that result between the profits offered for income taxes and the profits as per the financial statements. Deferred tax assets and liabilities are measured using the tax rates and the tax laws that have been enacted or substantively enacted by the balance sheet date. The effect of a change in tax rates on deferred tax assets and liabilities is recognized in the period that includes the enactment date. Deferred tax assets are recognized only to the extent there is reasonable certainty that the assets can be realized in the future. However, where there is unabsorbed depreciation or carried forward loss under taxation laws, deferred tax assets are recognized only if there is virtual certainty of realization of such assets. Deferred tax assets are reassessed for the appropriateness of their respective carrying values at each balance sheet date.

ऊ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ के मामले में, वर्तमान वर्ष के लिए कर का निर्धारण वर्तमान कर कानूनों के आधार पर किया जाता है तथा वर्तमान वर्ष के लिए कर योग्य आय के बारे में देय कर लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. कर योग्य आय और लेखांकन आय में अंतर की वजह से समय अंतराल के कारण आस्थगित कर को दर्शाया जाता है जो कि एक अवधि में आरंभ होकर परवर्ती एक या अधिक अवधियों में प्रतिवर्तित हो सकते हैं. आस्थगित कर आस्ति निर्धारित की जाती है और वास्तविक निश्चयता के साथ केवल उस सीमा तक आगे ले जायी जाती है कि भविष्य में आस्ति की वसूली हो जाएगी. उन मामले में जहां युक्तियुक्त साक्ष्य द्वारा समर्थित कोई वास्तविक निश्चितता नहीं है, आस्थगित कर आस्ति लेखांकन बहियों में उपचित नहीं होती है.

F. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, Current year's tax is determined based on current tax laws and the amount of tax payable in respect of taxable income of the current year is provided in profit & loss account. Deferred tax is recognised on account of timing difference; being the difference between taxable incomes and accounting income that originate in one period and is capable of reversal in one or more subsequent periods. Deferred tax assets is recognized and carried forward only to the extent that there is a virtual certainty that the asset will be realized in future. In cases where there is no virtual uncertainty supported by convincing evidence, the Deferred tax asset is not accrued in books of accounts.

ए. आईडीबीआई एमएफ़ ट्रस्टी कंपनी लि. के मामले में, आयकर व्यय में चालू कर (अर्थात् आयकर कानूनों के अनुसार निर्धारित अवधि के लिए कर राशि), आस्थगित कर प्रभार या क्रेडिट (संबंधित अवधि के लिए लेखांकन आय और कर योग्य आय के बीच समय अंतरालों के कर प्रभाव को दर्शाने वाले) शामिल हैं. चालू आयकर के लिए चालू कर प्रावधान भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

के अनुसार निर्धारित किया जाता है तथा कर भत्तों और रियायतों के लिए क्रेडिट लेने के बाद कर देयता के आधार पर वार्षिक रूप से प्रावधान किया जाता है. आस्थगित कर, आस्थगित कर आस्तियां और देयताएँ समय अंतरालों के प्रति उत्तरदायी भावी कर परिणामों के लिए निर्धारित की जाती हैं जो आयकरों के लिए प्रस्तावित लाभ और वित्तीय विवरणों के अनुसार लाभ के बीच के परिणाम होते हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं के आकलन तुलन पत्र की तारीख तक अधिनियमित या मौलिक रूप से अधिनियमित कर दरों और कर क़ानूनों का प्रयोग करके किए जाते हैं. आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं पर कर दरों में परिवर्तन के प्रभाव उस अवधि में मान्य होते हैं जिसमें अधिनियमन की तारीख शामिल होती है. युक्तियुक्त निश्चयता की स्थिति में आस्थगित कर आस्तियां उस सीमा तक निर्धारित की जाती हैं कि आस्तियों की वसूली भविष्य में की जा सके. तथापि, जहां कराधान क़ानूनों के अंतर्गत अनवशोषित मूल्यह्रास या आगे ले जाई गई हानि है, आस्थगित कर आस्तियां तभी निर्धारित की जाती है जब ऐसी आस्तियों की वसूली की वास्तविक निश्चयता हो. आस्थगित कर आस्तियों का पुनर्मूल्यन प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को उनके संबंधित रखाव मूल्य के औचित्य आकलन के लिए किया जाता है.

G. In case of IDBI MF Trustee Company Ltd, Income tax expense comprises current tax (i.e. amount of tax for the period determined in accordance with the income-tax law), deferred tax charge or credit (reflecting the tax effects of timing differences between accounting income and taxable income for the period). Provision for current income-tax is recognized in accordance with the provisions of Indian Income-tax Act, 1961 and is made annually based on the tax liability after taking credit for tax allowances and exemptions. Deferred tax assets and liabilities are recognized for future tax consequences attributable to timing differences that result between the profits offered for income taxes and the profits as per the financial statements. Deferred tax assets and liabilities are measured using the tax rates and the tax laws that have been enacted or substantively enacted by the balance sheet date. The effect of a change in tax rates on deferred tax assets and liabilities is recognized in the period that includes the enactment date. Deferred tax assets are recognized only to the extent there is reasonable certainty that the assets can be realized in the future. However, where there is unabsorbed depreciation or carried forward loss under taxation laws, deferred tax assets are recognized only if there is virtual certainty of realization of such assets. Deferred tax assets are reassessed for the appropriateness of their respective carrying values at each balance sheet date.

16. प्रारंभिक खर्च
Preliminary Expenses:

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि., प्रारंभिक खर्चों का परिशोधन दस वर्षों की अवधि तक किया जाता है. इस प्रकार से प्रारंभिक खर्चों (जो वर्तमान में बट्टे खाते नहीं डाले गए या समायोजित नहीं हैं) को आईआरडीए के प्रावधानों के अंतर्गत यथा उल्लिखित शेयर पूंजी की अनुसूची में समायोजित किया जाता है.

Life Insurance Joint Venture- IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, Preliminary expenses are amortized over a period of ten years. Such preliminary expenses (to the extent not written off or adjusted) are adjusted in the schedule of Share Capital as prescribed under the IRDA regulations.

17. प्रति शेयर उपार्जन
Earnings Per Share:

i. समूह एएस 20 के अनुसार मूल एवं न्यूनीकृत प्रति शेयर उपार्जन की सूचना देता है. प्रति शेयर मूल उपार्जन की गणना कर-पश्चात् निवल लाभ को उस अवधि में बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से भाग देकर की जाती है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

The Group reports basic and diluted Earnings per Share in accordance with AS 20. Basic Earnings per Share is computed by dividing the net profit after tax by the weighted average number of equity shares outstanding for the year.

ii. प्रति शेयर न्यूनीकृत आय उस संभावित न्यूनीकरण को दर्शाती है जो उस अवधि के दौरान प्रतिभूतियों या इक्विटी शेयर जारी करने की अन्य संविदाओं का उपयोग या परिवर्तन करने पर हो सकता है. प्रति शेयर न्यूनीकृत आय की गणना कर-पश्चात् निवल लाभ को इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और वर्ष के अंत में बकाया न्यूनीकृत संभाव्य इक्विटी शेयरों की संख्या से भाग देकर की जाती है.
Diluted Earnings per Share reflect the potential dilution that could occur if securities or other contracts to issue equity shares were exercised or converted during the period. Diluted Earnings per Share is computed by dividing the net profit after tax by the sum of the weighted average number of equity shares and dilutive potential equity shares outstanding at the year end.

18. आस्तियों की अनर्जकता
Impairment of Assets:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में, जब भी किसी घटना अथवा परिस्थितियों में हुए परिवर्तन ऐसे संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की रखाव-राशि वसूलीयोग्य नहीं है तो अचल आस्तियों की अनर्जकता की समीक्षा की जाती है. धारित तथा उपयोग की जाने वाली आस्तियों की वसूली क्षमता का आकलन अनुमानित चालू वसूली योग्य मूल्य की तुलना आस्ति की रखाव राशि से करके किया जाता है. यदि ऐसी आस्तियां अनर्जक मानी गई हों तो निर्धारित होने वाली अनर्जकता को उस आस्ति की दर्ज लागत से उसके चालू अनुमानित वसूली योग्य मूल्य की तुलना में आधिक्य से मापा जाता है.

A. In case of IDBI Bank Ltd, Fixed Assets are reviewed for impairment whenever events or changes in circumstances warrant that the carrying amount of an asset may not be recoverable. Recoverability of assets to be held and used is measured by a comparison of the carrying amount of an asset to the estimated current realizable value. If such assets are considered to be impaired, the impairment to be recognized is measured by the amount by which the carrying amount of the asset exceeds the estimated current realizable value of the asset or value in use.

आ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ के मामले में, आंतरिक/बाह्य कारकों के आधार पर अनर्जकता का कोई संकेत होने पर प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को आस्ति की रखाव राशि की समीक्षा की जाती है. आस्ति की रखाव राशि इसके वसूली योग्य मूल्य से अधिक हो जाने पर आस्ति को अनर्जक माना जाता है. अनर्जक हानि, यदि कोई है, को आस्ति के अनर्जक निर्धारण होने वाले वर्ष में लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है. जब ऐसा संकेत मिलता है कि अनर्जक हानियां अब समाप्त या न्यून हो गईं हैं तो पूर्व वर्षों में दर्शाई गई अनर्जक हानि का प्रतिवर्तन दर्ज किया जाता है.

B. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, the carrying amounts of the assets are reviewed at each Balance Sheet date for impairment based on internal / external factors. An asset is treated as impaired when the carrying cost of the asset exceed its recoverable value. An impairment loss, if any, is charged to Profit and Loss Account in the year in which an asset is identified as impaired. Reversal of impairment loss recognised in prior years is recorded when there is an indication that the impairment losses recognised for the assets no longer exists or has decreased.

इ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम-आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.- प्रबंधन बाह्य और आंतरिक स्रोतों का प्रयोग करते हुए किसी आस्ति के अनर्जक होने के संकेत के बारे में आवधिक मूल्यांकन करता है. अनर्जकता उन मामलों में होती है जहां रखाव मूल्य भावी नकदी प्रवाह के वर्तमान मूल्य, जिसके आस्ति के निरंतर प्रयोग और इसके आकस्मिक निपटान से बढ़ाने की संभावना होती है, से बढ़ जाता है. व्यय की जाने वाली अनर्जक हानि का निर्धारण उपर्युक्त निर्धारण के अनुसार आस्ति के उच्चतर निवल बिक्री मूल्य या वर्तमान मूल्य पर रखाव राशि के आधिक्य के रूप में किया जाता है.

C. Life Insurance Joint Venture - IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, Management periodically assesses, using external and internal sources, whether there is any indication that an asset may be impaired. Impairment occurs

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

where the carrying value exceeds the present value of future cash flows expected to arise from the continuing use of the asset and its eventual disposal. The impairment loss to be expensed is determined as the excess of the carrying amount over the higher of the asset's net sales price or present value as determined above.

ई. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट के मामले में, कंपनी किसी आस्ति के अनर्जक होने के संकेत के बारे में प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को आवधिक मूल्यांकन करती है. यदि ऐसे किसी संकेत का पता चलता है तो कंपनी आस्ति की वसूली योग्य राशि का आकलन करती है. यदि आस्ति की वसूली योग्य राशि इसके रखाव राशि से कम है तो रखाव राशि इसकी वसूलीयोग्य राशि से कम कर दी जाती है. कमी को अनर्जक हानि के रूप में माना जाता है तथा लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. यदि तुलन पत्र की तारीख को ऐसे कोई संकेत हैं कि पूर्ववर्ती आकलित अनर्जक हानि अधिक समय तक नहीं रहेगी तो वसूली योग्य राशियों का पुनर्मूल्यन किया जाता है और आस्ति को अधिकतम मूल्य ह्रासित पुरानी लागत के अधीन वसूली योग्य राशि में दर्शाया जाता है. अनर्जकता के बाद, आस्ति के संशोधित रखाव राशि पर, इसकी शेष उपयोगी अवधि के लिए, मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है

D. In case of IDBI Asset Management Ltd, The Company assesses at each Balance Sheet Date whether there is any indication that an asset may be impaired. If any such indication exists, the Company estimates the recoverable amount of the asset. If such recoverable amount of the asset is less than its carrying amount, the carrying amount is reduced to its recoverable amount. The reduction is treated as an impairment loss and is recognized in the profit and loss account. If at the balance sheet date there is an indication that a previously assessed impairment loss no longer exists, the recoverable amount is reassessed and the asset is reflected at the recoverable amount subject to a maximum of depreciable historical cost. After impairment, depreciation is provided on the revised carrying amount of the asset over its remaining useful life.

उ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में, आस्ति की रखाव राशि की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है ताकि अनर्जकता के किसी संकेत का पता लगाया जा सके. यदि ऐसे किसी संकेत का पता चलता है तो आस्ति के वसूली योग्य राशि के बारे में आकलन किया जाता है. जब कभी किसी आस्ति की रखाव राशि या इसकी नकदी जनरेट करने वाली इकाई वसूली योग्य राशि से अधिक होती है, अनर्जक हानि का निर्धारण किया जाता है. वसूली योग्य राशि, आस्ति के निवल विक्रय मूल्य और उपयोग मूल्य से अधिक होती है जिसका निर्धारण अनुमानित भावी नकदी प्रवाहों के आधार पर किया जाता है जो अपने वर्तमान मूल्य पर भुनाए जाते हैं. सभी अनर्जक हानियों को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. वसूली योग्य राशि के निर्धारण के लिए प्रयुक्त अनुमानों में परिवर्तन की स्थिति में किसी अनर्जक हानि का प्रतिवर्तन किया जाता है तथा इसे लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

E. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, The carrying amount of assets, is reviewed at each balance sheet date to determine whether there is any indication of impairment. If any such indication exists, recoverable amount of the assets is estimated. An Impairment loss is recognized whenever the carrying amount of an asset or its cash generating unit exceeds its recoverable amount. The recoverable amount is the greater of the asset's net selling price and value in the use, which is determined, based on the estimated future cash flows discounted to their present values. All impairment losses are recognized in the profit and loss account. An impairment loss is reversed if there is a change in the estimates used to determine the recoverable amount and is recognized in the profit and loss account.

ऊ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, आंतरिक/बाह्य कारकों के आधार पर अनर्जकता का कोई संकेत होने पर प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को आस्ति की रखाव राशि की समीक्षा की जाती है. आस्तियों की रखाव राशि इसके वसूलीयोग्य मूल्य से अधिक हो जाने पर आस्ति को अनर्जक माना जाता है. अनर्जक हानि, यदि कोई है, को आस्ति के अनर्जक निर्धारण होने वाले वर्ष में लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है. जब ऐसा संकेत मिलता है कि अनर्जक हानियां अब समाप्त या न्यून हो गई हैं तो पूर्व वर्षों में दर्शाई गई अनर्जक हानि का प्रतिवर्तन दर्ज किया जाता है.

F. In case of IDBI Intech Ltd, the carrying amounts of assets are reviewed at each Balance Sheet date if there is any indication of impairment based on internal/external factors. An asset is treated as impaired when the carrying

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

cost of assets exceeds its recoverable value. An impairment loss, if any, is charged to Profit and Loss Account in the year in which an asset is identified as impaired. Reversal of impairment losses recognised in prior years is recorded when there is an indication that the impairment losses no longer exist or have decreased.

18. पूर्व अवधि समायोजन
Prior period adjustments:

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में, पूर्व वर्षों की मदों, वर्ष के दौरान समायोजन/उद्भूत/निपटाए गए/नोट किए गए दावे, यदि मूर्त प्रकृति के हों तो पूर्व अवधि के व्ययों/आय से अथवा यदि मूर्त प्रकृति के न हों तो संबंधित लेखा शीर्षों से नामे/जमा किए जाते हैं.

In case of Idbi Trusteeship Services Ltd., Earlier year items, adjustment / claims, arisen/ settled/ noted during the year, if material in nature, are debited/ credited to prior period expenses/ income or respective heads of account, if not material in nature.

19. नकदी प्रवाह विवरण
Cash Flow Statements:

अ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में, नकदी प्रवाह विवरण, नकदी प्रवाह विवरण पर लेखा मानक में (एएस-3) में वर्णित ''अप्रत्यक्ष पद्धति'' के अनुसार तैयार किए जाते हैं. कंपनी के नियमित राजस्व निर्माण, वित्तपोषण और निवेश कार्यकलापों से होने वाले नकदी प्रवाह को अलग अलग किया जाता है.

A. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd., Cash Flow Statements are prepared in accordance with "Indirect Method" as explained in the Accounting Standard on Cash Flow Statements (AS-3). The Cash flows from regular revenue generating, financing and investing activity of the company are segregated.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में, नकदी प्रवाह अप्रत्यक्ष पद्धति का प्रयोग करते हुए रिपोर्ट किए जाते हैं जिसके द्वारा कर पूर्व निवल लाभ को गैर नकदी प्रकृति के लेन-देनों के लिए लागू करने, किसी आस्थगित राशियों अथवा पूर्व या भविष्य में परिचालन वाले नकदी प्राप्तियों या भुगतानों से संबंधित संचयी जमा राशियों अथवा आय मदों या नकदी प्रवाह के निवेश या वित्तपोषण से संबद्ध व्ययों के लिए समायोजित किया जाता है. कंपनी के परिचालन, निवेश और वित्तपोषण कार्यकलापों से होने वाले नकदी प्रवाह को अलग-अलग किया जाता है.

B. In case of IDBI Asset Management Ltd, Cash Flows are reported using indirect method whereby net profits before tax is adjusted for the effects of transactions of a non cash nature, any deferrals or accruals of past or future operating cash receipts or payments and item of income or expenses associated with investing or financing cash flows. The cash flows from operating, investing and financing activities of the company are segregated.

इ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में नकदी प्रवाह विवरण, नकदी प्रवाह विवरणों के लेखा मानक 3 में निर्धारित किए गए अनुसार अप्रत्यक्ष पद्धति से तैयार किया जाता है तथा यह कंपनी के परिचालन, निवेश और वित्तपोषण कार्यकलापों पर नकदी प्रवाह को दर्शाता है. नकदी प्रवाह विवरण में प्रदर्शित नकदी और नकदी समतुल्य में, हाथ में नकदी और बैंकों में जमा मांग राशियां शामिल हैं.

C. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, The Cash Flow Statement is prepared by the indirect method set out in Accounting Standard 3 on Cash Flow Statements and presents the cash flows by operating, investing and financing activities of the Company. Cash and Cash equivalents presented in the Cash Flow Statement consist of cash on hand and demand deposits with banks.

20. पट्टे
Leases:

अ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में पट्टे की व्यवस्थाएं, जहां किसी आस्ति के स्वामित्व के बारे में सभी जोखिम और लाभ वास्तव में पट्टाकर्ता में निहित हैं, का निर्धारण परिचालनगत पट्टे के रूप में किया जाता है. परिचालनगत पट्टा भुगतानों को पट्टा अवधि के दौरान 'किराया दरें और कर' के अंतर्गत लाभ-हानि लेखे में सीधी रेखा आधार पर व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

A. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, Leases where the lessor effectively retains substantially all the risks and benefits of ownership of the leased term, are classified as operating leases. Operating lease payments are recognized as an expense in the Profit and Loss account under 'Rent Rates and Taxes' on a Straight Line Basis over the lease term.

आ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में, परिचालनगत पट्टे के अंतर्गत पट्टा किराया भुगतान, पट्टा करार की शर्तों के अनुसार लाभ-हानि लेखे में व्यय के रूप में निर्धारित किया जाता है.

B. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, Lease Payment under an operating lease is recognised as expenses in the statement of profit and loss account as per terms of lease agreement.

इ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि., वे पट्टे जहां पट्टाकर्ता प्रभावी रूप से पट्टे की अवधि में पर्याप्त रूप से स्वामित्व के सभी जोखिम और लाभ अपने पास रखता है, उन्हें परिचालनगत पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. पट्टा अवधि के दौरान, परिचालनगत पट्टा किरायों को, व्यय जैसा लागू हो, के रूप में निर्धारित किया जाता है.

C. Life Insurance Joint Venture - IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, Leases where the lessor effectively retains substantially all the risks and benefits of ownership over the leased term are classified as operating leases. Operating lease rentals are recognized as an expense, as applicable, over the lease period.

ई. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में, वे पट्टे जहां पट्टाकर्ता प्रभावी रूप से पट्टे की अवधि में पर्याप्त रूप से स्वामित्व के सभी जोखिम और लाभ अपने पास रखता है, उन्हें परिचालनगत पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. परिचालनगत पट्टा किरायों को, पट्टा अवधि के दौरान व्यय के रूप में लाभ-हानि लेखे में निर्धारित किया जाता है.

D. In case of IDBI Asset Management Ltd, Leases, where the lessor effectively retains substantially all the risks and benefits of ownership over the lease term, are classified as operating leases. Operating lease rentals are recognized as an expense in the Profit and Loss Account.

उ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, पट्टे की व्यवस्थाओं, जहां किसी आस्ति के स्वामित्व के बारे में जोखिम और प्रासंगिक प्रतिफल वास्तव में पट्टाकर्ता में निहित हैं, का निर्धारण परिचालनगत पट्टे के रूप में किया जाता है. परिचालनगत पट्टों के अंतर्गत पट्टे के किराए को सीधी रेखा आधार पर लाभ-हानि लेखे में निर्धारित किया जाता है.

E. In case of IDBI Intech Ltd, Lease arrangements where the risks and rewards incidental to ownership of an asset substantially vest with the lessor are recognised as operating leases. Lease rentals under operating leases are recognised in the statement of profit & loss on straight - line basis.

21. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां
Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets:

अ. आईडीबीआई बैंक लि. के मामले में,

A. In case of IDBI Bank Ltd,

i. एएस 29 के अनुरूप प्रावधानों, आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियों के मामले में, समूह द्वारा कोई प्रावधान तभी हिसाब में लिया जाता है जब समूह यह अभिनिर्धारित करता है कि पिछले किसी संव्यवहार के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान देयता बनती हो और इस बात की संभावना हो कि उक्त दायित्व के निपटान के लिए आर्थिक लाभों सहित संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी और जिसके लिए दायित्व संबंधी विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है.

In conformity with AS 29, Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets, the Group recognizes provisions only when it has a present obligation as a result of a past event, it is probable that an outflow of resources embodying economic benefits will be required to settle the obligation, and when a reliable estimate of the amount of the obligation can be made.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ii. प्रावधानों को उनके वर्तमान मूल्य पर बट्टाकृत नही किया जाता है ओर निर्धारण तुलन पत्र की तारीख को देयता के निपटान के लिए अपेक्षित सर्वोत्तम अनुमान के आधार पर किया जाता है..
Provisions are not discounted to its present value and are determined based on best estimate required to settle the obligation at the balance sheet date.

iii. किसी प्रावधान के निपटान के लिए अपेक्षित व्यय के संबंध में संभावित प्रतिपूर्ति का निर्धारण तभी किया जाता है जब यह वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो कि इसकी प्रतिपूर्ति प्राप्त हो जाएगी.
Reimbursement expected in respect of expenditure required to settle a provision is recognized only when it is virtually certain that the reimbursement will be received.

iv. आकस्मिक आस्तियों का न तो निर्धारण किया जाता है और न ही इनका प्रकटन किया जाता है.
iv. Contingent Assets are neither recognized nor disclosed.

आ. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के मामले में, कंपनी, दावों (बीमा दावों के अलावा), वाद, निर्धारण, अर्थदंडों, दंडों आदि के लिए प्रावधान सृजित करती है जब पिछले किसी संव्यवहार के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान देयता बनती हो और इस बात की संभावना हो कि उक्त देयता के निपटान के लिए कुछ राशियों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी और जिसके लिए विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है. ऐसी आकस्मिक देयताओं के लिए प्रकटन किया जाता है जहाँ पिछले अवसर के परिणामस्वरूप वर्तमान देयता के लिए राशियों के बहिर्वाह की आवश्यकता हो सकती है, किन्तु संभवतः नहीं होगी या जहाँ दायित्वों का विश्वसनीय अनुमान नहीं किया जा सकता है.

B. Life Insurance Joint Venture - IDBI Federal Life Insurance Company Ltd,
The Company creates a provision for claims (other than insurance claims), litigation, assessment, fines, penalties, etc. when there is present obligation as a result of a past event that probably requires an outflow of resources and a reliable estimate can be made of the amount of the obligation. A disclosure for a contingent liability is made when there is a present obligation arising as a result of past event that probably will not required an outflow of resources or where a reliable estimate of the obligation cannot be made.

इ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में, कंपनी पूर्व घटनाक्रमों के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व होने पर उसके लिए प्रावधान करती है जिसमें संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना होती है तथा देयता राशि के लिए विश्वसनीय प्राक्कलन किया जा सकता है. किसी आकस्मिक देयता के लिए प्रकटन उस स्थिति में किया जाता है जब कोई संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व हो, जिसमें संसाधनों का बहिर्वाह हो सकता है, लेकिन संभवतः नहीं होगा. जब किसी ऐसे संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व की संभावना हो जिसके बारे में संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना बहुत कम हो, तो कोई प्रावधान करने या प्रकटन की आवश्यकता नहीं होती है. प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को प्रावधानों की समीक्षा की जाती है तथा वर्तमान सर्वोत्तम आकलन को दर्शाने के लिए समायोजित किया जाता है. यदि इस बात की संभावना न हो कि दायित्व का निपटान करने के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की जरूरत होगी, प्रावधान को प्रतिवर्तित किया जाता है. आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में नहीं दर्शाया जाता है. तथापि, यदि वास्तव में निश्चित हो कि कोई आर्थिक लाभ होने वाला है तो आकस्मिक आस्तियों का निरंतर मूल्यांकन किया जाता है, आस्ति तथा संबंधित आय को उस अवधि में दर्शाया जाता है जिसमें बदलाव होता है.

C. In case of IDBI Asset Management Ltd, The Company creates a provision when there is a present obligation as a result of a past event that probably requires an outflow of resources and a reliable estimate can be made of the amount of the obligation. A disclosure for a contingent liability is made when there is a possible obligation or a present obligation that may, but probably will not, require an outflow of resources. When there is a possible obligation or a present obligation in respect of which the likelihood of outflow of resources is remote, no provision or disclosure is made. Provisions are not discounted to their present value and are determined based on the best estimate required to settle the obligation at the Balance Sheet date. Provisions are reviewed at each balance sheet and adjusted to reflect the current best estimate. If it is no longer probable that the outflow of resources would be required to settle the obligation, the provision is reversed. Contingent assets are not recognized in the financial

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

statements. However, contingent assets are assessed continually and if it is virtually certain that an economic benefit will arise, the asset and related income are recognized in the period in which the change occurred.

ई. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में, पिछले घटनाक्रमों के कारण वर्तमान दायित्व होने पर प्रावधान का निर्धारण किया जाता है. यह संभव है कि दायित्व के निपटान के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की जरूरत हो जिसके संबंध में उचित प्रावधान किया जा सकता है. प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को इनकी समीक्षा की जाती है तथा वर्तमान सर्वोत्तम प्राक्कलन दर्शाने के लिए इनका समायोजन किया जाता है. किसी आकस्मिक देयता के लिए प्रकटन उस स्थिति में किया जाता है जब कोई संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व हो, जिसमें संसाधनों का बहिर्वाह हो सकता है, लेकिन संभवतः नहीं होगा. जब किसी ऐसे संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व की संभावना हो जिसके बारे में संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना बहुत कम हो, तो कोई प्रावधान करने या प्रकटन की आवश्यकता नहीं है. आकस्मिक आस्तियां दर्शाई नहीं जाती हैं. अशोध्य और संदिग्ध आस्तियों का निर्धारण सभी बकाया ऋणों के मामले की समीक्षा के बाद किया जाता है. संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान उनकी उगाही के बारे में प्रबंधन द्वारा मूल्यांकन के बाद किया जाता है. ऐसे किसी भी संदिग्ध ऋण के मामले में वसूली के आसार न होने पर उसे बट्टे खाते में डाल दिया जाएगा.

D. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, a provision is recognized when there is a present obligation as a result of past event. It is probable that an outflow of resources will be required to settle the obligation and in respect of which a reliable estimate can be made. These are reviewed at each balance sheet date and adjusted to reflect the current best estimates. A disclosure for a contingent liability is made when there is a possible obligation or a present obligation that may, but probably will not, require an outflow of resources. When there is a possible obligation or a present obligation in respect of which the likelihood of outflow of resources is remote, no provision or disclosure is made. Contingent Assets are not recognized. Bad and doubtful assets are identified after carrying out a case by case review of all outstanding debts. Provisions are made on doubtful debts on management's evaluation of their realisability. In case the chances of recovery do not exist in any of the doubtful debts, the same shall be written off.

उ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में, गणना में पर्याप्त मात्रा में अनुमान सहित प्रावधानों का निर्धारण किया जाता है जब पिछले किसी संव्यवहार के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान देयता बनती हो और इस बात की संभावना हो कि देयताओं के निपटान के लिए राशियों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी. आकस्मिक देयताओं का निर्धारण नहीं किया जाता है बल्कि उनका नोट में प्रकटन किया जाता है. वित्तीय विवरणों में आकस्मिक आस्तियों का न तो निर्धारण किया जाता है और न ही प्रकटन किया जाता है.

E. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, Provisions involving substantial degree of estimation in measurement are recognized when there is a present obligation as a result of past events and it is probable that an outflow of resources will be required to settle the obligation. Contingent liabilities are not recognized but are disclosed in the notes. Contingent Assets are neither recognized nor disclosed in the financial statements.

ऊ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, प्रावधान का निर्धारण तब किया जाता है जब पिछले घटनाक्रम के फलस्वरूप वर्तमान दायित्व हो तथा इसकी संभावना हो कि दायित्व के निपटान के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता पड़ेगी तथा इसके संबंध में उचित प्राक्कलन किया जा सकता है. आकस्मिक देयताओं को नोटों के माध्यम से प्रकट किया जाता है. आकस्मिक आस्तियों को दर्शाया नहीं जाता है.

F. In case of IDBI Intech Ltd, A provision is recognised when there is a present obligation as a result of past event and it is possible that an outflow of resources will be required to settle the obligation, in respect of which a reliable estimate can be made. Contingent Liabilities are disclosed by way of notes. Contingent Assets are not recognised.

ए. आईडीबीआई एमएफ़ ट्रस्टीशिप कंपनी लि. के मामले में, कंपनी पिछले घटनाक्रमों के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व होने पर उसके लिए प्रावधान करती है जिसमें संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना होती है तथा देयता राशि के लिए एक उचित प्राक्कलन किया जा सकता है. किसी आकस्मिक देयता के लिए प्रकटन उस स्थिति में किया जाता है जब कोई संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व हो, जिसमें संसाधनों का बहिर्वाह हो सकता है, लेकिन संभवतः नहीं होगा. जब किसी ऐसे संभावित दायित्व या वर्तमान दायित्व की संभावना हो जिसके बारे में संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना बहुत कम हो, तो कोई प्रावधान करने या प्रकटन की आवश्यकता नहीं है. प्रत्येक तुलन

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

पत्र की तारीख को प्रावधानों की समीक्षा की जाती है तथा वर्तमान सर्वोत्तम आकलन को दर्शाने के लिए समायोजित किया जाता है. यदि इस बात की संभावना न हो कि दायित्व का निपटान करने के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की जरूरत होगी, प्रावधान प्रतिवर्तित किया जाता है. आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में नहीं दर्शाया जाता है. तथापि, आकस्मिक आस्तियों का निरंतर मूल्यांकन किया जाता है और यदि वास्तव में यह निश्चित हो कि कोई आर्थिक लाभ होने वाला है तो आस्ति तथा संबंधित आय को उस अवधि में दर्शाया जाता है जिसमें बदलाव होता है.

G. In case of IDBI MF Trustee Company Ltd, The Company created a provision when there is a present obligation as a result of a past event that probably requires an outflow of resources and a reliable estimate can be made of the amount of the obligation. A disclosure for a contingent liability is made when there is a possible obligation or a present obligation that may, but probably will not, require an outflow of resources. When there is a possible obligation or a present obligation in respect of which the likelihood of outflow of resources is remote, no provision or disclosure is made. Provisions are reviewed at each balance sheet and adjusted to reflect the current best estimate. If it is no longer probable that the outflow of resources would be required to settle the obligation, the provision is reversed. Contingent assets are not recognized in the financial statements. However, contingent assets are assessed continually and if it is virtually certain that an economic benefit will arise, the asset and related income are recognized in the period in which the change occurs.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

अनुसूची 18: समेकित लेखा टिप्पणियां
SCHEDULE 18: NOTES TO CONSOLIDATED ACCOUNTS

1. अचल आस्तियां (संपत्ति, संयत्र एवं उपकरण एएस-10)
FIXED ASSETS (PROPERTY, PLANT & EQUIPMENT AS-10)

i. परिसर में ₹ 2177.16 करोड़ (₹ 2177.16 करोड़) की पट्टाधृत भूमि (पुनर्मूल्यित) शामिल है जिसका 31 मार्च 2016 को कारोबार समय की समाप्ति पर पुनर्मूल्यन किया गया था. पुनर्मूल्यन से उत्पन्न हुई ₹1129.05 करोड़ की निवल मूल्य वृद्धि को 31 मार्च 2016 को पुनर्मूल्यन रिज़र्व में जमा किया गया.
Premises include Leasehold Land (revalued) of ₹ 2177.16Crore (₹ 2177.16 Crore) which was revalued at the end of business hours, on 31st March 2016. The net appreciation of ₹ 1129.05 Crore arising on revaluation, was credited to Revaluation Reserve on March 31, 2016.

ii. बैंक ने यथा 31 मार्च 2016 को कारोबार समय की समाप्ति पर स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि और आवासीय/ कार्यालय भवन का पुनर्मूल्यन किया है. पुनर्मूल्यन से उत्पन्न ₹ 2807.29 करोड़ की निवल मूल्य वृद्धि, जो ₹1202.71 करोड़ के निवल बही मूल्य और ₹ 4010 करोड़ की पुनर्मूल्यित राशि के बीच अंतर राशि है, को 31 मार्च 2016 को पुनर्मूल्यन रिजर्व में जमा किया गया..
The Bank has revalued its Freehold Land & Residential/ Office building at the end of business hours, on 31st March 2016 based on valuations made by independent valuers. The net appreciation of ₹ 2807.29 Crore arising on revaluation, being the difference between the net book value of ₹ 1202.71 Crore and revalued amount of ₹ 4010 Crore was credited to Revaluation Reserve on March 31, 2016.

iii. 31 मार्च 2017 को पुनर्मूल्यन रिजर्व में शेष ₹ 5417.75 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 5607.83 करोड़) रहा..
The balance in Revaluation Reserve as at March 31, 2017 is ₹5417.75 Crore (Previous year ₹ 5607.83 Crore).

आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड में जहां मोबाइल हैंडसेटों, को पहले 5 वर्ष की अवधि में मूल्यह्रासित किया जाता था, अब उन्हें 3 वर्ष अवधि में मूल्यह्रासित किया जा रहा है क्योंकि वे तीव्र प्रौद्योगिकी बदलाव के कारण अप्रचलित हो गए हैं. इस नीतिगत परिवर्तन का पूर्वव्यापी प्रभाव ₹ 52,338/- है जिसे मूल्यह्रास लागत में शामिल किया गया है.
In IDBI Intech Ltd, Mobile handsets which were earlier depreciated over a period of 5 years are now being depreciated over 3 years as they turn obsolete due to rapid technology enhancements. The retrospective effect of this policy change amounts to ₹ 52,338/-which is included in depreciation cost.

2. कर्मचारी लाभ (एएस-15) (संशोधित)
EMPLOYEE BENEFITS (AS-15) (Revised)

i) **निर्दिष्ट अंशदान योजनाएं**
Defined Contribution Schemes

पेंशन का विकल्प चुनने वाले तथा 31 मार्च 2008 से पूर्व बैंक में सेवाग्रहण करने वाले कर्मचारियों को छोड़कर बैंक के अन्य कर्मचारियों को भविष्य निधि योजना (पीएफएस) के अंतर्गत कवर किया गया है. बैंक मूल वेतन के एक निश्चित प्रतिशत के रूप में भविष्य निधि योजना में निर्दिष्ट अंशदान करता है. भविष्य निधि योजना को 'आईडीबीआई बैंक कर्मचारियों की भविष्य निधि (निधि) के प्रशासकों की समिति' द्वारा संचालित किया जाता है. वर्ष के दौरान पीएफएस में ₹ 4.68 करोड़ (₹ 4.85 करोड़) का अंशदान किया गया और इसे लाभ-हानि लेखे में डाला गया है.
The Bank's employees, excluding those who have opted for pension, who have joined Bank before March 31, 2008 are covered by Provident Fund Scheme (PFS). The Bank makes a defined contribution measured as a

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

fixed percentage of basic salary to the PFS. The Provident Fund Scheme is administered by "The Committee of Administrators of IDBI Bank Employees' Provident Fund (Fund)". During the year, ₹ 4.68 Crore (₹ 4.85 Crore) has been contributed to PFS and charged to Profit and Loss Account.

1 अप्रैल 2008 के बाद बैंक में नियुक्त कर्मचारियों को निर्दिष्ट अंशदान पेंशन योजना (डीसीपीएस) के अंतर्गत कवर किया गया है जिसमें बैंक वेतन और महंगाई भत्ते के निर्धारित प्रतिशत के रूप मे अंशदान करता है. वर्ष के दौरान डीसीपीएस में ₹ 63.95 करोड़ (₹ 53.83 करोड़) का अंशदान किया गया और इसे लाभ-हानि लेखे में डाला गया है.
The Bank's employees who have joined after April 1, 2008 are covered by Defined Contribution Pension Scheme (DCPS) to which Bank makes a defined contribution as a fixed percentage of Pay and Dearness Allowance. During the year, ₹ 63.95 Crore (Previous Year ₹ 53.83 Crore) has been contributed to DCPS and charged to Profit and Loss Account.

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में, कंपनी द्वारा लाभ-हानि लेखे के नोट 18 ''भविष्य निधि तथा अन्य निधियों में अंशदान'' में भविष्य निधि में अंशदान के लिए ₹ 0.55 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 0.43 करोड़) डाले गए हैं.
In case of IDBI Capital Market Services Ltd, the company recognised and included for Contribution to Provident Fund in Note18 "Contribution to Provident and other funds" of Profit and Loss Account is ₹ 0.55 Crore (Previous year ₹ 0.43 Crore)

आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में, कंपनी द्वारा लाभ-हानि लेखे में भविष्य निधि अंशदान के लिए 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ 0.65 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 0.67 करोड़) डाले गए हैं.
In case of IDBI Asset Management Ltd. the company has recognized ₹ 0.65 Crore (Previous Year ₹ 0.67 Crore) for the year ended 31st March 2017 for the Provident Fund Contributions in the Profit and Loss Account.

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में, कंपनी द्वारा लाभ-हानि लेखे में भविष्य निधि अंशदान के लिए 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ 0.12 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 0.10 करोड़) डाले गए हैं.
In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, the company has recognized ₹ 0.12 Crore for the year ended 31st March 2017 (Previous year ₹ 0.10 Crore) for the Provident Fund Contributions in the Profit and Loss Account.

आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के मामले में, कंपनी द्वारा लाभ-हानि लेखे में सांविधिक भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, ग्रुप टर्म बीमा और कर्मचारी श्रम कल्याण निधि में अंशदान के लिए 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ 4.47 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 4.61 करोड़) डाले गए हैं.
In case of IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, the company has recognized ₹ 4.47Crore (Previous year ₹ 4.61Crore) for the year ended 31st March 2017 for the contribution towards statutory provident fund, Employee State Insurance, Group Term insurance & Employee Labour Welfare Fund in the Profit and Loss Account.

ii) निर्दिष्ट लाभ योजनाएं
Defined Benefit Schemes

बैंक 'आईडीबीआई बैंक कर्मचारी ग्रेच्युटी निधि ट्रस्ट' में कर्मचारियों के ग्रेच्युटी दायित्व के लिए अंशदान करता है.
The Bank makes contributions for the gratuity liability of the employees to the 'IDBI Bank Employees Gratuity Fund Trust'.

क. बैंक के कुछ कर्मचारी पेंशन के लिए भी पात्र हैं जो 'आईडीबीआई पेंशन फंड ट्रस्ट' द्वारा संचालित है.
a. Some of the employees of the Bank are also eligible for Pension which is administered by the 'IDBI Pension Fund Trust'.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ख. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में, कंपनी की एक निर्दिष्ट लाभ ग्रेच्युटी योजना है. प्रत्येक कर्मचारी, जिसने पांच वर्ष या इससे अधिक सेवा पूरी कर ली है, उसे जाते समय सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 15 दिन के वेतन (अंतिम आहरित वेतन) की ग्रेच्युटी मिलती है जो कि अधिकतम ₹ 10,00,000 है.

b. In case of IDBI Capital Market Services Ltd, the Company has a defined benefit gratuity plan. Every employee who has completed five years or more of service gets a gratuity on departure at 15 days salary (last drawn salary) for each completed year of service subject to a maximum of ₹ 1000000.

ग. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में, उपदान संदाय अधिनियम, 1972 के अनुसार भुगतान के लिए कंपनी ने ग्रेच्युटी का प्रावधान किया है जो सभी कर्मचारियों को कवर करने वाली एक निर्दिष्ट सेवानिवृत्ति लाभ योजना है. इसमें संबंधित कर्मचारी के वेतन और कंपनी में उसके नियोजन के वर्षों के आधार पर उसे सेवानिवृत्ति या सेवा छोड़ने पर एकमुश्त राशि दी जाती है.

c. In case of IDBI Asset Management Ltd, In accordance with Payment of Gratuity Act, 1972, the Company provides for gratuity, a defined benefit retirement plan covering all employees. The plan provides a lump sum payment to vested employees at retirement or termination of employment based on the respective employee's salary and the years of employment with the Company.

ग्रेच्युटी लाभ भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा नियंत्रित तथा प्रबंधित ग्रेच्युटी निधि के जरिए प्रदान किया जाता है. ग्रेच्युटी निधि में वार्षिक अंशदान तथा प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है.
The gratuity benefit is provided through a Gratuity Fund administrated and managed by the Life Insurance Corporation of India. The annual contributions to the gratuity fund and provision is made on the basis of actuarial valuation.

घ. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में, कंपनी ने ग्रेच्युटी और छुट्टी नकदीकरण के भावी भुगतान के लिए एक ट्रस्ट बनाया है, जिसका निधीयन भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा किया जाता है. एलआईसी द्वारा निर्धारित किए अनुसार भुगतान के प्रयोजन के लिए वार्षिक ग्रेच्युटी अंशदान किए जाते हैं. प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में ग्रेच्युटी के दायित्व का निर्धारण बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है. ऐसी निर्धारित बीमांकिक देयता और निधि में अंशदान के अंतर को देयता/ आस्ति, जैसा भी मामला हो, माना जाता है.

d. In case of IDBI Intech Ltd, the company has created a trust for future payment of Gratuities & Leave Encashment, which is funded with Life Insurance Corporation of India (LIC). Annual Gratuity contributions are made as determined by LIC for purposes of payment. The liability for gratuity at the end of each financial year is determined based on actuarial valuation. The difference between such actuarially determined liability and contributions made to the fund is recognized as a liability/asset, as the case may be.

ङ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में, कंपनी ने ग्रेच्युटी दायित्वों के लिए एक अलग ट्रस्ट बनाया है. ग्रेच्युटी ट्रस्ट के अनुमोदन के लिए आयकर विभाग के पास किया गया आवेदन लंबित है. ट्रस्ट ने एलआईसी से ग्रुप ग्रेच्युटी पॉलिसी ली है और बीमांकिक आधार पर एलआईसी द्वारा निर्धारित किए गए वार्षिक अंशदानों का भुगतान कर उन्हें लाभ-हानि खाते में डाला जाता है. वर्ष के अंत में एलआईसी के पास हुआ संचय कंपनी की योजना आस्तियों और ग्रेच्युटी देयताओं के निधिक भाग को दर्शाते हैं

e. In case of IDBI Trusteeship Services Ltd, The company has created a separate Trust for Gratuity obligations. The Application filed for approval of the Gratuity Trust with the Income Tax Dept is pending. The Trust has taken Group Gratuity Policy from LIC and the annual contributions determined by LIC on actuarial basis

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

are paid and charged to Statement of Profit & Loss. The accumulations with LIC at year end represent Plan Assets and Funded Part of Gratuity Obligations of the company.

चूंकि एलआईसी द्वारा बीमांकिक गणनाओं में अपेक्षाकृत कम दरों पर वेतन में बढ़ोत्तरी (4%) और आहरण (1% से 3%) का अनुमान लगाया जाता है, कंपनी ने सरकार द्वारा अनुमोदित स्वतंत्र बीमा मूल्यांकक से अधिक वास्तविक धारणाओं पर पिछली और वर्तमान सेवा के भविष्य के दायित्वों के वर्तमान मूल्य के मूल्यांकन हेतु एक प्रमाण पत्र प्राप्त किया है. एलआईसी योजना में निधि संचयन और स्वतंत्र मूल्यांकक (ग्रेच्युटी दायित्व के गैर निधिक भाग का प्रतिनिधित्व करते हुए) द्वारा वर्ष के अंत में देयता के रूप में निर्धारित राशि में अंतर को लाभ-हानि विवरण में उपयुक्त रूप से डालकर लेखे में देयता के रूप में दर्शाया जाता है.
On account of LIC assuming lower rates of salary escalations (4%) and withdrawal (1 to 3%) in actuarial computations, the company has obtained, from Independent Government Approved Actuary Valuer, a certificate for valuation of present value of future obligation of past and current service on more realistic assumptions. The difference between fund accumulation in LIC Scheme and amount determined as year end obligations by Independent Valuer (representing Non-Funded Part of Gratuity Obligation) is recognised and presented as liability in accounts by appropriate charge to Statement of Profit & Loss.

च. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के मामले में, कंपनी ने एक ग्रेच्युटी ट्रस्ट निगमित किया है. कंपनी आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ग्रेच्युटी फंड के ट्रस्ट द्वारा नियंत्रित ग्रेच्युटी निधि में अंशदान करती है. ग्रेच्युटी योजना में पात्र कर्मचारियों को संबंधित कर्मचारी के वेतन और कंपनी में रोजगार के वर्ष के आधार पर सेवानिवृत्ति या रोजगार की समाप्ति पर एकमुश्त भुगतान का प्रावधान है.

f. In case of IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, The Company has incorporated a gratuity trust. The Company makes contribution to a Gratuity Fund administered by trustee of IDBI Federal Life Insurance Company Limited Gratuity Fund. The plan provides a lump sum payment to vested employees at retirements or termination of employment based on the respective employee's salary and the year of employment with the Company.

6 महीने या उससे अधिक की नियमित सेवा प्रदान करने वाले पात्र कर्मचारियों को उपदान संदाय अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुसार सेवा छोड़ने पर सेवा के प्रत्येक पूरे वर्ष के लिए 15 दिन के मूल वेतन की दर से ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाता है.
The Gratuity is payable on separation as per the provisions of Payment of Gratuity Act, 1972 @ 15 days basic pay for each completed years of service to eligible employees who have rendered continuous service of 6 months or more.

छ. इन निर्दिष्ट लाभ दायित्वों के वर्तमान मूल्य और संबंधित वर्तमान सेवा लागतों की गणना प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को एक स्वतंत्र बीमांकक द्वारा अनुमानित यूनिट जमा पद्धति का उपयोग करते हुए की जाती है.

g. The present value of these defined benefit obligations and the related current service cost are measured using the Projected Unit Credit Method by an independent actuary at each balance sheet date.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

निम्नलिखित तालिका निर्दिष्ट लाभ योजनाओं की स्थिति और 31 मार्च 2017 को समूह के वित्तीय विवरणों में दर्शायी गई राशियों की स्थिति प्रस्तुत करती है जो लेखा मानक - 15 (संशोधित) के अनुसार है.

The following table sets out the status of the defined benefit schemes and the amounts recognised in the Group's financial statements as at March 31, 2017 which is as per AS-15(R).

(₹ करोड़ में) (₹ In crore)

क्र. सं. Sr. No.	विवरण/Particulars	पेंशन Pension	ग्रेच्युटी Gratuity	पेंशन Pension	ग्रेच्युटी Gratuity
		यथा 31 मार्च 2017 As at March 31, 2017		यथा 31 मार्च 2016 March 31, 2016	
क) a)	**लाभ दायित्वों में परिवर्तन/** Change in benefit obligations				
	वर्ष के आरंभ में अनुमानित लाभ दायित्व Projected benefit obligation, beginning of the year	**1848.01**	**574.12**	**1739.24**	**522.13**
	ब्याज लागत /Interest cost	148.95	46.26	138.27	41.88
	वर्तमान सेवा लागत / Current Service cost	32.56	34.95	44.63	30.34
	वर्ष के दौरान सीमा में वृद्धि के कारण उपगत पूर्व सेवा लागत (निहित लाभ) Past Service cost (Vested Benefit) incurred during the year due to increase in limit	0.00	0.00	0.00	0.00
	अंतरित देयता आगम / (निर्गम) Liability Transferred In/(Out)	0.00	0.00	0.00	0.00
	प्रदत्त लाभ/ Benefits paid	(98.14)	(46.46)	(85.07)	(40.85)
	बीमांकिक (लाभ) / हानि/Actuarial (gain) / loss	127.94	45.47	10.94	20.61
	वर्ष के अंत में अनुमानित लाभ / दायित्व Projected benefit/obligation, end of the year	**2059.32**	**652.00**	**1848.01**	**574.11**
ख) b)	**योजना आस्तियों में परिवर्तन : Change in plan assets:**				
	वर्ष के आरंभ में योजना आस्तियों का उचित मूल्य Fair value of plan assets, beginning of the year	1818.46	524.64	1622.76	430.39
	योजना आस्तियों पर अनुमानित प्रतिफल Expected return on plan assets	147.30	42.46	141.18	37.42
	नियोक्ता का अंशदान Employer's contributions	291.84	49.68	132.58	92.65

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(₹ करोड़ में) (₹ In crore)

क्र. सं. Sr. No.	विवरण/Particulars	पेंशन Pension	ग्रेच्युटी Gratuity	पेंशन Pension	ग्रेच्युटी Gratuity
		यथा 31 मार्च 2017 As at March 31, 2017		यथा 31 मार्च 2016 March 31, 2016	
	अन्य कंपनी से अंतरण Transfer from other company	0.00	0.00	0.00	0.00
	प्रदत्त लाभ/Benefits paid	(98.14)	(46.46)	(85.07)	(40.85)
	बीमांकिक लाभ / (हानि) / Actuarial gain / (loss)	98.10	3.16	7.01	5.02
	वर्ष के अंत में योजना आस्तियों का उचित मूल्य Fair value of plan assets at the end of the year	**2257.56**	**573.58**	**1818.46**	**524.63**
ग) c)	**दायित्व के वर्तमान मूल्य और योजना आस्तियों के उचित मूल्य का समाधान Reconciliation of present value of the obligation and fair value of the plan assets**				
	वर्ष के अंत में लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य Present value of benefit obligation at end of the year	2059.32	654.34	1848.01	574.12
	भविष्य में अभिनिर्धारित/ उपबंधित की जानेवाली संक्रमणकालीन (देयता) Transitional (Liability) to be recognized/ provided in future	0.00	0.00	0.00	0.00
	वर्ष के अंत में लाभ दायित्व का निवल वर्तमान मूल्य Net Present value of benefit obligation at end of the year	2059.32	654.34	1848.01	574.12
	वर्ष के अंत में योजना आस्तियों का उचित मूल्य Fair Value of Plan assets at end of the year	2257.56	573.49	1818.46	524.63
	अधिशेष/(कमी) / Surplus/(Deficit)	**198.24**	**(80.85)**	**(29.55)**	**(49.50)**
घ) d)	**वर्ष के लिए निवल लागत/ Net cost for the year**				
	सेवा लागत / Service cost	32.56	34.95	44.63	30.34
	ब्याज लागत / Interest cost	148.95	45.99	138.27	41.87

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(₹ करोड़ में) (₹ In crore)

क्र. सं. Sr. No.	विवरण/Particulars	पेंशन Pension	ग्रेच्युटी Gratuity	पेंशन Pension	ग्रेच्युटी Gratuity
		यथा 31 मार्च 2017 As at March 31, 2017		यथा 31 मार्च 2016 March 31, 2016	
	योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिफल Expected return on plan assets	(147.30)	(42.20)	(141.18)	(36.97)
	निवल बीमांकिक (लाभ) / हानि Net Actuarial (gain)/loss	29.84	42.31	3.93	15.58
	सीमा में वृद्धि के कारण अवधि के दौरान स्वीकार की गई पिछली सेवा लागत (निहित लाभ) Past Service Cost (Vested Benefit) recognized during the year due to increase in limit	0.00	0.00	0.00	0.00
	वर्ष के दौरान स्वीकार की गई संक्रमणकालीन देयता Transitional liability recognized during the year	0.00	0.00	0.00	0.00
	उपर्युक्त अनुसार निवल लागत Net cost as per above	**64.05**	**81.05**	**45.65**	**50.83**
	पुनरांकित न की गई बीमांकिक देयता की तुलना में निधि मूल्य की अधिकता Excess of fund value over actuarial liability not written back	198.24	0.00	0.00	0.00
	वर्तमान वर्ष में समायोजित पिछले वर्ष की बीमांकिक देयता की तुलना में निधि मूल्य की अधिकता Excess of fund value over actuarial liability of previous year adjusted in current year	0.00	0.23	0.00	0.00
	वर्ष की निवल लागत / Net cost of the year	**262.29**	**81.28**	**45.65**	**50.83**
ङ/ e)	**आस्तियों की श्रेणी / Category of Assets**				
	भारत सरकार की आस्तियां Government of India Assets	1042.30	0.23	880.73	0.44
	कॉरपोरेट बांड / सावधि जमा Corporate Bonds / FD	528.98	0.65	472.07	0.23
	विशेष जमा योजना/Special Deposits Scheme	0.00	0.00	15.00	0.00
	बीमाकर्ता प्रबंधित निधियां Insurer Managed Funds	0.00	571.67	0.00	522.43
	अन्य / Others	686.28	0.94	450.66	1.52
	कुल / Total	**2257.56**	**573.49**	**1818.46**	**524.63**

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(₹ करोड़ में) (₹ In crore)

क्र. सं. Sr. No.	विवरण/Particulars	पेंशन Pension	ग्रेच्युटी Gratuity	पेंशन Pension	ग्रेच्युटी Gratuity
		यथा 31 मार्च 2017 As at March 31, 2017		यथा 31 मार्च 2016 March 31, 2016	
च) f)	**लेखांकन में प्रयुक्त धारणाएं : Assumptions used in accounting:**				
	बट्टा दर / Discount rate	7.45%	6.56% से 7.71% तक From 6.56% to 7.71%	8.06%	7.35% से 8.07% तक From 7.35% to 8.07%
	योजना आस्तियों पर प्रतिफल दर Rate of return on plan assets	7.45%	7.21% से 7.71% तक From 7.21% to 7.71%	8.10%	7.8% से 8.10% तक From 7.8% to 8.10%
	वेतन बढ़ोतरी दर Salary escalation rate	5.75%	5% से 10% तक From 5 % to 10%	5.75%	5% से 10% तक From 5% to 10%
	पलायन दर / Attrition Rate	5 वर्ष से कम सेवा के लिए 1.90% तथा 4 वर्ष से अधिक सेवा के लिए 2.57% 1.90 % for service less than 5 Years and 2.57 % for service more than 4 Years	5 वर्ष से कम सेवा के लिए 1.90% तथा 4 वर्ष से अधिक सेवा के लिए 2.57% 1.90 % for service less than 5 Years and 2.57 % for service more than 4 Years	5 वर्ष से कम सेवा के लिए 2.13% तथा 4 वर्ष से अधिक सेवा के लिए 1.94% 2.13% for service less than 5 Years and 1.94% for service more than 4 Years	5 वर्ष से कम सेवा के लिए 2.13% तथा 4 वर्ष से अधिक सेवा के लिए 1.94% 2.13% for service less than 5 Years and 1.94% for service more than 4 Years
	मृत्यु दर / Mortality Rate	भारतीय जीवन आश्वस्ति मृत्यु (2006-2008) अंतिम रूप से/ Indian Assured Lives Mortality (2006-2008) Ult.		भारतीय जीवन आश्वस्ति मृत्यु (2006-2008) अंतिम रूप से / Indian Assured Lives Mortality (2006-2008) Ult.	

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii. **अन्य दीर्घावधि लाभ**
Other long term benefits

वित्तीय वर्ष 2016-17 के अंत में छुट्टी नकदीकरण दायित्व का वर्तमान मूल्य
Present value of Leave Encashment obligation at the End of the period - FY 2016-17

संस्था/Entity	राशि ₹ करोड़ में Amt in ₹ crore
आईडीबीआई बैंक लि. / IDBI Bank Ltd.	351.3
आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.	3.1
आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड / IDBI Asset Management Limited	0.6
आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. / IDBI Capital Market Services Limited	2.05
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. / IDBI Trusteeship Services Ltd.	0.15

बैंक के अधिकारी अधिकतम 180 दिन और अन्य स्टाफ अधिकतम 300 दिन तक अपनी अर्जित/ साधारण छुट्टी संचित करने के लिए पात्र हैं. प्रत्येक वर्ष में अधिकतम 15 दिन की छुट्टी का नकदीकरण कराया जा सकता है.
Employees of the Bank are entitled to accumulate their earned/ privilege leave up to a maximum of 180 days for officers and 300 days for other staff. A maximum of 15 days leave is eligible for encashment in each year.

बैंक के कर्मचारी अपंगता सहायता के लिए पात्र हैं जिसे अपंगता की घटना घटित होने पर बैंक द्वारा वहन किया जाता है
Employees of the Bank are eligible for Disability Assistance which is borne by the Bank as and when the disability events occur.

बैंक के कुछ कर्मचारी स्वैच्छिक स्वास्थ्य योजना सहायता के लिए पात्र हैं जिसे देयता की घटना होने पर बैंक द्वारा वहन किया जाता है.
Some employees of the Bank are eligible for Voluntary Health Scheme which is borne by the Bank as and when the liability events occur.

इन लाभों का बीमांकिक मूल्यांकन पूर्वानुमानित यूनिट जमा पद्धति का प्रयोग करते हुए किया गया है तथा वर्ष के दौरान ₹ 73.07 करोड़ (₹ 20.29 करोड़) की राशि लाभ-हानि लेखे में प्रभारित की गई है.
Actuarial valuation of these benefits have been carried out using the Projected Unit Credit Method and ₹73.07Crore (₹20.29 Crore) has been charged to Profit and Loss Account during the year.

आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के मामले में, कंपनी के कर्मचारी अधिकतम 30 दिन की अर्जित/ साधारण छुट्टी संचित कर सकते हैं जो नीति के अनुसार उनके द्वारा सेवा छोड़ते समय भुगतान योग्य/ नकदीकरण योग्य हैं. वर्ष के दौरान ₹ 1.4 करोड़ (पिछले वर्ष ₹1.6 करोड़) की राशि बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान के रूप में उक्त लाभ के लिए राजस्व या लाभ-हानि लेखे में डाली गई है.
In case of IDBI Federal Life Insurance Company Ltd, The Employees of the Company are entitled to accumulate their earned / privilege leave up to a maximum of 30 days which is payable/encashable as per the policy on their separation. During the year amount of ₹1.4Crore (Previous Year: ₹ 1.6 Crore) has been charged to Revenue or Profit and Loss Account towards provision for the said benefits based on actuarial valuation.

वर्ष के दौरान बैंक ने कर्मचारियों द्वारा ईसॉप का प्रयोग करने पर शून्य (1095) इक्विटी शेयर आबंटित किए.
The Bank has allotted NIL (1095) equity shares allotted during the year against ESOPs exercised by the employees.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

3. खंड रिपोर्टिंग (एएस-17)
SEGMENT REPORTING (AS-17)

बैंक मुख्यतः निम्नलिखित तीन कारोबारी खंडों में परिचालन करता है :
The Bank primarily operates in three business segments as under :

ट्रेजरी Treasury	ट्रेजरी परिचालन में निवेशों के ट्रेडिंग पोर्टफोलियो, मुद्रा बाज़ार परिचालन, डेरिवेटिव सौदे, प्रोप्राइटरी खातों में और ग्राहकों के लिए विदेशी मुद्रा परिचालन शामिल हैं. Treasury operations include trading portfolio of investments, money market operations, derivative trading, foreign exchange operations on the proprietary account and for customers.
खुदरा बैंकिंग Retail Banking	खुदरा बैंकिंग में व्यापक रूप से ऋण और जमा कार्यकलाप शामिल हैं जो मुख्य रूप से वैयक्तिक और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार सहित लघु कारोबार पर केन्द्रित हैं. खुदरा बैंकिंग में भुगतान एवं वैकल्पिक चैनल जैसे एटीएम, पीओएस मशीनें, इन्टरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, ट्रेवल/ करेंसी कार्ड, थर्ड पार्टी वितरण और लेन-देन बैंकिंग सेवाएँ भी शामिल हैं. Retail Banking broadly includes credit and deposit activities that are primarily oriented towards individuals & small business including Priority sector lending. Retail Banking also encompasses payment and alternate channels like ATMs, POS machines, internet Banking, mobile Banking, credit cards, debit cards, travel/currency cards, third party distribution and transaction Banking services.
कॉरपोरेट/ थोक बैंकिंग Corporate / Wholesale Banking	इसमें खुदरा के अतिरिक्त जमा एवं ऋण कार्यकलाप सहित कॉरपोरेट संबंध शामिल हैं. इसमें कॉरपोरेट सलाहकारी/ समूहन सेवाएँ, परियोजना मूल्यांकन और ट्रेजरी के अंतर्गत शामिल न किए गए रणनीतिक निवेश सहित निवेश पोर्टफोलियो शामिल हैं. Includes corporate relationship covering deposit & credit activities other than retail. It also covers corporate advisory / syndication, project appraisal and investment portfolio including strategic investments other than those covered under Treasury.

समेकित खंड सूचना
Consolidated Segment Information

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

क्रम सं Sr. No.	विवरण/Particulars	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2017 Year ended Mar 31, 2017 (लेखापरीक्षित) (Audited)	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2016 Year ended Mar 31, 2016 (लेखापरीक्षित) (Audited)
क. a.	**खंड राजस्व Segment Revenue**		
	कॉरपोरेट / थोक बैंकिंग / Corporate/Wholesale banking	22131	24146
	खुदरा बैंकिंग/Retail banking	28395	24659

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

क्रम सं Sr. No.	विवरण/Particulars	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2017 Year ended Mar 31, 2017 (लेखापरीक्षित) (Audited)	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2016 Year ended Mar 31, 2016 (लेखापरीक्षित) (Audited)
	ट्रेजरी / Treasury	793	556
	अन्य बैंकिंग परिचालन / Other banking operations	252	181
	कुल / TOTAL	**51571**	**49542**
	घटाएं :- अंतर-खंड राजस्व Less :- Inter-segment revenue	19598	17966
	परिचालनों से निवल बिक्री / आय **Net sales / income from operations**	**31973**	**31576**
ख. **b.**	**खंड परिणाम - कर-पूर्व लाभ / (हानि)** **Segment Results -Profit/(loss) before tax**		
	कॉरपोरेट / थोक बैंकिंग / Corporate/Wholesale banking	(9080)	(5370)
	खुदरा बैंकिंग / Retail banking	287	184
	ट्रेजरी / Treasury	290	274
	अन्य बैंकिंग परिचालन Other banking operations	58	33
	कुल / TOTAL	**(8445)**	**(4879)**
	घटाएं: अविनिधानीय आय को घटाकर अन्य अविनिधानीय व्यय Less: Other unallocable expenditure net of unallocable income	0	0
	कर-पूर्व कुल लाभ **Total profit before tax**	**(8445)**	**(4879)**
	आय कर /Income taxes	(3429)	(1288)
	निवल लाभ / Net profit	**(5016)**	**(3591)**

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

क्रम सं Sr. No.	विवरण/Particulars	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2017 Year ended Mar 31, 2017 (लेखापरीक्षित) (Audited)	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2016 Year ended Mar 31, 2016 (लेखापरीक्षित) (Audited)
ग. c.	**खंड आस्तियां Segment assets**		
	कॉरपोरेट / थोक बैंकिंग / Corporate/Wholesale banking	183556	206612
	खुदरा बैंकिंग / Retail banking	166889	150850
	ट्रेजरी / Treasury	426	10891
	अन्य बैंकिंग परिचालन / Other banking operations	699	238
	अविनिधानीत कॉरपोरेट आस्तियां / Unallocated corporate assets	10811	6684
	कुल आस्तियां / Total assets	**362381**	**375275**
घ. d.	**खंड देयताएं Segment liabilities**		
	कॉरपोरेट / थोक बैंकिंग / Corporate/Wholesale banking	105385	162684
	खुदरा बैंकिंग / Retail banking	235284	189766
	ट्रेजरी / Treasury	3673	230
	अन्य बैंकिंग परिचालन / Other banking operations	195	144
	अविनिधानीत कॉरपोरेट देयताएं / Unallocated corporate liabilities	0	0
	कुल देयताएं / Total liabilities	**344537**	**352824**

- खंड राजस्व में बैंक द्वारा अनुसरण की जाने वाली एफटीपी प्रणाली के अनुसार संगणित अंतर-खंड राजस्व शामिल है.
- The segment revenue includes inter-segment revenue computed as per FTP system followed by the Bank.
- समूह प्राथमिक रूप से भारत में कारोबार करता है, अतः समूह ने यह माना है कि इसके परिचालन मुख्य रूप से देशी खंड में होते हैं और इसलिए रिपोर्ट करने योग्य कोई भौगोलिक खंड नहीं है.
- The group primarily operates in India, hence the group has considered that its operations are predominantly in the domestic segment and as such there are no reportable geographical segments.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

4. संबद्ध पक्षकार का प्रकटन (एएस-18) / RELATED PARTIES DISCLOSURE (AS-18)

i) मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक का ब्योरा
Details of Key Management Personnel

संस्था /Entity	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक /Key Management Personnel
आईडीबीआई बैंक लि. IDBI Bank Ltd.	श्री किशोर पी. खरात, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ Shri Kishor P Kharat, Managing Director & CEO श्री बाल कृष्ण बत्रा, उप प्रबंध निदेशक (01 अप्रैल 2016 से 31 जुलाई 2016) Shri Balkrishan Batra, Deputy Managing Director (April 01, 2016 to July 31, 2016) श्री कृष्ण प्रसाद नायर, उप प्रबंध निदेशक (15 सितंबर 2016 से 31 मार्च 2017) Shri Krishna Prasad Nair, Deputy Managing Director (From September 15, 2016 to March 31, 2017) श्री जी.एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक (15 सितंबर 2016 से 31 मार्च 2017) Shri G. M. Yadwadkar, Deputy Managing Director (From September 15, 2016 to March 31, 2017) श्री एन.एस. वेंकटेश, कार्यपालक निदेशक एवं सीएफओ (01 अप्रैल 2016 से 30 जून 2016) Shri N. S. Venkatesh, Executive Director & CFO (From April 01, 2016 to June 30, 2016) श्री आर.के. बंसल, कार्यपालक निदेशक एवं सीएफओ (01 जुलाई 2016 से 15 अगस्त 2016) Shri R. K. Bansal, Executive Director & CFO (From July 01, 2016 to August 15, 2016) श्रीमती पद्मा बेताई, सीएफओ (16 अगस्त 2016 से 31 मार्च 2017) Smt. Padma Betai, CFO (From August 16, 2016 to March 31, 2017) श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव Shri Pawan Agrawal, Company Secretary

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

संस्था /Entity	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक /Key Management Personnel
आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. IDBI Capital Market Services Ltd.	श्री डी.सी. जैन, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ - 31 अगस्त 2015 तक Shri D. C. Jain, Managing Director & CEO till August 31, 2015 श्री नागराज गारला, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ - 23 अक्तूबर 2015 से Shri Nagaraj Garla, Managing Director & CEO from October 23, 2015 श्री वी. गोपीनाथ, मुख्य वित्तीय अधिकारी Shri V. Gopinath, Chief Financial Officer श्रीमती क्रिस्टीना डिसूज़ा, कंपनी सचिव Smt. Christina D'souza, Company Secretary
आईडीबीआई इंटेक लि. IDBI Intech Ltd.	श्री इंद्रपाल एस. कालरा, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ (01.04.16 से 15.08.2016) Shri Inderpal S. Kalra, Managing Director & CEO (From 01.04.16 to 15.08.2016) श्री एम.ए. खान, (16.08.16 से 31.03.2017) Shri M. A. Khan, (From 16.08.16 to 31.03.2017)
आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.	श्री विघ्नेश शहाणे, सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक Shri Vighnesh Shahane, CEO & Whole Time Director
आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. IDBI MF Trustee Company Ltd.	श्री दिलीप कुमार मंडल, प्रबंध निदेशक एवं सी.ई.ओ. Shri Dilip Kumar Mandal, Managing Director & C.E.O
आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लि. IDBI Asset Management Company Ltd.	श्री दिलीप कुमार मंडल, प्रबंध निदेशक एवं सी.ई.ओ. Shri Dilip Kumar Mandal, Managing Director & C.E.O श्री अमित भावसार, सीएफओ Shri Amit Bhavsar, CFO श्री मनेश जिंदानी, कंपनी सचिव Shri Manesh Jiandani, Company Secretary
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड IDBI Trusteeship Services Limited	श्री बी. बालचन्द्र, प्रबंध निदेशक एवं सी.ई.ओ. - 4 फरवरी 2016 से Shri B. Balachandra, Managing Director & CEO from February 4, 2016 श्री एच.जी. रोकड़े, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ - 29 जनवरी 2016 तक Shri H, G. Rokade, Managing Director & CEO till January 29, 2016

ii) वर्ष के दौरान जिन पक्षकारों से लेन-देन किया गया
Parties with whom transactions were entered into during the year

लेखा मानक 18 के पैरा 5 के अनुसार बैंकर-ग्राहक संबंध के स्वरूप में लेन-देनों में मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के संबंधियों का प्रकटन नहीं किया गया है.

In Terms of Paragraph 5 of AS-18, transactions in the nature of Banker-customer Relationship have not been disclosed including those with Key Management Personnel and relatives of Key Management Personnel.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii) संबंधित पक्षकारों के साथ लेन-देन/ के पास शेषराशियां
Transactions/balances with related parties:

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

विवरण / Particulars	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक Key Management Personnel	
	31 मार्च 2017 March 31, 2017	31 मार्च 2016 March 31, 2016
प्राप्त जमाराशियां / Deposit Received	0.44	0.21
बकाया अन्य देयताएं/ जमाराशियां / Other Liabilities/ Deposits Outstanding	1.53	1.28
वर्ष के दौरान बकाया अधिकतम जमाराशियां Maximum amount of deposits outstanding during the year	2.07	3.21
निवेश / Investment	0.01	-
दिए गए अग्रिम / Advances given	1.20	**2.41
बकाया अग्रिम / Advances outstanding	2.14	1.92
वर्ष के दौरान देय अधिकतम अग्रिम राशि Maximum amount of advance due during the year	2.16	2.98
अग्रिमों पर प्रदत्त ब्याज / Interest paid on advances	0.05	0.18
अग्रिमों पर उपचित ब्याज / Interest accrued on advances	-	-
जमाराशियों पर ब्याज/ Interest on Deposits	0.04	0.11
पारिश्रमिक/ प्रतिपूर्तियां / Remuneration/Reimbursements	5.66	3.19
अन्य आय / Other income	0.10	0.16
वर्ष के दौरान लाभ /-हानि का अंश/ Share of profit/-loss during the year	-	-

** आईडीबीआई बैंक द्वारा एमडी एवं सीईओ (तुलनपत्र की तारीख को पदासीन) को उनके पुत्र के साथ संयुक्त रूप से मंजूर आवास ऋण के संबंध में वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान कोई नया संवितरण नहीं किया गया.
** Housing loan sanctioned by IDBI to MD & CEO (holding office as at balance sheet date) jointly with his son. No fresh disbursement was made during FY 2016-17, in respect of this loan.

5. पट्टे (एएस-19)/ LEASES(AS-19)

परिचालनात्मक पट्टों में मूल रूप से कार्यालय परिसर, स्टाफ के आवास और स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम) शामिल हैं जो बैंक के विकल्प पर या तो निरसनीय या गैर-निरसनीय पट्टे हैं.
Operating leases primarily comprise office premises, staff residences and Automated Teller Machines(ATM)s, which are either cancellable at the option of the Bank or non-cancellable operating lease.

वर्ष के दौरान निरसनीय / गैर निरसनीय परिचालनात्मक पट्टे पर प्रदत्त/ देय पट्टा प्रभारों हेतु लाभ-हानि लेखे में ₹ 428.91 करोड़ (₹221.40 करोड़) प्रभारित किए गए.
During the year ₹428.91 Crore (₹221.40Crore) has been charged to the Profit and Loss Account towards lease charges paid/ payable on cancellable/ non-cancellable operating lease.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

तुलन पत्र की तारीख को गैर-निरसनीय परिचालनगत पट्टों के संबंध में भावी न्यूनतम पट्टा भुगतानों का सारांश निम्नानुसार है:
The future minimum lease payments in respect of non-cancellable operating leases as at balance sheet date are summarized as under:

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

विवरण / Particulars	31 मार्च 2017 March 31, 2017	31 मार्च 2016 March 31, 2016
एक वर्ष के बाद नहीं / Not Later than One year	4.76	2.26
एक वर्ष के बाद लेकिन पाँच वर्ष के बाद नहीं Later than one year but not later than five years	7.02	0.40

6. प्रति शेयर उपार्जन (ईपीएस) (एएस-20) /EARNINGS PER SHARE (EPS) (AS-20)

विवरण / Particulars	31 मार्च 2017 March 31, 2017	31 मार्च 2016 March 31, 2016
ईपीएस की गणना के लिए हिसाब में लिया गया निवल लाभ (हानि) (₹ करोड़ में) Net profit (Loss) considered for EPS calculation (₹ in crore)	(5016)	(3591)
मूल ईपीएस की गणना के लिए हिसाब में लिए गए इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या Weighted average number of equity shares considered for basic EPS	20588 15 081	16833 16 108
जोड़ें: मंजूर की गई कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना का न्यूनीकृत प्रभाव Add : Dilutive impact of ESOP granted	-	-
न्यूनीकृत ईपीएस गणना के लिए हिसाब में लिए गए इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या Weighted average number of equity shares considered for Diluted EPS	20588 15 081	16833 16 108
प्रति शेयर उपार्जन (मूल) (₹) / EPS (Basic) (₹)	(24.36)	(21.33)
प्रति शेयर उपार्जन (न्यूनीकृत) (₹) / EPS (Diluted) (₹)	(24.36)	(21.33)
प्रति इक्विटी शेयर अंकित मूल्य (₹) / Face value per Equity share (₹)	10.00	10.00

7. आय पर करों के लिए लेखांकन (एएस-22)/ ACCOUNTING FOR TAXES ON INCOME (AS-22)

समय अंतराल के कारण उत्पन्न आस्थगित आस्तियों और आस्थगित देयताओं के घटक निम्नानुसार हैं:
The component of Deferred Assets & Deferred Liability arising out of timing difference is as follows:

(₹ करोड़ में) / (₹ in crore)

विवरण / Particulars	वर्ष 2016-17 के लिए For the year 2016-17	यथा 31 मार्च 2017 As at March 31, 2017	यथा 31 मार्च 2016 As at March 31, 2016
आस्थगित कर देयताएं: / Deferred Tax Liability:			
अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास / Depreciation on fixed assets	(2.00)	59.03	61.03
विपणन एवं वितरण व्यय का परिशोधन Amortisation of marketing & distribution expenses	(0.03)	0.00	0.03
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत सृजित और अनुरक्षित विशेष रिज़र्व निधि Special Reserve created and maintained u/s 36(1)(viii) of the Income-Tax Act, 1961	(0.01)	439.80	439.81
कुल (अ) / Total (A)	**(2.04)**	**498.83**	**500.87**

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(₹ करोड़ में) / (₹ in crore)

विवरण / Particulars	वर्ष 2016-17 के लिए For the year 2016-17	यथा 31 मार्च 2017 As at March 31, 2017	यथा 31 मार्च 2016 As at March 31, 2016
आस्थगित कर आस्ति: Deferred Tax Asset:			
अनर्जक आस्तियों तथा पुनर्संरचित अग्रिमों के लिए प्रावधान से संबंधित अस्वीकृति जो आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अनुमत नहीं है Disallowance related to provision for NPA and for Restructured Advances not allowed under Income tax Act, 1961	3919.42	7914.09	3994.67
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 43बी, 40 (ए) (i ए) आदि के अंतर्गत अस्वीकृति Disallowance u/s. 43B, 40(a)(ia) etc. of the Income-Tax Act, 1961	51.80	178.36	126.57
आरंभिक व्ययों का परिशोधन Amortisation of Preliminary expenses	(0.08)	0.14	0.22
ग्रेच्युटी / पेंशन / Gratuity/Pension	0.12	0.29	0.17
छुट्टी का नकदीकरण / Leave Encashment	(0.03)	0.17	0.20
आगे ले जाई गई हानि / Carried forward Loss	(255.47)	14.68	270.14
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35डी और 35डीडी के अंतर्गत कटौती द्वारा कवर व्यय Expenditure covered by deduction u/s 35D and 35DD of the Income Tax Act, 1961	(0.05)	1.06	1.11
31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए अनवशोषित मूल्यह्रास Unabsorbed depreciation for the year ended March 31,2017	(46.20)	10.24	56.44
अन्य व्यापार प्राप्तियां Other Trade Receivables	(0.63)	2.14	2.77
कुल (आ) / Total (B)	**3668.87**	**8121.17**	**4452.30**
आस्थगित कर देयता / (आस्ति) (निवल) (अ)-(आ) Deferred tax liability/ (asset)(net) (A) – (B)	**(3670.91)**	**(7622.34)**	**(3951.43)**

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

8. यथा 31 मार्च 2017 को कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षा के अनुसार सहायक कंपनियों एवं संयुक्त उद्यम की सारांशीकृत वित्तीय जानकारी निम्नानुसार है:

Summarized financial information of the subsidiaries & JV as per requirement of the Companies Act, 2013 as at March 31, 2017 are as under:

(₹ करोड़ में) / (₹ in crore)

संस्था का नाम Name of the entity	निवल आस्तियां, अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		लाभ या हानि में हिस्सा Share in profit or loss	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में As % of consolidated net assets	राशि Amount	समेकित लाभ या हानि के % के रूप में As % of consolidated profit or loss	राशि Amount
1	2	3	4	5
मूल संस्था : आईडीबीआई बैंक लि. Parent : IDBI Bank Ltd	95.94%	22563.65	103.50%	(5158.14)
सहायक संस्थाएं: / Subsidiaries:				
भारतीय: Indian:				
1. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लि. IDBI Capital Market Services Ltd.	1.39%	326.79	(0.28%)	13.74
2. आईडीबीआई इंटेक लि. IDBI Intech Ltd.	0.20%	46.07	(0.28%)	13.95
3. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लि. IDBI Asset Management Company Ltd.	0.44%	104.42	(0.15%)	7.26
4. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. IDBI MF Trustee Company Ltd.	0.01%	1.20	0.00%	0.13
5. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. IDBI Trusteeship Services Ltd.	0.64%	151.58	(0.84%)	41.96

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(₹ करोड़ में) / (₹ in crore)

संस्था का नाम Name of the entity	निवल आस्तियां, अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		लाभ या हानि में हिस्सा Share in profit or loss	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में As % of consolidated net assets	राशि Amount	समेकित लाभ या हानि के % के रूप में As % of consolidated profit or loss	राशि Amount
1	2	3	4	5
विदेश: / Foreign:	लागू नहीं / NA	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA
सभी सहायक संस्थाओं में अल्पसंख्यक हित **Minority Interests in all subsidiaries**	0.30%	70.57	(0.38%)	19.01
सहयोगी संस्थाएं (इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश) **Associates (Investment as per the equity method)**				
भारतीय / Indian				
1. बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लिमिटेड Biotech Consortium India Limited	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA	(0.01%)	0.45
2. नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लि. National Securities Depository Ltd.	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA	(0.52%)	26.16
3. एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लि. NSDL e-Governance Infrastructure Ltd.	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA	(0.72%)	36.05
4. पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि. North Eastern Development Finance Corporation Ltd.	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA	-	9.89

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(₹ करोड़ में) / (₹ in crore)

संस्था का नाम Name of the entity	निवल आस्तियां, अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		लाभ या हानि में हिस्सा Share in profit or loss	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में As % of consolidated net assets	राशि Amount	समेकित लाभ या हानि के % के रूप में As % of consolidated profit or loss	राशि Amount
1	2	3	4	5
विदेश / Foreign:	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA
संयुक्त उद्यम / Joint Ventures				
(आनुपातिक समेकन के अनुसार/ इक्विटी विधि के अनुसार निवेश) (as per proportionate consolidation/ investment as per the equity method)				
भारतीय / Indian				
1. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड IDBI Federal Life Insurance Company Limited	1.39%	325.87	(0.50%)	24.99
विदेश / Foreign	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA	लागू नहीं /NA
कुल / TOTAL	100%	23519.59	100%	(4983.56)
विलोपन / Elimination	(1.09%)	(257.28)	0.65%	(32.35)
निवल कुल / Net Total	98.91%	23262.31	100.65%	(5015.91)

नोटः उपर्युक्त सहायक संस्थाओं की कोई सहायक संस्था नहीं है.

Note: None of the above subsidiaries have any subsidiary.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

9. दंड का प्रकटन / DISCLOSURE ON PENALTY :

वर्ष के दौरान विनियामक प्राधिकारियों द्वारा निम्नलिखित दंड लगाए गए.
During the year following penalties were imposed by regulatory authorities.

(₹ करोड़ में) / (₹ in crore)

संस्था का नाम / Name of the Entity	विनियामक निकाय Regulatory Body	दंड की राशि (₹) Penalty Amount (₹)
आईडीबीआई बैंक लि. / IDBI Bank Ltd.	भारतीय रिज़र्व बैंक RBI	0.045
आईडीबीआई बैंक लि. / IDBI Bank Ltd.	भारतीय रिज़र्व बैंक RBI	0.007
आईडीबीआई बैंक लि. /IDBI Bank Ltd.	सेबी / SEBI	0.001
आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड / IDBI Intech Limited	-	शून्य /Nil
आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड / IDBI MF Trustee Company Limited	-	शून्य /Nil
आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.	-	शून्य /Nil
आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. / IDBI Asset Management Ltd.	-	शून्य /Nil
आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. / IDBI Capital Market Services Ltd.	-	शून्य /Nil
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. / IDBI Trusteeship Services Ltd.	-	शून्य /Nil

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसरण में, सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों के संबंध में कतिपय प्रकटन किए जाने आवश्यक हैं. बैंक उक्त अधिनियम के अंतर्गत अपने आपूर्तिकर्ताओं से उनके कवरेज़ के बारे में संबंधित जानकारी संकलित करने की प्रक्रिया में हैं. प्रबंधन की राय में, इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार देय होने वाले ब्याज, यदि कोई है, का कोई विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है.

Pursuant to the provisions of Micro, Small and Medium Enterprises Development Act, 2006, certain disclosures are required to be made relating to Micro, small & medium enterprise. The Bank is in the process of compiling relevant information from its suppliers about their coverage under the said Act. In view of the management, the impact of interest, if any, that may be payable in accordance with the provisions of this Act is not expected to be material.

10. आकस्मिक देयता* / CONTINGENT LIABILITY*:

क. दीर्घावधि संविदाएं

a. Long term contracts

बैंक में एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके जरिए आवधिक रूप से अनुमानित मूर्त हानियों के लिए डेरिवेटिव संविदाओं सहित सभी दीर्घावधि संविदाओं का आकलन किया जाता है. वर्ष के अंत में बैंक ने समीक्षा की है और सुनिश्चित किया है कि लेखा-बहियों में डेरिवेटिव संविदाओं सहित ऐसी दीर्घावधि संविदाओं पर अनुमानित मूर्त हानियों के लिए किसी भी कानून/ लेखा मानकों के अंतर्गत अपेक्षित पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

The Bank has a process whereby periodically all long term contracts including derivative contracts are assessed for material foreseeable losses. At the year end, the Bank has reviewed and ensured that adequate provision as required under any law/ accounting standards for material foreseeable losses on such long term contracts including derivative contracts has been made in the books of account.

ख. लंबित मुकदमों के लिए
b. For Pending litigations

बैंक के लंबित मुकदमों में मुख्य रूप से उधारकर्ताओं, ग्राहकों द्वारा बैंक के विरुद्ध किए गए दावे और आयकर प्राधिकारियों के पास लंबित कार्यवाहियां शामिल हैं. बैंक ने अपने सभी लंबित मुकदमों और कार्यवाहियों की समीक्षा की है और अपने वित्तीय विवरणों में, जहां कहीं आवश्यक है, पर्याप्त प्रावधान किए हैं और जहां लागू है, आकस्मिक देयताओं का प्रकटन किया है.
The Bank's pending litigations comprise of claims against the Bank primarily by the borrowers, customers and proceedings pending with Income Tax authorities. The Bank has reviewed all its pending litigations and proceedings and has adequately provided for where provisions are required and disclosed the contingent liabilities where applicable, in its financial statements.

आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में
In case of IDBI Asset Management Ltd,

i) कर-निर्धारण वर्ष 2012-13 के लिए आयकर विभाग ने धारा 143(3) के अंतर्गत दिनांक 27-02-2015 के अपने कर-निर्धारण आदेश के जरिए कुछ व्ययों की अनुमति नहीं दी थी जिससे हानि कम हो गई थी और आयकर अधिनियम की धारा 271(1)(सी) के अंतर्गत दांडिक कार्यवाही शुरू की. कंपनी ने उक्त कर-निर्धारण के विरुद्ध अपील फाइल की है. इस संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया है.
For the AY 2012-13 the Income Tax Department vide its assessment order under section 143(3) dated 27-02-2015 disallowed certain expenditures thereby reducing the loss and initiated penalty proceedings under section 271(1)(c) of the Income Tax Act. The Company has filed an appeal against the said assessment. No provision has been made in this regards.

ii) कर-निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए आयकर विभाग ने धारा 143(3) के अंतर्गत दिनांक 15-03-2016 के अपने कर-निर्धारण आदेश के जरिए कुछ व्ययों की अनुमति नहीं दी थी जिससे हानि कम हो गई थी और आयकर अधिनियम की धारा 271(1)(सी) के अंतर्गत दांडिक कार्यवाही शुरू की. कंपनी ने उक्त कर-निर्धारण के विरुद्ध अपील दायर की है. इस संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया है.
For the AY 2013-14 the Income Tax Department vide its assessment order under section 143(3) dated 15-03-2016 disallowed certain expenditures thereby reducing the loss and initiated penalty proceedings under section 271(1)(c) of the Income Tax Act. The Company has filed an appeal against the said assessment. No provision has been made in this regards.

iii) वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए एमवीएटी कर-निर्धारण में वैट विभाग ने आईडीबीआई एमएफ गोल्ड ईटीएफ योजना में स्वर्ण की खरीद पर अदा किए गए खरीद वैट के लिए दावा किए गए समंजन को अनुमति नहीं दी थी और कंपनी से ₹ 0.43 करोड़ की मांग की थी. कंपनी ने इस कर-निर्धारण के विरुद्ध भी अपील दायर की है. इस संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया है. वर्ष के दौरान अभ्यापत्ति के अंतर्गत ₹ 0.15 करोड़ का तदर्थ भुगतान किया गया है.
